किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 67 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 21 दिसम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

'I.N.D.I.A की बैठक में समोसा नहीं था', JDU सांसद का कांग्रेस पर तंज, कहा- चंदा मांग रही

नई दिल्ली. लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा से मुकाबले के लिए बने विपक्षी गठबंधन कठ.ऊकअ की चौथी बैठक पर जेडीयू सांसद सुनील कुमार पिंटू ने कहा कि यह बिना किसी गंभीर मुद्दे पर चर्चा किए खत्म हो गई. उन्होंने इसे चाय-बिस्किट वाली मीटिंग करार दिया और कहा कि बैठक में समोसा नहीं था. हालांकि इस बैठक में शामिल अन्य दलों इससे अलग बयान दिया था.

कांग्रेस नेता ने इसे सफल बताया था. अब बुधवार को जेडीयू सांसद सुनील कुमार ने कहा कि इस बैठक में तमाम बड़े नेता, मुख्यमंत्री मौजूद रहे; लेकिन कोई चर्चा नहीं हुई.

कांग्रेस के पास फंड की कमी, वो चंदा मांग रहे

समाचार एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हाल ही में कहा था कि उनके पास फंड की कमी है और वे 138 रुपये, 1380 रुपये या 13,800 रुपये का चंदा मांग रहे हैं. अभी तक चंदा आना बाकी है. इसलिए कल की बैठक बिना समोसे के केवल चाय और बिस्कुट पर खत्म हो गई. बैठक में किसी भी गंभीर मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई.

मोटर वाहनों पर 13.45 करोड़ से अधिक उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट लगाई : नितिन गडकरी

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण

चंडीगढ़,20 दिसम्बर : मई 1999 में केंद्रीय मोटर वाहन नियम (सीएमवीआर) तकनीकी स्थायी समिति ने सीएमवीआर में संशोधन के लिए कई सिफारिशें की थीं, जिसमें उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) से संबंधित सिफारिश भी शामिल थी। तदनुसार, केंद्र सरकार ने 22 अगस्त, 2001 के एसओ 814 (ई) और 16 अक्टूबर, 2001 के एसओ 1041 (ई) के माध्यम से एचएसआरपी लगाने के प्रावधानों को अधिसूचित किया, जिसे एसओ 6052 (ई) 06.12.2018 के द्वारा हटा दिया गया था। भारत में उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) विशेष लाइसेंस प्लेट हैं, जिन्हें वाहन पंजीकरण की सुरक्षा बढ़ाने और चोरी तथा धोखाधड़ी जैसे वाहन से संबंधित अपराधों को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है। इन नंबर प्लेटों में छेड़छाड़-रोधी बनाने और आसानी से पता लगाने योग्य



बनाने के लिए कई सुरक्षा विशेषताएं हैं।एचएसआरपी सहित मोटर वाहन घटकों की कीमत का निर्धारण या विनियमन एमवी अधिनियम 1988 और सीएमवीआर 1989 के दायरे में नहीं है।वाहन पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 14 दिसंबर, 2023 तक, कुल 13,45,10,172 एचएसआरपी ओईएम, उनके डीलरों और राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित एचएसआरपी निमार्ताओं, जैसा भी मामला हो, के माध्यम से मोटर वाहनों पर लगाई गई हैं। एचएसआरपी लगाने का उद्देश्य प्रवर्तन को मजबूत करना और सुरक्षा एवं संरक्षा में सुधार करना है, हालांकि इससे सरकार को कोई राजस्व नहीं मिलता है।सीएमवीआर 1989 के तहत, एचएसआरपी के निर्माण के लिए एमएसएमई सहित किसी भी कानूनी इकाई पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, बशर्ते कि नियम 126 में संदर्भित परीक्षण एजेंसियों से इस प्रकार का अनुमोदन प्रमाणपत्र प्राप्त किया गया हो। हालांकि, एचएसआरपी लगाने के लिए आपूर्ति सीएमवीआर 1989 के तहत नियम 50 के उप-नियम (1) के तहत विनियमित है।यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने आज राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में दी।

जिदगी में कोरोना की फिर एंट्री, यहां मास्क पहनना हुआ जरूरी

भारत में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 21 मई के बाद सबसे अधिक 614 मामले दर्ज किए गए जिससे उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 2,311 हो गई. वहीं कोरोना के नए वेरिएंट को देखते हुए चंडीगढ़ प्रशासन ने लिया

बड़ा फैसला लिया है. चंडीगढ़ में मास्क की वापसी हुई है. प्रशासन ने लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाके में मास्क पहनने की सलाह दी है. इतना ही नहीं भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचने की हिदायत भी प्रशासन ने दी है. वहीं, गाजियाबाद में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद अमित त्यागी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं. चंडीगढ़ प्रशासन ने अस्पताल जाने वाले मरीज और उनके तीमारदारों को मास्क पहनना जरूरी कर दिया है. बुखार जुकाम और सांस लेने में तकलीफ जैसे सिम्टम्स आने के बाद तुरंत डॉक्टर को दिखाना जरूरी हो गया है. अगर कोई व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया जाता है तो उसे तुरंत 7 दिन के लिए खुद को आइसोलेट होना जरूरी हो गया है. यह हिदायतें चंडीगढ़ प्रशासन ने लोगों के

सत्यम स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में एक दिवसीय रंगारंग वार्षिक मीडिया फेस्ट 'इग्नाइट- 2K23' का आयोजन

नोएडा। सत्यम स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में एक दिवसीय रंगारंग वार्षिक मीडिया फेस्ट 'इग्नाइट- 2K23' का आयोजन किया गया, जिसकी थीम 'सांस्कृतिक विविधता का उत्सव और आजादी को अमृत महोत्सव' था। इस मीडिया फेस्ट का उद्देश्य 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावनाओं को जागृत करने के लिए प्लैटफॉर्म मुहैया कराना था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सत्यम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चेयरपर्सन, ट्रस्टी और गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना से हुआ वही सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सुखमंच थिएटर के महमोहक नुक्कड़ नाटक से हुआ।

इस कार्यक्रम के अतिथियों में प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व प्रमुख कर्नल सिंह, जस्टिस आर. एन. मिश्रा, सरोज मिश्रा, भारतीय डाक सेवा अतिरिक्त सचिव ओंबिर सिंह, रेडियो जॉकी राहुल माकिन, गायक अवि राजपूत, निर्भया कांड की पैरवी करने वाली सुप्रीम कोर्ट की वकील सीमा कुशवाहा, फोर्टिस नॉएडा न्यूरोसर्जन डॉ. राहुल गुप्ता, रूचि अनुराग तेलांग आदि रहे।

इस अवसर पर सत्यम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चेयरपर्सन स्नेह सिंह और ट्रस्ट्री सेकेट्री प्रदीप गुप्ता ने इस फेस्ट के सफल आयोजन पर स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन के संचालकों और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया, उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्राओं में प्रतिसपर्धा की भावना जागृत होती है जो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की ओर मार्ग प्रशस्त करती है।

इस कार्यक्रम में ऐड मैड, हल्ला बोल (नुक्कड़ नाटक), सप्तक (सोलो सिंगिंग), वॉक ऑफ (फैशन शो), फुट लुज (सोलो डान्स), स्टेप अप (ग्रुप डान्स), अल्फाज (ओपन माइक) क्लिकोमेनिया (फोटोग्राफी) एवं रोलिंग रिल्स (मोबाइल फिल्म मेकिंग) की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

भारत ने 396 विदेशी और 70 घरेलू उपग्रहों का प्रक्षेपण किया :: डॉ. जितेंद्र सिंह

दैनिक समाज जागरण

जैतो,20 दिसम्बर(रघुनंदन पराशर): केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज कहा कि 2014-23 की अवधि के दौरान भारत द्वारा प्रक्षेपित किए गए विदेशी और घरेलू उपग्रहों की संख्या क्रमशः 396 और 70 थी,जबकि 2003-13 की अवधि के दौरान भारत द्वारा प्रक्षेपित विदेशी और घरेलू उपग्रहों की संख्या क्रमशः 33 और 31 थी।आज लोकसभा में एक लिखित उत्तर में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विज्ञान और प्रौद्योगिकी; प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री ने कहा कि 2014-23 के दशक के दौरान उपग्रह प्रक्षेपण से 15.7 करोड़

डॉलर और 26 करोड़ यूरो का राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि 2003-13 के दशक के दौरान यह आंकड़ा क्रमशः 1.5 करोड़ डॉलर और 3.2 करोड़ यूरो था।डॉ.जितेन्द्र सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष विभाग को आवंटित वार्षिक बजट वित्त वर्ष 2013-14 के 6,792 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 12,544 करोड़ रुपये हो गया है।उन्होंने कहा कि विभिन्न वैश्विक अनुमानों और समाचार आउटलेट्स के अनुसार, आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र की वृद्धि दर 6-8% रहने का अनुमान है।

दिल्ली की ठंड ने शिमला को किया फेल,

यूपी-बिहार और हरियाणा-पंजाब में सर्दी का सितम, बर्फीली हवाओं ने बिगाड़ा खेल

नई दिल्लीः मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ों पर हो रही लगातार बर्फबारी से राजधानी दिल्ली में ठिठुरन बढ़ने वाली है. गुरुवार को औसतन न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है. गुरुवार की सुबह 5 बजे 7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है. जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में हो रही बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में गलन और ठंड बढ़ रही है. बुधवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सयिस दर्ज किया गया है. जबकि जम्मू में 6.4 डिग्री, मसूरी में 6.8 डिग्री और शिमला में 9.2 डिग्री दर्ज किया गया.

राजधानी दिल्ली में गुरुवार को बादल छाए रहेंगे, जिसके चलते धूप बहुत हल्की होगी. इससे न्यूतम तापमान में और गिरावट आएगी. मैदानी इलाकों में तेजी से ठंड दस्तक दे रही है. पहाड़ों से मैदानी इलाकों में आने वाली सर्द हवाएं ठंड और बढ़ा रही हैं. मौसम विभाग ने दिल्ली सहित यूपी-बिहार जैसे राज्यों में अगले सप्ताह से शीतलहर की आशंका जताई है. मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं के चलते तापमान में और कमी आएगी.

मौसम विभाग के मुताबिक अगले 10 दिनों तक हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश से मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाया रहेगा.

जबकि दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में शीतलहर का प्रकोप रहेगा. मौसम विभाग का मानना है कि 25 दिसंबर के दिल्ली के तापमान में और कमी आएगी. 21 दिसंबर के मौसम की बात करें तो स्काईमेट वेदर की रिपोर्ट के मुताबिक लक्षद्वीप में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बिजली गिरने की संभावना है.

तमिलनाडु और केरल में 1 या 2 स्थानों पर हल्की बारिश संभव है. भारत के गंगा के मैदानी इलाकों में मध्यम से घना कोहरा संभव है. बिहार, ओडिशा, मेघालय और त्रिपुरा में मध्यम से हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान है. पिछले कुछ दिनों से लगातार पश्चिमी विक्षोभ की आमद हो रही है. हालाँकि, ये प्रणालियां केवल 12000 फीट या उसके आसपास की ऊंचाइयों तक के ही इलाकों को प्रभावित कर रही हैं. इन भागों में अच्छी बारिश हुई है. जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी दर्ज की गई है.

एक ताजा सिस्टम 22 दिसंबर को पश्चिमी हिमालय पर दिखाई देने के लिए तैयार है और 23 दिसंबर को भी इसका प्रभाव रहेगा. 24 तारीख को शेष प्रभाव की उम्मीद कर सकते हैं लेकिन 25 तारीख को मंजूरी मिलने की संभावना है. जिससे मैदानी इलाकों में कुछ बारिश हो सकती है. पिछली किसी भी प्रणाली ने मैदानी इलाकों को प्रभावित नहीं किया है. केवल मध्य और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की उम्मीद है. मनाली, श्रीनगर, डलहौजी और शिमला सहित निचले हिस्सों में बर्फबारी नहीं हो सकती है.

प्रमुख सचिव एम. देवराज की उपस्थिति में आज बृहद रोजगार मेले का होगा आयोजन

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में बृहद रोजगार मेले का आयोजन

20 दिसम्बर 2023 लखनऊ। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि आज प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 एम. देवराज एवं मिशन निदेशक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन रमेश रंजन की उपस्थिति में आज 21 दिसम्बर, 2023 को पूर्वाह्न 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज लखनऊ एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रोजगार मेले का किया जा रहा है। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम0 ए0 खाँ ने बताया कि बृहद रोजगार मेले में 60 से अधिक कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही है। रोजगार मेले में 6000 से अधिक रिक्तिया होंगी। जिन अभ्यर्थियों की आयुसीमा 18 से 40 तथा कौशल विकास प्रशिक्षण, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक एवं बी-टेक पास है वे ही रोजगार मेले में ही प्रतिभाग कर सकते है। वेतन 7700 से 27400 रुपए प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दी जायेगी।

इच्छूक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

रोड एक्सीडेंट करके भागे तो होगी 'लंबी' जेल, अस्पताल पहुंचाया तो ही राहत

नई दिल्लीः रोड पर एक्सीडेंट करके भाग जाने वालों की अब खैर नहीं है. केंद्र की मोदी सरकार ने रोड एक्सीडेंट करके भाग जाने वाले लोगों के लिए एक सख्त कानून बनाया है, जो जल्द ही लागू होने वाला है. अब आप रोड एक्सीडेंट करके भाग नहीं सकते हैं, ऐसा करने पर आपको सख्त सजा हो सकती है, क्योंकि इससे जुड़ा कानून लोकसभा से पास हो गया है. दरअसल, जल्द लागू होने वाले नए कानून के मुताबिक, रोड पर एक्सीडेंट करके भागने पर 10 साल की सजा होगी. हालांकि, कुछ राहत के भी प्रावधान हैं.

दरअसल, रोड एक्सीडेंट जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है और नए कानून के तहत अगर कोई शख्स रोड पर एक्सीडेंट करके भाग जाता है और घायल को सड़क पर ही छोड़ देता है तो उसे 10 साल की सजा होगी. वहीं, अगर एक्सीडेंट करने वाला शख्स, घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाता है तो उसकी सजा कम कर दी जाएगी. इस कानून की जानकारी गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में दी है.

पहले क्या था प्रावधान

बता दें कि पहले आईपीसी की धारा 104 के तहत सड़क दुर्घटना के दौरान लापरवाही से मौत या फिर जल्दबाजी या लापरवाही से हुई

मौत के अपराध में पहले 2 साल की कैद या जुमार्ना या फिर दोनों का प्रावधान था.

संसद में कल क्या हुआ

लोकसभा ने औपिनवेशिक काल से चले आ रहे तीन आपराधिक कानूनों के स्थान पर सरकार द्वारा लगाए गए विधेयकों को बुधवार को मंजूरी दे दी. सदन ने लंबी चर्चा और गृहमंत्री अमित शाह के विस्तृत जवाब के बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक, 2023 को ध्वनमित से अपनी स्वीकृति दी. ये तीनों विधेयक भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी),1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर लाये गए हैं.

अमित शाह ने क्या कहा?

विधेयकों पर चर्चा का जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा कि ह्यव्यक्ति की स्वतंत्रता, मानवाधिकार और सबके साथ समान व्यवहारह्न रूपी तीन सिद्धांत के आधार पर ये प्रस्तावित कानून लाये गए हैं. गृहमंत्री का कहना था कि आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव किया जा रहा है, जो भारत की जनता का हित करने वाले हैं. अमित शाह ने कहा कि इन विधेयकों के माध्यम से सरकार ने तीनों आपराधिक कानूनों को गुलामी की मानसिकता से मुक्त कराया है. उनका कहना था, ह्यपहले के कानूनों के तहत ब्रिटिश राज की सलामती प्राथमिकता थी, अब मानव सुरक्षा, देश की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई

अगले पांच दिन वाराणसी बढ़ेगी ठंड

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी समेत पूर्वांचल में ठंड में दस्तक दे दी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी ठंड से लोगों का हाल बेहाल है। वाराणसी, चंदौली और आसपास के जनपदों के लोग सर्द हवा से ठिठुरने लगे हैं। शहरी क्षेत्रों में जहां लोग घरों से देर से निकल रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोग धूप निकलने तक घरों में दुबके हुए हैं। दिन में जहां लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिल रही है। वहीं सुबह और रात में मौसम बदलने से लोगों की दुश्वारियां शुरू हो गई है। वहीं 22 दिसंबर से बनने वाला नया पश्चिम विक्षोभ खतरे की घंटी लेकर आया है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस बीच घने बादलों के साथ बारिश के आसार हैं, वाराणसी मंडल में इस समय रात का तापमान लुढ़क कर 8 डिग्री तक पहुंच गया है। हालांकि क्टऊने वाराणसी मंडल में अभी तक कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस सप्ताह मौसम साफ रह सकता है लेकिन नया पश्चिमी विक्षोभ अपना असर दिखा सकता है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 22 दिसंबर को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी हिमालय क्षेत्र में सक्रिय होगा। जिसके कारण बारिश होने के आसार हैं। हालांकि क्टऊने यह भी बताया है कि विक्षोभ के कारण वाराणसी मंडल में बारिश नहीं होगी। इसके कारण ठंड बढ़ेगा और तापमान में काफी तेजी से गिरावट होगी। अगले 5 दिनों में वाराणसी में 8 से 11 डिग्री एक न्यूनतम तापमान रहेगा और दिन का तापमान शुष्क रहेगा। सर्द हवाओं के कारण मौसम सर्द होगा और कड़ाके की ठंड पड़ने का पूवार्नुमान है।

IMD के मुताबिक, वाराणसी मंडल में दिन का तापमान शुष्क रहेगा। वही सर्द हवाओं से सुबह और रात में लोगों को परेशानी होगी। धुंध और कोहरे के भी बढ़ने के आसार हैं। वाराणसी की बात करें, तो यहां अभी 6 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही है। बुधवार की सुबह गाजीपुर और चंदौली में भी तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया और हवा 6 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही है। वहीं बनारस में भी तापमान किया 11 डिग्री और जौनपुर में तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया है।

क्राउड फंडिंग ' :नए जमाने में पुराना फण्डा

क्राउड फंडिंग ' एक लोकप्रिय फंडा है । इससे जनता द्वारा सीधे नगद सहायता हासिल की जाती है। क्राउड फंडिंग सोशल मीडिया पर बहुत बाद में चलन में आया लेकिन ये फण्डा है बहुत पुराना । किसी बीमार की मदद से लेकर देश की आजादी के आंदोलन तक के लिए समझदार लोगों ने क्राउड फंडिंग ' का फामूर्ला अपनाया है । साल 2023 के अंत में देश की सबसे पुरानी लेकिन सबसे कमजोर पार्टी कांग्रेस ने ' ' क्राउड फंडिंग ' का अभियान आरम्भ किया है।

देश में अधिकांश राजनीतिक दल या तो जनता के पैसे से चलते हैं या उद्योगपतियों के पैसे से । राजनीतिक दलों को जो पैसा देता है वो ही इन दलों का नीति नियंता भी हो जाता है। इसलिए महात्मा गाँधी जैसे लोगों ने जनता से पैसा लेना ज्यादा ठीक समझा। कालांतर में राजनीतिक दलों को धन संग्रह की समस्या से निबटने के लिए चुनावी बॉण्ड प्रणाली अपनायी गयी। वर्ष 2017 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से इसे वर्ष 2018 में लागू किया गय। चुनावी बॉण्ड दाता की गुमनामी बनाए रखते हुए पंजीकृत राजनीतिक दलों को दान देने के लिये व्यक्तियों और संस्थाओं हेतु एक साधन के रूप में काम करते है। चुनावी बॉण्ड केवल वे राजनीतिक दल ले सकते हैं जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत पंजीकृत हैं, या जिन्होंने पिछले आम चुनाव में लोकसभा या विधानसभा के लिये डाले गए वोटों में से कम-से-कम 1

फीसदी वोट हासिल किये हों।

चुनावी बॉण्ड के जरिये राजनितिक दलों ने खूब पैसा जमा किया। कांग्रेस समेत चार अन्य क्षेत्रीय दलों ने १२४५ करोड़ रुपए जमा भी किये लेकिन सबसे ज्यादा पैसा सत्तारूढ़ भाजपा को मिला। चुनावी बांड पहली बार वर्ष 2018 में जारी हुआ और तब से लेकर अब तक 11 बार जारी किया जा चुका है इसमें बांड खरीदकर आप किसी भी सियासी दल को पैसा दे सकते हैं. इस बांड पर कोई ब्याज नहीं मिलता। धन संग्रह की ये योजना जल्द ही अदालती फेर में पड़ गयी। सुप्रीम कोर्ट इन दिनों मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली 05 न्यायाधीशों की संविधान पीठ के जरिए राजनीतिक दलों के वित्तपोषण के लिए चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

इस बारे में अदालत चार याचिकाओं पर विचार करने वाली है. केंद्र सरकार की ओर से इस पर अपना पक्ष रखा गया है. 29 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में सौंपे गए एक हलफनामे में, केंद्र सरकार ने चुनावी बांड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं को संबोधित किया है। उन्होंने बताया कि अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने शीर्ष अदालत को बताया कि नागरिकों को चुनावी बांड के स्त्रोतों को जानने का सामान्य अधिकार नहीं है ।एक आधिकारिक आंकड़े के मुतबिक इलेक्टोरल बांड के जरिए अब तक 5851 करोड़ रुपये जुटाए जा चुके हैं। इस साल मई माह में 822 करोड़ रुपये के इलेक्टोरल बांड खरीदे गए। जनवरी से लेकर मई 2019 तक भारतीय स्टेट बैंक की विभिन्न शाखाओं के जरिये 4794 रुपये के बांड खरीदे गए. जबकि इससे पहले 2018 में 1000 रुपये की बांड खरीदी हुई थे।

दस साल से सत्ता से दूर कांग्रेस इस समय धन की कमी से जूझ रही है । भाजपा ने चुनाव इतना मंहगा कर दिया है की अब कांग्रेस जैसी पार्टी के लिए उसका सामना कठिन हो गया है । विपक्ष में होने की वजह से उसे चन्दा भी नहीं मिल पा रहा है । कांग्रेस को चंदा देने की चाहत रखने वाले लोग ईडी और सीबीआई से डरने लगे हैं। ऐसे में साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने फंड जुटाने के लिए 'क्राउड फंडिंग अभियान' शुरू किया है. कांग्रेस ने इसे 'डोनेट फॉर देश' नाम दिया है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 1 लाख 38 हजार रुपये दान कर इस अभियान की शुरूआत की। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 18 साल से ज्यादा उम्र का कोई भी व्यक्ति 138, 1380, 13800 या 1,38,000 रुपये का दान दे सकता है. दरअसल कांग्रेस 138 साल की यात्रा का जश्न मना रही है. इसलिए लोगों से 138 के गुणांक में चंदा देने की अपील की गई है। कांग्रेस का ये अभियान महात्मा गांधी के ऐतिहासिक 'तिलक स्वराज फंड' से प्रेरित है, जिसे 1920-21 में शुरू किया गया था। कांग्रेस के इस अभियान को लेकर भाजपा के पेट में मरोड़ हो रही है। भाजपा ने इसे लेकर कांग्रेस को घेरा है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि जिन्होंने 60 साल तक देश को लूटा, वो अब उसी देश से चंदा मांग रहे हैं। कांग्रेस का ऑनलाइन क्राउड फंडिंग "डोनेट फॉर देश",का मकसद एक बूथ के 10 घर तक दस्तक देने का है । राजस्थान में कांग्रेस की ओर से पिछले विधानसभा चुनाव 2018 से पहले क्राउड फंडिंग अभियान शुरू किया गया था।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी क्राउड फंडिंग अभियान में दान दिया। दान देने के बाद राहुल ने कहा कि प्रगतिशील भारत के लिए यह उनका योगदान है। इसी के साथ उन्होंने लोगों से भी अभियान का हिस्सा बनने के लिए आग्रह किया है। गांधी ने अपने दान की राशि सार्वजनिक नहीं की। क्राउड फंडिंग से कांग्रेस को फंड और क्राउड दोनों हासिल करना है । कांग्रेस को इस अभियान में कितनी कामयाबी मिलेगी कहा नहीं जा सकता ,क्योंकि इस समय देश तो राम नाम में डूबा हुआ है। राजनीतक दलों के पास जितनी राज्य सरकारें होतीं हैं उसे उतना ज्यादा पैसा मिलता ह। खुद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी राज्य सरकारों को राजनितिक दलों का एटीएम बता चुके हैं। इस समय भाजपा के पास सबसे ज्यादा और कांग्रेस के पास सबसे कम एटीएम हैं। आम आदमी पार्टी भी दो एटीएम की मालिक है। लेकिन समाजवादी पार्टी और बहुजन समा पार्टी के पास कोई एटीएम नहीं है।

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com

महावीर प्रसाद द्विवेदी

जीवन परिचय

महावीर प्रसाद द्विवेदी का जन्म सन् 1864 ई. में उत्तर प्रदेश के रायबरेली ज़िले के दौलतपुर गाँव में हुआ था। इनके पिता का नाम रामसहाय द्विवेदी था। कहा जाता है कि उन्हें महावीर का इष्ट था, इसीलिए उन्होंने अपने पुत्र का नाम महावीर सहाय रखा।

शिक्षा

महावीर प्रसाद द्विवेदी जी की प्रारम्भिक शिक्षा गाँव की पाठशाला में ही हुई। प्रधानाध्यापक ने भूल से इनका नाम महावीर प्रसाद लिख दिया था। हिन्दी साहित्य में यह भूल स्थायी बन गयी। तेरह वर्ष की अवस्था में अंग्रेजी पढ़ने के लिए यह रायबरेली के ज़िला स्कूल में भर्ती हुए। यहाँ संस्कृत के अभाव में इनको वैकल्पिक विषय फारसी लेना पड़ा। इन्होंने इस स्कूल में ज्यों-त्यों एक वर्ष काटा। उसके बाद कुछ दिनों तक उन्नाव ज़िले के 'रनजीत पुरवा स्कूल' में और कुछ दिनों तक फतेहपुर में पढ़ने के बाद यह पिता के पास बम्बई चले गए। बम्बई में इन्होंने संस्कृत, गुजराती, मराठी और अंग्रेजी का अभ्यास किया।

कार्यक्षेत्र

महावीर प्रसाद द्विवेदी जी की उत्कृष्ट ज्ञान-पिपासा कभी तृप्त न हुई, किन्तु जीविका के लिए इन्होंने रेलवे में नौकरी कर ली। कुछ दिनों तक नागपुर और अजमेर में कार्य करने के बाद यह पुनः बम्बई लौट आए। यहाँ पर इन्होंने तार देने की विधि सीखी और रेलवे में सिगनलर हो गए। रेलवे में विभिन्न पदों पर कार्य करने के बाद अन्ततः यह झाँसी में डिस्ट्रिक्ट सुपरिण्टेण्डेण्ट के ऑफि स में चीफ क्लर्क हो गए। पाँच वर्ष बाद उच्चाधिकारी से न पटने के कारण इन्होंने नौकरी से इस्तीफा दे दिया। इनकी साहित्य साधना का क्रम सरकारी नौकरी के नीरस वातावरण में भी चल रहा था और इस अवधि में इनके संस्कृत ग्रन्थों के कई अनुवाद और कुछ आलोचनाएँ प्रकाश में आ चुकी थीं। सन 1903 ई. में महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' का सम्पादन स्वीकार किया।

खुशी से बढ़कर कुछ नहीं है

बुढ़ापा ! आयेगा नहीं जनाब,
बुढ़ापा आ गया है पूरी तरह,
मानो या ना मानो पर चिंता,
मत करो अब भी हँसते रहो।

चिंता चिता से बढ़कर है,
उसे प्रश्रय देना ही नहीं है,
दुश्वारियाँ कितनी क्यों न हों,
खुशी से बढ़कर कुछ नहीं है।

पुष्प जैसा खिलना मुस्कुराना,
मुस्कुराकर सारे गम भुलाना,
लोगों से मिलना, खुश होना,
बिना मिले ही दोस्ती निभाना।

प्रेम से बोलो खुशियाँ मिलेंगी,
खुशियों से जीना आसान होगा,
परिवार समाज खुशहाल होगा,
जीवन का मकसद सुगम होगा।

विश्वास दर्पण की तरह होता है,
तोड़े तो पहले जैसा रूप नहीं,
जोड़े तो पहले जैसा अक्स नहीं,
विश्वास नहीं, जीना आसान नहीं।

जीवन में सफलता सदा संघर्ष
और अनुभव के बाद ही आती है,
और अनुभव जीवन में आये
उतार
व चढ़ाव के बहाने से आता है।
दिमाग को पढ़ाना अच्छा होता है,
पर दिल को सदा अनपढ़ रखना,
आदित्य दिल द्वारा भावनाओं से
कोई हिसाब किताब नहीं करना।

कर्नल आदि शंकर मिश्र,
आदित्य
लखनऊ

संजीव-नी

परछाई में तेरी रंग मिलाता हूं,

**परछाई में तेरी रंग मिलाता हूं,
तश्वीर में लहु का रंग
मिलाता हूं ।।**

**जिंदगी से तिरी तो गुजर ही गया ,
पर सांसों में तुझे हर पल पाता हूं ।
तस्वीरों पर तेरी पड़ गई बहुत धुंध ,
एहसासों उसकी धूल हटाता हूं।।**

**अलविदा कहा तेरी परछाइयों ने भी ,
पराया होकर पराया नहीं रह पाता हूं।**

**तेरा एहसास बडा इंद्रधनुषी जानम,,
तेरे ख्यालो में ही जिया जाता हूँ।।**

**तेरे सांसों की खुशबू से इतर,
और खुशबू नहीं सह पाता हूं ।.**

**कितने गुलशनों में भटका तेरे लिए
हसीन तुझसा फूल नहीं चुन पाता
हूं।**

**महकती आ जाओ कभी मेरी
ख्यालों में,
पूरी रतिया आंखों में गुजार जाता
हूं।**

**तेरी खुशबू से तरबतर हूँ अभी तक,
हसीन एहसास से ही शर्मा जाता हूं।।**

**बंदीशें से तुझ पर भी है बहुत,
संजीव,
हवाओं में तेरे नाम गजल लिख
जाता हूं।**

**संजीव ठाकुर, रायपुर,छ, ग,
9009 415 415**

गेंदालाल दीक्षित

गेंदालाल दीक्षित (जन्म- 30 नवम्बर, 1888, आगरा; मृत्यु- 21 दिसम्बर, 1920) भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। वह 'बंगाल विभाजन' के विरोध में चल रहे जन आंदोलन से बहुत प्रभावित हुए थे। उन्होंने क्रांति के लिए 'शिवाजी समिति' की स्थापना की थी। इसके बाद शिक्षित लोगों का एक संगठन बनाया और उन्हें अस्त्रों-शस्त्रों की शिक्षा प्रदान की।

परिचय

पंडित गेंदालाल दीक्षित का जन्म 30 नवम्बर सन् 1888 को ज़िला आगरा, उत्तर प्रदेश की तहसील बाह के मई नामक गाँव में हुआ था। उनके पिता का नाम पंडित भोलानाथ दीक्षित था। गेंदालाल दीक्षित की आयु मुश्किल से 3 वर्ष की रही होगी कि माता का निधन हो गया। बिना माँ के बच्चे का जो हाल होता है, वही इनका भी हुआ। हमउम्र बच्चों के साथ निरंकुश खेलते-कूदते कब बचपन बीत गया, पता ही न चला; परन्तु एक बात अवश्य हुई कि बालक के अन्दर प्राकृतिक रूप से अप्रतिम वीरता का भाव प्रगाढ़ होता चला गया। गाँव के विद्यालय से हिन्दी में प्राइमरी परीक्षा पास कर इटावा से मिडिल और आगरा से मैट्रीकुलेशन किया।

ग्लोबल वार्मिंग,

बड़े अमीर देशों के ऐशो आराम, शेष देशों का जीना हुआ हराम ।

संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था आई,पी,सी,सी, की ताजा रिपोर्ताज के अनुसार विश्व के अमीर देश अकेले ही 60% से ज्यादा उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं। जबकि इसका उल्टा गरीब देशों का कुल गैस उत्सर्जन का 12 से 14% ही है और स्थिति यह है कि विश्व ग्लोबल वार्मिंग की 1.5 डिग्री सेल्सियस से 2 डिग्री सेल्सियस तक ही सीमित करने से कोसों दूर हैं। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासि-ाक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े अमीर देशो द्वारा इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय और चौकाने वाली है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इस-ाके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60% तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43% से 50% तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जो सर्वाधिक खतरे के निशान से भी ऊपर है। फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के वजह से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें अपने उत्सर्जन को लगभग शून्य पर लाना होगा, और इस कार्य के लिए पूरी दुनिया को ऊर्जा क्षेत्र में बड़े और कार्यकारी बदलाव लाने होंगे, इसके अलावा जीवाश्म ईंधन के उपभोग में भारी कमी भी लानी पड़ेगी। विगत 3 वर्षों में अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों में जैसे सौर एवं पवन ऊर्जा साथी स्टोरेज बैटरी की लागत में आश्चर्यजनक गिरावट आई है जो लगभग गैस तथा कोयले की कीमत के बराबर हो गए हैं। कार्बन उत्सर्जन अभी 54% अधिक है। वास्तविक रूप से देखा जाए तो दुनिया के सब अमीर देश अकेले विश्व के कुल गैस उत्सर्जन के लिए बड़े जिम्मेदार पाए गए हैं। वैज्ञानिकों ने कहा है कि अगले आठ दस सालों में अपने गैस उत्सर्जन में कटौती को आधा यानी 50% से कम नहीं करती है तो वर्ष 2050 तक उसे शून्य स्तर पर लाना होगा, अगर ऐसा नहीं किया तो पृथ्वी को तबाह होने से कोई नहीं रोक सकता है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो भारत मोटे तौर पर ग्रीन हाउस गैसों के कुल वैश्विक उत्सर्जन में सहित 6.8 प्रतिशत का हिस्सेदार है। 1990 से लेकर 1920 तक भारत के ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में एक में 175% की बढ़ोतरी हुई है। 2013 से 2021 के बीच देश के प्रति व्यक्ति उत्सर्जन की मात्रा 17 फीसदी बढ़ी है, राहत की बात यह है कि अब भी भारत का उत्सर्जन स्तर जी-20 देशों के औसत स्तर से बहुत नीचे है। देश में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी 11% की है, भारत की कुल ऊर्जा आपूर्ति में जीवाश्म ईंधन आधारित प्लांट का योगदान 74% है। यदि कार्बन उत्सर्जन को रोका नहीं गया और जीवाश्म ईंधन के उपयोग की रफ्तार यही रही तो भारत सहित विश्व के अधिकांश देश अपनी धरती को बचाने में सक्षम नहीं होंगे।

**संजीव ठाकुर,
स्तम्भकार,चिंतक, लेखक, रायपुर
छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

प्रतिबंधित हो मानव बलि लेने वाली अंधविश्वास पूर्ण तंत्र-मंत्र विद्या

निर्मल रानी

भारतवर्ष एक ऐसा अद्भुत देश है जहां 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज देकर उसी देश के लोगों को यह भी समझा दिया जाता है कि यदि तीसरी पारी में सत्ता हासिल हुई तो देश को विश्व की तीसरी महाशक्ति बना देंगे। शायद इन्हीं 'राशन लाभार्थियों ' के बल पर ? जहाँ चंद्रयान छोड़े जा रहे हों विकास की नित नई गाथायें लिखने के दावे किये जा रहे हों। उसी देश में आज के आधुनिक व वैज्ञानिक दौर में अंधविश्वास व पाखंड से भरी ऐसे अनेक खबरें आये दिन सुनाई देती हैं जिन्हें देख पढ़ कर रूह काँप जाती है। इंसान यह सोचने के लिए मजबूर हो जाता है कि धर्म-आस्था व अंधविश्वास के इस घालमेल ने मनुष्य को कितना क्रूर,अमानवीय व हिंसक बना दिया है ? रोज कहीं न कहीं गांव-मुहल्ले के बलशाली लोग किसी न किसी गरीब परिवार के किसी व्यक्ति को खासकर महिला को चुड़ैल,भूतनी या डायन बता कर उसपर मनमाना अत्याचार करते हैं। किसी की पीट पीटकर हत्या कर दी जाती है तो किसी को रस्सियों या लोहे की जंजीरों से जकड़कर किसी पेड़ से बाँध दिया जाता है। उसे भूखा प्यासा रखकर प्रताड़ित किया जाता है। ऐसी अनेक पीड़िताओं के साथ दुष्कर्म भी किये जाते हैं। ऐसे मामलों में नाममात्र कार्रवाई भी होती है। परन्तु इस देश में जितना न्याय किसी गरीब को मिलता है यहां भी उतना ही न्याय किसी पीड़ित व प्रताड़ित व्यक्ति को भी मिलता है अर्थात नाममात्र या बिल्कुल नहीं।

इसी अंधविश्वास की श्रेणी में आती है तांत्रिक विद्या। इस विद्या पर भी धर्म व अन्धविश्वास का जामा चढ़ाकर हमारे देश में जमकर हैवानियत का खेल खेला जा रहा है। इसी की आड़ में बलात्कार,हत्या,धन ऐंठना,ब्लैक मेलिंग आदि न जाने क्या क्या हो रहा है। शत प्रतिशत झूठ व पाखंड पर आधारित तांत्रिक विद्या का इतना बड़ा प्रभाव क्षेत्र है कि प्रायः पढ़े लिखे लोग यहाँ तक कि मंत्री व अधिकारी भी किसी न किसी लालचवश इस जाल में फँस जाते हैं। देश में तमाम ऐसे तांत्रिक हुए हैं जिनकी पहुँच सत्ता के सर्वोच्च शिखर तक भी रही है। परन्तु चूँकि इस तरह की अंधविश्वास,झूठ व पाखंड पूर्ण विद्याओं को विज्ञान कोई महत्व नहीं देता, इसमें किसी तरह की नाममात्र तार्किकता व तर्कशीलता नहीं होती इसलिये झूठ आधारित इस स्वयंभू विद्या को जड़मूल से समाप्त करने में ही हमारे समाज का भला है। परन्तु बड़े आश्चर्य की बात तो यह है कि चुड़ैल,भूतनी या डायन तथा तांत्रिक विद्या के चक्करों में सदियों से उलझे हमारे देश की सरकारें भी इस 'नासूर ' रुपी अन्धविश्वास व पाखण्ड से देश को निजात नहीं दिला सकीं। इसका कारण भी बड़ा रोचक है। दरअसल सरकारें व इसमें शामिल तमाम शातिर नेता चाहते भी यही हैं कि देश की भोली भाली जनता इन्हीं बे सिर पैर की बातों में उलझी रहे। अंधविश्वास में डूबी रहे। विज्ञान,तर्क और शिक्षा की बात ही न करे। तंत्र मन्त्र और छू मन्तर के बल पर अपनी समस्याओं का समाधान तलाशे। ऐसा करने से अन्धविश्वास को बढ़ाने व संरक्षण देने वाले तमाम निठल्ले लोगों को रोजगार मिल जाता है। ऐसे लोगों पर धर्म की अफीम का गहरा रंग चढ़ता है। बाद में यही लोग 80 करोड़ लाभार्थियों की श्रेणी में आकर उस सत्ता के एहसानमंद होते हैं जिसने उन्हें मुफ़्त में राशन देने का वादा किया है।

परन्तु सत्ता के इस स्वार्थ और लोगों को अशिक्षित रखने के चलते इस देश में कुछ ऐसी घटनायें भी हो जाती हैं जिससे हमारे देश की न केवल बदनामी होती है बल्कि दुनिया यह भी सोचने के लिये मजबूर हो जाती है कि चंद्रयान छोड़ने वाले देश में आखिर हो क्या रहा है ? मिसाल के तौर पर गत दिनों कानपुर देहात के घाटम पुर इलाके के भदरस गांव की एक क्रूरतम घटना को लेकर एक अदालती फैसला आया जिसने तीन वर्ष पूर्व यानी 14 नवंबर 2020 की भयावह घटना की याद फिर ताजा कर दी। दरअसल कानपुर देहात के घाटम पुर इलाके के भदरस गांव में 14 नवंबर 2020 को छः वर्ष की एक मासूम बच्ची का अपहरण कर पहले उसके साथ रेप किया गया फिर उसकी हत्या कर दी गई थी। इतना ही नहीं बल्कि आरोपियों ने वहशीपन की सारी हदें पार करते हुए उसका कलेजा निकालकर रोटी के साथ खाया था। इस वहशीपन का कारण यह था कि किसी तांत्रिक ने एक दम्पति को बेटा पैदा करने के लिये यह उपाय बताया था। इसी मामले में स्थानीय अदालत ने चार दोषियों को सजा सुनाई है। तीन साल तक चली सुनवाई के बाद पिछले दिनों कानपुर देहात के अपर जिला जज शमीम रिजवी की अदालत ने आरोपी दंपती परशुराम व सुनैना को आजीवन कारावास और 20-20 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं दंपत्ति के भतीजे अंकुल और उसके साथी वीरेन को पूरे जीवन काल का कारावास और 45-45 हजार अर्थदंड का लगाया है।

यह इस देश की पहली घटना नहीं है। ऐसे तांत्रिकों के चक्कर में लाखों लोगों की जानें जा चुकी हैं,सामूहिक आत्म हत्याएं तक देश की राजधानी दिल्ली में हो चुकी हैं। परन्तु इन सबके बावजूद तांत्रिकों का व्यवसाय फल फूल रहा है। तांत्रिक विद्या व व्यवसाय का प्रचार करने वाले तमाम पोस्टर हैंडबिल पम्फलेट सार्वजनिक स्थानों,बसों ट्रेन्स पार्कों में यहाँ वहां चिपके देखे जा सकते हैं। इनमें उनके संपर्क नंबर और पता भी होता है। परन्तु सरकार व प्रशासन आँखें मूँद कर झूठ व मक्कारी आधारित इस व्यवसाय को फलते फूलते देखती रहती है। और देखे भी क्यों न ? जब स्वयं सरकार के मंत्री नींबू और हरी मिर्च लटकाकर टोटके करते फिरें, पूजा पाठ दुआ ताबीज का सहारा लेकर अवैज्ञानिकता को बढ़ावा देते दिखाई दें तो इसका मकसद साफ है कि ऐसे सभी अंधविश्वासी व पाखंडपूर्ण गतिविधियों को सरकार का संरक्षण हासिल है। और सरकार स्वयं चाहती है कि लोग आज के आधुनिक व वैज्ञानिक दौर में भी अंधविश्वास व पाखंड में उलझे रहें। अन्यथा एक कुशल,प्रगतिशील व वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाली सरकार को तो देशवासियों को अंधविश्वास व पाखण्ड से मुक्ति दिलाने व गरीबों की जान माल सुरक्षित करने हेतु पूरे देश में तंत्र मन्त्र विद्या और दूसरे सभी ढोंग,झाड़ा,तावीज,कण्डा आदि तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर देना चाहिए और लोगों को अंधविश्वास से दूर रखना तथा उनमें वैज्ञानिक सोच का संचार करना चाहिये।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

4354.45 मीट्रिक टन मक्का की हुई खरीद

योगी सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया से मक्का किसानों को किया गया 897.54 लाख का भुगतान

2090 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है मक्का का समर्थन मूल्य

लखनऊ, 20 दिसंबरः खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत मक्का की खरीद जारी है। एक अक्टूबर से अब तक 4354.45 मीट्रिक टन मक्का की खरीद हो चुकी है। योगी सरकार ने किसानों के लिए मक्का का समर्थन मूल्य 2090 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। योगी सरकार के कुशल प्रबंधन और पारदर्शी प्रक्रिया से मक्का किसानों को 897.54 लाख रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

कानपुर संभाग में 2153.50 मीट्रिक टन मक्का की खरीद

कानपुर संभाग में 22 क्रय केंद्रों से 2153.50 मीट्रिक टन और अलीगढ़ संभाग में अब तक 20 क्रय केंद्रों से 687.70 मीट्रिक टन मक्का की खरीद की गई है। लखनऊ में सात क्रय केंद्रों से 535.70 मीट्रिक टन, आगरा में 8 क्रय केंद्रों से 485.35 मीट्रिक टन, मेरठ संभाग में पांच क्रय केंद्रों से 245 मीट्रिक टन और आजमगढ़ में चार क्रय केंद्रों से 169 मीट्रिक टन मक्का की खरीद की जा चुकी है। अन्य संभागों में भी तेजी से मक्का खरीद जारी है।

किसानों को किया जा चुका 897.54 लाख का भुगतान

केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार निरंतर ही किसानों के विकास पर कार्य कर रही है। किसानों से जुड़ीं अनेक योजनाएं उन्हें सम्मान के साथ स्वावलंबी बनाने की तरफ अग्रसर हैं। सिर्फ मक्का की ही बात करें तो अब तक 897.54 लाख का भुगतान किया जुका है। सर्वाधिक भुगतान कानपुर संभाग के किसानों को किया गया है। यहां 385 किसानों को अब तक 450.08 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। वहीं अलीगढ़ के किसानों को 142.97 लाख का भुगतान किया जा चुका है। लखनऊ के किसानों को 111.96 लाख और आगरा के किसानों को 94.84 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।

ग्राफिक मॉनिटर, एलईडी वीडिओ वॉल सिस्टम समेत मॉडर्न इक्विप्मेंट्स का होगा राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन में उपयोग

-सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश में 'हर घर जल जीवन मिशन' के अंतर्गत सुदृढ़ीकरण व नवीनीकरण प्रक्रियाओं पर दिया जा रहा जोर

-नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने शुरू की प्रक्रिया, उपकरणों की स्थापना के लिए अनुभवी एजेंसियों को किया जाएगा कायार्वटन

-रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल प्रक्रिया के जरिए मांगे गए हैं आवेदन, राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यकारी निदेशक के दिशा-निर्देश में प्रक्रिया को किया जाएगा पूर्ण

लखनऊ, 20 दिसंबर। उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार प्रदेश में विकास के सभी मानकों पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। ऐसे में, प्रदेश में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित मानकों के पालन के साथ ही सुदृढ़ीकरण व नवीनीकरण प्रक्रिया को गति देने पर फोकस कर रही है। इस क्रम में, प्रदेश में हर घर जल जीवन मिशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन को ग्राफिक मॉनिटर सिस्टम व एलईडी वीडिओ वॉल सिस्टम समेत मॉडर्न इक्विप्मेंट्स से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीएम योगी के विजन के अनुसार, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने प्रक्रिया को शुरू करते हुए उपकरणों की स्थापना के लिए अनुभवी एजेंसियों की कार्य आवंटित किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस क्रम में, रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) प्रक्रिया के जरिए आवेदन मांगे गए हैं। राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यकारी निदेशक के देखरेख व दिशा-निर्देशन में इस प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा।

आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण व कमीशनिंग का कार्य पूर्ण करेगी एजेंसी

प्रक्रिया के अनुसार, ई-निविदा के जरिए आवेदन प्रस्तुत करने वाली अनुभवी एजेंसियों को दो बिडिंग फॉर्मेट्स टेक्निकल व फाइनेंशियल को पूरा करना होगा। इनके जरिए, जिस एजेंसी का निर्धारण राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन में ग्राफिक मॉनिटर सिस्टम व एलईडी वीडिओ वॉल सिस्टम समेत मॉडर्न इक्विप्मेंट्स से लैस करने के लिए होगा उसे कई कार्यों को पूर्ण करना होगा। इसमें आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, संचालन, कमीशनिंग व स्टाफ को ट्रेनिंग देने जैसे कार्य प्रमुख हैं। इसके जरिए डेल्टा मेक ग्राफिक डिस्प्ले सिस्टम की आपूर्ति और स्थापना का भी मार्ग प्रशस्त होगा जो कई मायनों में विशिष्ट होगा।

कई अन्य आधुनिक प्रणालियों को भी किया जाएगा लागू

राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा जिन आधुनिक प्रणालियों के विकास व उच्चीकरण प्रक्रिया को संस्थान में लागू किया जा रहा है उसमें वीडियो कॉन्फ्रेंस सिस्टम, एंप्लिफआयर, स्पीकर्स, लाउडस्पीकर्स, कॉम्पैक्स प्रेजेंटेशन स्विचर समेत कई उपकरण व गैजेट्स शुमार हैं। कुल 9 प्रकार के डिजिटल इक्विप्मेंट्स की खरीद को व्यापक स्तर पर पूर्ण किया जाएगा जिससे निगरानी प्रणाली को विकसित करने के साथ ही प्रचार-प्रसार के माध्यम को भी सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। इन सभी उपकरणों की उच्च गुणवत्ता व कार्यशैली निर्धारण समेत स्टाफ को इनके उचित रखरखाव व संचालन के लिए उचित प्रशिक्षण भी मिशन के स्टाफ को एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, मिशन में ग्राफिक मॉनिटर सिस्टम व एलईडी वीडिओ वॉल सिस्टम के कुशल संचालन के लिए सॉफ्टवेयर को भी आबद्ध किया जाएगा जिसकी वारंटी सिस्टम की स्थापना और स्वीकृति के दिन से एक वर्ष की अवधि तक के लिए होगी।

जनपद में 31 दिसंबर 2023 तक चल रहा है द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा।

जनपद के मा0 प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने अधिकारियों, कर्मचारियों व आम जनमानस को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई।

आम जनमानस को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक।

गौतमबुद्धनगर से 20 दिसम्बर, 2023 आम जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति संवेदीकृत करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर में 15 से 31 दिसंबर 2023 तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि विकासखंड दादरी में स्थित समाउद्दीनपुर ग्राम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा को लेकर जनपद के मा0 प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें मा0 मंत्री जी के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व ग्रामीण जनमानस को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई तथा सड़क सुरक्षा के संबंध में सभी उपस्थित जनों को संबोधित किया।

उन्होंने बताया कि द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत आज ट्रैक्टर ट्राली चालकों को रोककर उनके वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाई गई तथा दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट व चार पहिया वाहनों में चालक व सवारी बिना सीट बेल्ट लगाए पाए जाने पर ऐसे सभी वाहनों को रोककर उनको सड़क सुरक्षा यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया एवं फूल देकर भविष्य में नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित भी किया गया। इसी प्रकार ए.आर.टी.ओ. प्रशासन के द्वारा दनकौर में सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस को जागरूक किया गया एवं शपथ दिलाई गई। साथ ही व्यावसायिक वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का अभियान भी चलाया गया। सहायक संभागीय के परिवहन अधिकारी प्रर्वतन ने बताया कि द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जिलाधिकारी के नेतृत्व में कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार आगामी दिवसों में भी आम जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

युवाओं के लिए अपनी ताकत और सामर्थ्य प्रदर्शित करने का अवसर है सांसद खेलकूद प्रतियोगिता: सीएम योगी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ सीएम योगी ने बस्ती जनपद में किया सांसद खेलकूद महाकुंभ 3.0 का शुभारंभ

सीएम योगी ने कहा- उत्तर प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों के लिए बढ़ाए जा रहे कार्यक्रम, वैश्विक स्तर पर हमारे खिलाड़ी देश का नाम कर रहे रोशन

यूपी के हर गांव में खेल का मैदान होगा, हर मैदान के साथ एक ओपन जिम भी होगा: सीएम योगी

लखनऊ, 20 दिसंबर। सांसद खेलकूद महाकुंभ प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में आयोजित हो रहे हैं। यह हमारे युवाओं को अपनी ताकत और सामर्थ्य को प्रदर्शित करने का एक अवसर है। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता हो या खेलो इंडिया खेलो और फिट इंडिया मूवमेंट जैसे आयोजनों के माध्यम से देश में खेलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। हर एक जनपद में एक-एक खेल का सेंटर बनाने की कार्यवाही भारत सरकार के माध्यम से शुरू हुई है। उत्तर प्रदेश ने भी संकल्प लिया है कि खेल और खिलाड़ियों के लिए हम लोग अपने कार्यक्रम बढ़ाएंगे। हर गांव में खेल का मैदान होगा, हर मैदान के साथ एक ओपन जिम भी होगा। हर जनपद में स्टेडियम का निर्माण, हर विकास खंड स्तर पर एक मिनी स्टेडियम का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसी सामर्थ्य का परिणाम है कि वैश्विक स्तर पर हमारे खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बस्ती जनपद में सांसद खेल महाकुंभ 3.0 के शुभारंभ के अवसर पर कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का उत्तर प्रदेश आगमन पर स्वागत भी किया।

प्रदेश सरकार ने 500 खिलाड़ियों को दी है सरकारी नौकरी

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहन के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अब तक 500 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी है, जिसमें डिप्टी एसपी भी बनाया गया है तो नायब तहसीलदार का पद भी दिया गया है। साथ ही पुलिस की अलग-अलग श्रेणी में भर्ती की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। खेल कोटे के अंदर 500 नए पद निकल रहे हैं। खेल कोटे में 2 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था कर दी गई है। जो खिलाड़ी वैश्विक प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करेगा, सरकार उसको सरकारी नौकरी भी देगी और आजीवन उसके भरण पोषण की भी व्यवस्था करेगी। उन्होंने सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन खिलाड़ियों ने पदक जीते हैं उन्हें बधाई और जिन्होंने प्रयास किया है वो और अच्छा प्रयास करेंगे तो उन्हें अगले सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के साथ-साथ प्रदेश में अलग-अलग खेलों की लीग प्रतियोगिताओं में भागीदार बनने का अवसर प्राप्त होगा।

बस्ती का मेडिकल कॉलेज जेपी नड्डा की देन

सीएम योगी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और बस्ती के बीच संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि बस्ती से हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का विशेष संबंध है। ये जो मेडिकल कॉलेज आप देख रहे हैं, यह आपको तभी प्राप्त हुआ था जब नड्डा जी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री थे। आप सोचिए कि बस्ती में कोई मेडिकल कॉलेज की बात सोच सकता था। गोरखपुर में एम्स हो या बस्ती का मेडिकल कॉलेज, ये सभी नड्डा जी की देन है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी के समाधान के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री के रूप में उनका विजिट हुआ था, वे चिंतित थे लेकिन साथ-साथ उन्होंने प्रभावी कार्ययोजना बनाई और आज ये बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। यह बीमारी जिसने 40 वर्षों में पूर्वी उत्तर प्रदेश के 50 हजार बच्चों को निगल लिया था,आज उस बीमारी को हम पूरी तरह नियंत्रित करके उसका उन्मूलन कर चुके हैं और इसमें प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में आपकी महती भूमिका है। सीएम योगी ने बस्ती की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा कि बस्ती आज तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। आते समय हम मुंडेरवा चीनी मिल को देख रहे थे। कितनी अच्छी तरह से चीनी मिल चल रही है। हमारा किसान खुशहाल हो, नौजवान को रोजगार प्राप्त हो, महिलाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था हो और खिलाड़ियों के लिए इसी तरह के अच्छे आयोजन हों तो देश को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक सकता।

प्रधानमंत्री के संकल्प से जुड़ेगा हर भारतवासी

इससे पहले, सीएम योगी ने तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की जीत के लिए जेपी नड्डा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्ष के अंदर हम एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। ये नया भारत जिसमें 142 करोड़ लोगों को गौरव के साथ आगे बढ़ने और बिना भेदभाव के विकास की प्रक्रिया से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। चेहरा देखकर के नहीं गांव, गरीब, किसान, नौजवान, दलित, वंचित, पिछड़ा, महिलाएं इन सभी को शासन की योजनाओं में भागीदार बनाकर के उनके जीवन में परिवर्तन करने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि जब मोदी जी के हाथों में देश की सत्ता आई थी तब ये देश दुनिया की 12वीं अर्थव्यवस्था के रूप में जाना जाता था। ये हमारा सौभाग्य है कि एक यशस्वी नेतृत्व में आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुई है। जिस गति से भारत बढ़ रहा है, आने वाले तीन-चार वर्ष महत्वपूर्ण होंगे। इसमें भारत की अर्थव्यवस्था को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के प्रधानमंत्री के संकल्प से हर भारतवासी को जुड़ना है। अर्थव्यवस्था की मजबूत होने का मतलब हर चेहरे पर खुशहाली आना, हर एक के जीवन में परिवर्तन आना है।

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धरमपाल,प्रभारी मंत्री राकेश सचान, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, बस्ती के सांसद हरीश द्विवेदी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, क्षेत्रीय प्रभारी गोविंद नरायण शुक्ल, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी, जिला प्रभारी समीर सिंह, जिलाध्यक्ष विवेक आनंद मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, विधायक अजय सिंह, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी और रवि सोनकर उपस्थित रहे।

पीएम मोदी ने खेलों को इंडिया के दायरे से निकालकर भारत के दायरे में पहुंचाया: नड्डा

कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस नए भारत का निर्माण किया है, वो आज यहां नौजवानों में दिख रहा है। ये खेल महाकुंभ जिसकी शुरूआत तीन साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हुई थी। आज स्थान-स्थान पर खेल महाकुंभ हो रहा है और यह जानकर खुशी है कि एक लाख विद्यार्थियों और 50 हजार खिलाड़ियों के क्रम से प्रारंभ करते हुए आज लगभग साढ़े चार लाख विद्यार्थी और साढ़े तीन लाख खिलाड़ी इस महाकुंभ में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश को चलाने के लिए नेतृत्व, नीति, नीयत और कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। नौजवानों से पूछना चाहता हूं कि क्या कारण था कि 70 वर्षों में एशियन गेम्स में कभी भी इतने मेडल नहीं आए जो पिछले एशियन गेम्स में आ गए। क्या कारण था कि टोक्यो ओलंपिक्स के पहले भारत कभी भी ओलंपिक्स में इतनी बड़ी संख्या में मेडल्स नहीं ले सका। इसका कारण है कि मोदी जी ने भारत को इंडिया के दायरे से निकालकर भारत के दायरे में पहुंचा दिया है। जब मैं इंडिया कहता हूं तो खिलाड़ी कहां से आते थे। खिलाड़ी मुंबई से आते थे, बेंगलुरू, दिल्ली से आते थे, बड़े-बड़े शहरों और क्लबों के माध्यम से आते थे। प्रधानमंत्री मोदी जी के आने के बाद आज खिलाड़ी बड़े शहरों से ही नहीं गांव और कस्बों से निकलने लगे हैं। गरीब घरों के नौजवान ओलंपिक में भागीदारी कर रहे हैं। यह है नीति का परिवर्तन, यह है नेतृत्व की क्षमता और ये है नीयत का प्रदर्शन और ये है कार्यक्रमों का विश्लेषण। आपको जानकर खुशी होगी कि खेल में 2014 में सिर्फ 1219 करोड़ का बजट था, आज खेल में 3397 करोड़ का बजट है। 2014 से पहले कोई ओलंपिक पोडियम स्कीम नहीं थी, अब टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम बनी है। यानी लक्ष्य तय करके आगे बढ़ रहे हैं। इसमें खिलाड़ियों की फॉरेन ट्रेनिंग की व्यवस्था की गई है। वर्ल्ड स्टैंडर्ड के उपकरण भारत अपने खिलाड़ियों को उपलब्ध करा रहा है। ओलंपिक की तैयारी कर रहे खिलाड़ियों को भारत सरकार 50 हजार रुपए स्टाइपेंड दे रही है। 8 हजार खिलाड़ियों को ओलंपिक के लिए तैयार किया जा रहा है, जिसमें 5 हजार पुरुष और 3 हजार महिलाएं हैं। इनकी ट्रेनिंग के लिए 34 डिसिप्लिंस सेंटर बने हैं। उन्होंने भारत सरकार की खेलों से जुड़ी योजनाओं को उत्तर प्रदेश में पूरी ताकत से लागू करने के लिए योगी सरकार की तारीफ की। उन्होंने योगी सरकार की खेल योजनाओं की भी प्रशंसा की।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर व टाइम्स ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में आज 3 विद्यालयों में मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फेस 2 के तहत आपदाओं के प्रबंधन को लेकर छात्रों को दिया गया प्रशिक्षण।

गौतम बुद्ध नगर 20 दिसंबर 2023 उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा चयनित संस्था टाइम्स ग्रुप और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर के संयुक्त तत्वाधान में आज कंपोजिट विद्यालय बील अकबरपुर, रामगढ़ तथा स्मारक इंटर कॉलेज सफाबांद में मा० मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फेस-2 के अन्तर्गत टाइम्स ग्रुप के ट्रेनर्स अंकित, गौरव व धीरेंद्र त्यागी एवं अग्निशमन विभाग के द्वारा भूकंप, बाढ़, सर्पदंश, डूबने, आकाशीय बिजली, अग्निकांड, इत्यादि आपदाओं के प्रबंधन पर स्कूल के छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया व मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी ने बताया कि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व अपर जिलाधिकारी वि./रा. अतुल कुमार के मार्गदर्शन में जनपद में मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फेस-2 संचालित किया जा रहा है, जिसमें जनपद के 50 विद्यालयों में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न किया जाना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को आपदा के बारे में आपदा के प्रकार, आपदा को लेकर पूर्व तैयारी, आपदा के दौरान और आपदा के पश्चात क्या करें और क्या ना करें के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी एवं उसके साथ ही स्कूलों में स्कूल आपदा प्रबंधन योजना भी बनाई जाएगी, जिससे भविष्य में अगर कोई आपदा स्थिति बनती है तो प्रत्येक विद्यार्थी को आपदा से बचने के तरीके पता हो एवं वह जागरूक हो और वह फर्स्ट रिस्पांडर के तहत अपने आप और दूसरों को बचाने में मददगार साबित हो सके एवं आपदा से जन और धन हानि कम से कम हो सके। उक्त संस्था द्वारा जनपद के 50 विद्यालयों में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सौजन्य से सूचना विभाग

रामलला मंदिर निर्माण की प्रगति और अयोध्या के विकास का मुख्यमंत्री लेंगे जायजा

- मुख्यमंत्री गुरुवार को करेंगे अयोध्या का दौरा

अयोध्या, 20 दिसम्बर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लगभग साढ़े चार घंटा अयोध्या में रहेंगे। सीएम योगी यहां रामलला के भव्य मंदिर निर्माण की प्रगति और अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों का जायजा लेने के साथ ही समीक्षा बैठक भी करेंगे। साथ ही उनका यहां दर्शन-पूजन का भी कार्यक्रम है। इससे पहले मुख्यमंत्री 2 दिसम्बर को अयोध्या एयरपोर्ट का निरीक्षण करने केन्द्रीय मंत्रियों के साथ आये थे। इस माह में मुख्यमंत्री का दूसरी बार अयोध्या आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर से लगभग 11 बजे रामकथा हेलीपैड पहुंचेंगे, जहां से सबसे पहले वे हनुमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि परिसर में रामलला के दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद वे यहां हो रहे मंदिर निर्माण और अन्य विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। सीएम योगी सर्किट हाउस में अल्प प्रवास के बाद आयुक्त कार्यालय में दोपहर 1:30 बजे विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे तथा अगले चरण में संतों के साथ बैठक कर लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

अयोध्या की सड़कों पर तमिल, तेलुगू में भी लगाई जाएंगी निर्देश पट्टिकाएं

- मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए मार्गों पर लगाई जाएगी निर्देश पट्टिकाएं

अयोध्या, 20 दिसम्बर। अयोध्या के मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए मार्गों पर निर्देश पट्टिका लगाई जाएंगी। देश के विभिन्न भागों से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए यहां अलग अलग भाषाओं में पट्टिका लगाई जाएंगी। इनमें दक्षिण की तमिल, तेलुगू जैसी बडे पैमाने पर बोली जाने वाली भाषाओं में भी पट्टिकाएं होंगी। ये जानकारी अयोध्या पहुंचे एडीजी जोन पियूष मोर्डिया दी।

उन्होंने बताया कि प्रमुख मंदिरों की तरफ जाने वाले मार्गों को चिन्हित कर उन मार्गों पर यथासंभव यथा आवश्यकता के अनुसार श्रद्धालुओं के चलने के लिए योजना बनाई गई है। जिस मार्ग से पैदल यात्री जा सकें, उन मार्गों पर वाहनों को जाने से रोका जाएगा। यह भी निर्धारित किया जा रहा है कि जहां पर वाहनों के आने की आवश्यकता है, वहां वे इस प्रकार से आएं कि अन्य लोगों का आना-जाना बाधित न हो। मार्गों की आवश्यकता के अनुरूप प्लान तैयार किया जा रहा है। कुछ मार्गों पर ई-रिक्शा को बैन भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए अयोध्या के मार्गों पर अलग अलग भाषाओं में निर्देश पट्टिकाएं लगाई जाएंगी, जिससे कि श्रद्धालुओं को मंदिर जाने में दिक्कत ना हो। खासकर दक्षिण के राज्यों की भाषाओं में निर्देश पट्टिकाएं भी होंगी।

आगामी 24 दिसंबर को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह होगा आयोजित।

माननीय मंत्री ने दीक्षांत समारोह को लेकर सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।

गौतम बुद्ध नगर 20 दिसंबर 2023 आगामी 24 दिसंबर को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसको लेकर जनपद के प्रभारी एवं लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश के माननीय राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने आज गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा पहुंचे, जहां पर उन्होंने दीक्षांत समारोह को लेकर की जा रही तैयारियों एवं हेलीपैड का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल व हेलीपैड पर सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए।

माननीय मंत्री जी ने कहा कि आगामी 24 दिसंबर को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह को लेकर सभी अधिकारी गण आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था को लेकर अपने कार्य योजना बनाते हुए समय रहते सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, ताकि दीक्षांत समारोह को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा दीक्षांत समारोह को लेकर वर्तमान तक की गई कार्यवाही से माननीय मंत्री जी को अवगत कराया गया। इस अवसर पर ज्वाइंट सीपी आनंद कुलकर्णी, अपर जिला अधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह तथा प्राधिकरण, पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना

योजनाओं के लाभ से लोगों का वंचित होना लोकतंत्र पर था गंभीर प्रश्नः सीएम योगी

गोरखपुर, 20 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी यदि नागरिक शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित थे तो यह लोकतंत्र पर गंभीर प्रश्न था। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने इस बात का संकल्प लिया था कि बिना भेदभाव के शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र को प्राप्त होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की श्रृंखला का समवेत रूप है। योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थी इस यात्रा में अन्य लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

सीएम योगी बुधवार शाम को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के समीप आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो संदेश सुनने, सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का अनुभव (मेरी कहानी-मेरी जुबानी) सुनने और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पूरे देश में कार्यक्रम हो रहे हैं। इसके तहत जो लोग भी किन्ही कारणवश योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं, उन्हें योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, उज्ज्वला योजना, एलईडी बल्ब वितरण योजना, आयुष्मान भारत योजना, हर घर नल से जल योजना, जीवन ज्योति बीमा सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना जैसी अनेक योजनाएं करोडों लोगों की जीवन में खुशहाली का माध्यम बनी हैं।उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाकर हम सबको 2047 तक भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने के पीएम मोदी के संकल्प में अपना योगदान देना है।

दैनिक समाज जागरण को आगरा एवं मथुरा के लिए चाहिए, संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधी।।

पुणे की टीम ने टेसाही और कल्याणपुर को हराया

लखनऊ के बाद पुणे ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेई

किशनपुर` केपीएल सीजन 5 के मैच में बुधवार पासा एलेवन पुणे की टीम ने टेसाही बुजुर्ग और कल्यानपुर कानपुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में स्थान पक्का कर लिया है जहां पुणे की तरफ से सोनू गौतम ने पहले मैच में 120 रन और दूसरे मैच में 90 रन बनाए जिसे दोनों मैच में मैन आफ द मैच चुना गया

नागा बाबा स्पोर्ट स्टेडियम किशनपुर में केपीएल सीजन-5 के मुकाबले में बुधवार पहली मीटिंग पासा इलेवन पुणे और टेसाही के बीच मैच खेला गया जिसमें पुणे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 190 रन का स्कोर खड़ा किया जहां सोनू गौतम ने जबर्दस्त बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंद में 120 और शहनवाज ने 40 रन बनाए जवाब में बल्लेबाजी करने उसकी टेसाही की टीम मात्र 156 रन बना पाई टेसाही की तरफ से हसन मिर्जा ने सबसे अधिक 74 रन बनाए उसके बाद दूसरा मैच पांसा पुणे बनाम कल्याणपुर कानपुर के बीच खेला गया जिसमें पुणे पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 182 रन का स्कोर

खड़ा किया जिसमें फिर सोनू गौतम में सर्वाधिक 90 रन बनाए जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कल्याणपुर की टीम 143 रन ही बना सकी कल्याणपुर की तरफ से सलमान ने जबर्दस्त बल्लेबाजी करते हुए 100 रन बनाए परंतु टीम को जीत नहीं दिला सके जिस मुकाबले को फिर पुणे की टीम ने अपने नाम कर लिया जिसके बाद पुणे की टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली दोनों मैच में सोनू गौतम को मैन ऑफ द मैच दिया गया इस मौके पर अरविंद मिश्रा रोहित अग्रवाल विद्याकांत मिश्रा शालू यादव पम्मू मिश्रा मोहम्मद आसिफ तेज बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे

तीन माह पूर्व कुत्ते के काटने का अब हुआ असर, बालक की हालत गम्भीर

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। मलवा थाना क्षेत्र के कस्बे में बालक खेल रहा था। तभी उसको कुत्ते ने काट लिया जिसकी जानकारी परिजनों को होने के बाद भी परिजनी ने उस पर कोई तवज्जो नही दिया। उसका असर तीन माह बाद सामने आया। मौजूदा समय मे कुत्ते के काटने का असर बालक पर हो चुका है। जिससे बालक की हालत गम्भीर हो गई है अब परिजन उसको उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी धर्मेंद्र का 10 वर्षीय पुत्र अंशु तीन माह पूर्व मोहल्ले मे खेल रहा था। तभी उसको कुत्ते ने काट लिया कुत्ता काटने की जानकारी उसने अपने परिजनों को दिया। परिजनों ने कुत्ते के काटने को गम्भीरता से नही लिया शिर्फ झाड़फूंक कराकर भूल गए। उसको कही डॉक्टर के पास इलाज के लिए नही लेकर गए। कुत्ते के काटने का जब असर अंशू पर हुआ तो उसको अब इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसके परिजनों को कानपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए काफी देर समझाते रहे मगर डॉक्टर की बात का उन पर कोई असर नहीं हुआ कुछ समय पश्चात बालक को अपने साथ लेकर चले गए।

अल्टरनेटिव डिग्री के सहारे धड़ल्ले से चल रहें हैं क्लीनिक व पैथोलॉजी सेंटर

सीएमओ साहब : एक नजर फर्जी पैथोलॉजी और झोलाछाप डॉक्टरों पर

सुविधा शुल्क की अहम किरदारी की वजह से नहीं हो रही नटवरलालों पर कार्रवाई : सूत्र

दैनिक समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। जिले के अधिकांशतः चौराहों पर छोटे छोटे अल्टरनेटिव डिग्री लेकर जगह-जगह दुकान की तरह क्लीनिक, पैथोलॉजी खोलकर उसका संचालन फर्जी तरीके से कर ग्रामीण मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है बताते चलें कि बिना रजिस्ट्रेशन और सर्टिफिकेट के बेखौफ फर्जी झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा क्लीनिक और पैथोलॉजी लैब के नाम पर गरीब ग्रामीणों को लूटने का कार्य चल रहा है लंबे अरसे से क्लीनिक और पैथोलॉजी के नाम पर झोलाछाप डॉक्टर द्वारा ग्रामीणों की तबीयत से खिलवाड़ किया जाता है। झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा एलोपैथिक इलाज किया जाता है वही पैथोलॉजी में बिना पैथोलॉजिस्ट के मरीजों के खून पेशाब और अन्य प्रकार की जांच की जा रही हैं एवं लंबा बिल बना कर गरीब ग्रामीण को लूटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं बात दे कि तहसील मैं कुछ लैब रजिस्टर्ड हैं शेष लैब बिना पंजीयन के संचालित हो रही हैं। लेकिन इनका संचालन रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग गंभीर नहीं है। इन पैथालॉजी लैब का स्वास्थ्य विभाग में पंजीयन भी नहीं है। जबकि नर्सिंग होम एक्ट के तहत विभाग में लैब का पंजीयन होना जरूरी है। लेकिन अवैध तरीके चल रहे पैथोलॉजी सेंटर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं ब्लड कलेक्शन की आड़ में इन पैथोलॉजी में सभी प्रकार की जांचें की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जाने से लैब सेंटर मालिकों के हौंसले बुलंद हैं।

कलयुगी पत्नी और बेटो ने मारपीट कर अधेड़ को किया घायल

दैनिक समाज जागरण* जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर गाँव में कलयुगी पत्नी और दो पुत्रों ने मिलकर लाठी डंडो से मारपीट कर अधेड़ को घायल कर दिया। घायल अवस्था मे पीड़ित का भाई उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी स्व. शुक्खु के 55 वर्षीय पुत्र राम विशाल ने किसी बात को लेकर अपनी पत्नी मुलिया देवी को डाँट डपट दिया। जिसकी शिकायत उसने अपने पुत्र गोर लाल उर्फ रामु व दूसरे पुत्र श्यामू से किया तो दोनों पुत्र और पत्नी तीनों ने मिलकर राम विशाल को लाठी डंडो से मार पीट कर घायल कर दिया। जिसकी जानकारी पीड़ित के भाई शिव लाल और तीसरे पुत्र अनिल कुमार को हुई तो घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायल को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है। वही घायल के साथ जिला अस्पतल पहुंचे पीड़ित के भाई और पुत्र ने बताया कि पिता जी ने किसी बात को लेकर माँ को डांट दिया था। उसी को लेकर घर के अंदर दो भाई और माँ ने उनको मारने पीटने लगे तो वह बाहर भाग कर आये तो हम लोग छुड़ाकर उनको इलाज के लिए लेकर आये है।

विधायक ने जन चौपाल लगाकर सुनी जन समस्याएं

दैनिक समाज जागरण/अभय प्रताप सिंह

जहानाबाद/फतेहपुर। जहानाबाद क्षैत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल नै बुधवार को जहानाबाद के मोहल्ला कटरा चुनपुज स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र में जन चौपाल लगाकर जन समास्याएं सुनी और समास्याओ का समाधान करने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। जहानाबाद की विद्या देवी ने बताया कि पति की मृत्यू के बाद कुछ दंबग लोग कच्चे मकान मे कब्जा कर कर्मचारियों से साठ-गाठ कर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कराना चाहते है। जब कि उक्त दंबग के दो पक्के मकान पहले से बने हुए है और पात्र विद्या देवी, प्रियंका, गोपाल कुशवाहा के नाम सूची से काट दिया गया है। विधायक ने अधिशाषी अधिकारी से घर घर जांचकर पात्रो को आवास देने व अपात्रो को सूची से नाम हटाकर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। महाबीर निषाद ने मां अम्विका देवी मंदिर के पास सार्वजनिक शौचालय बनाये जाने व रजबहा (नहर) मे पानी लाने मांग की ।

राजस्व व पुलिस सम्वधी एक दर्जन शिकायत दर्ज कर सम्वन्धित अधिकारियों को निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान सभासद महेश कुमार चौरसिया, सतीश चंद्र गुप्ता, राजेश बाजपेई, गीता गुप्ता, देवरती निषाद, अभय पटेल, व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहम्मद असलम, विजय बहादुर उत्तम, अशोक गुप्ता, अशोक ओमर, छोटे लाल राजपूत, महावीर निषाद, अनिल श्रीवास्तव, मुबीन खां लिपिक आदि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

विजन ग्रुप कानपुर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी के प्रयोग पर परिचर्चा

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर नगर के द्विवेदी रेस्टोरेंट शादीपुर चौराहा फतेहपुर में शिक्षा के भविष्य तकनीकी के प्रयोग एवं मार्गदर्शन विषय पर विजन ग्रुप कानपुर द्वारा एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें तकनीक के प्रयोग द्वारा शैक्षणिक कार्य में किस प्रकार सुधार किये जा सकते हैं विषय पर जानकारी दी गई ' इस सेमिनार में नगर के प्रमुख इंटर कॉलेजो के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने भाग लिया ' परिचर्चा का शुभारंभ करते हुए विजन ग्रुप कानपुर के निदेशक ग्रुप कैप्टन राजीव वार्ष्णेय द्वारा बताया गया कि जहां अन्य क्षेत्रों में तकनीक का प्रयोग बहुत अच्छे तरीके से हो रहा है वहीं शिक्षा क्षेत्र ने अभी तकनीक के माध्यम को पूर्ण रूप से अंगीकार नहीं कर पाया है उन्होंने कई उदाहरण देकर समझाया कि शैक्षणिक कार्य में तकनीक के प्रयोग से उत्पादकता एवं शिक्षा का स्तर किस प्रकार बढ़ सकता है कमुख्य वक्ता विजन ग्रुप के सचिव श्री विशाल प्रियदर्शी पांडे ने तकनीक का प्रयोग करके लेसन प्लान,शिक्षा सामग्री और प्रेजेंटेशन बनाकर दिखाये ' इसे शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता बढ़ सकती है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कर करके प्रश्न ,उनके उत्तर उनकी विवेचना, परीक्षाफल एवं उसका विश्लेषण कर छात्रों की व्यक्तिगत कमजोरियों को पहचान कर सुधारात्मक कार्रवाई करने का तरीका बताया '

इस दौरान एक एप्लीकेशन का भी विमोचन किया गया जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित है यह सभी स्कूलों को निशुल्क उपलब्ध कराया गया ' सभी आमंत्रित अतिथियों का सम्मान कर धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ '

कायस्थ पाठशाला की बैठक का आयोजन आवास विकास कॉलोनी में किया गया

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर कायस्थ पाठशाला की बैठक का आयोजन आवास विकास कॉलोनी में किया गया। बैठक में अखिल भारतीय चित्राश महासभा के फतेहपुर जिलाध्यक्ष काली शंकर श्रीवास्तव ने 25 दिसंबर को प्रयागराज में होने वाले कायस्थ पाठशाला के मतदान पर चर्चा की और कायस्थ बंधुओ से डॉ सुशील कुमार सिन्हा को भारी मतों से विजई बनाने की अपील की।

उन्होंने कहा की कायस्थ पाठशाला का चुनाव हर पांच वर्ष में होता है और इस बार चुनाव में डॉ सुशील कुमार सिन्हा चुनाव मैदान में है, अगर वह जीतते हैं तो कायस्थों की सभी मांगे पूरी कि जाएगी।

वहीं एडवोकेट विकास श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव के बाद निर्धन गरीब

कायस्थों के बच्चों का चिन्हाकन करके छात्रवृत्ति दिलाने का काम किया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा की डॉ सुशील कुमार सिन्हा का संकल्प है की 70 वर्ष से ज्यादा उम्र वाले कायस्थ बुजुर्गो को 2000 प्रतिमाह पेंशन दिया जाएगा कार्यक्रम के में मौजूद विकास श्रीवास्तव एडवोकेट विनीत श्रीवास्तव एडवोकेट आदित्य श्रीवास्तव एडवोकेट सुनील कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट प्रशांत श्रीवास्तव एडवोकेट अचल श्रीवास्तव पिंटू श्रीवास्तव राघवेंद्र श्रीवास्तव नितिन श्रीवास्तव डॉक्टर शैलेश श्रीवास्तव अतुल श्रीवास्तव राम जी श्रीवास्तव आशुतोष श्रीवास्तव विनोद श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव संजय दादा पिंटू एवं राम जी सहाय एडवोकेट श्याम सुंदर श्रीवास्तव राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव प्रशांत श्रीवास्तव एडवोकेट राजू श्रीवास्तव शाहिद सैकड़ो कायस्थ मौजूद रहे ैजू

खेल प्रतियोगिता मे बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

खो-खो,कबड्डी,दौड़ मे किया प्रतिभाग

दैनिक समाज जागरण/ऋषभ कुमार

चौडगरा फतेहपुर मलवा विकास खंड के वानी इंटरनेशनल एकेडमी अलीपुर में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन किया गया।बच्चो ने दौड़,कबड्डी,खो खो मे प्रतिभाग किया और प्रतिभा दिखाई।प्रथम दिवस बुधवार को खेल प्रतियोगिता का विद्यालय कि संस्थापिका संतोष सिंह एवं कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के प्रतिनिधि राजू उमराव ने मशाल जलाकर किया।400 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में रिचा मोर्य प्रथम,उर्वशी

द्वितीय,भावना तृतीय,बालक वर्ग में शिवांश प्रथम,सौरभ द्वितीय,प्रियांशी तृतीय,बालिका कबड्डी में ग्रीन हाउस प्रथम,ब्लू हाउस द्वितीय,रेडक्रॉस तृतीय,बालक कबड्डी में ब्लू हाउस प्रथम,रेड हाउस द्वितीय,येलो हाउस तृतीय रहे।खो-खो में ब्लू हाउस प्रथम,येलो द्वितीय,ग्रीन तृतीय रहे।200 मीटर दौड़ में माही उत्तम प्रथम,हर्षिता पाल द्वितीय, विद्यांशी तृतीय रही। डायरेक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह,प्रबंधक वीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य शिवेंद्र कुमार, डॉ. रामशरण सिंह, ध्रुवेंद्र सिंह,संजय मौर्य आदि रहे।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कार्यकताओं में भरा जोश

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। जसराना विधानसभा के कस्बा मुस्तफाबाद में समाजवादी पार्टी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आए सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कार्यकताओं को संबोधित किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं भाजपा सरकार पर जमकर बरसे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा लोकसभा में हुए हमले को लेकर जब विपक्षी सांसदों ने सवाल किया तो जवाब देने के बजाय उन्हें निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान एवं लोकतंत्र को खत्म करने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा सवाल पूछने या विरोध करने पर ईडी और सीबीआई को पीछे लगा दिया जाता है। वही प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं होने की बात कही। उन्होंने कहा गरीब किसान नौजवान

लाचार और बेरोजगार घूम रहा है। उन्होंने कहा कि अखिलेश द्वारा दिया गया पीडीए का नारा जल्द ही साकार होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं एवं जनता के बल पर 2024 में केंद्र की मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम होगा। उसके बाद प्रदेश से बाबा की सरकार खुद ही चली जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार प्रदेश में चरम पर है। जहां पूर्व में लेखपाल की हैसियत 100 और 200 की हुआ करती थी वही आप कीमत हजारों में पहुंच गई है। इस दौरान जसराना विधायक इंजीनियर सचिन यादव ने शिवपाल सिंह यादव एवं पूर्व सांसद अक्षय यादव का स्वागत और सम्मान किया। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व विधायक रामप्रकाश यादव एवं संचालन मीना राजपूत ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रशिक्षण के लिए भेजे गए साठ किसान

डीडीए ने हरि झंडी दिखा रवाना किया बस

दैनिक समाज जागरण/ऋषभ कुमार

फतेहपुर।परंपरागत कृषि विकास योजनान्तार्गत जनपद फतेहपुर से कृषक प्रशिक्षण के लिए साठ किसानो का जत्था बुधवार को कृषि भवन लखनऊ बाईपास के पास से राजकीय कृषि विद्यालय चिरगांव झाँसी प्रशिक्षण हेतु भेजा गया।किसानो की बस को उपनिदेशक कृषि प्रसार राममिलन सिंह परिहार व एस.डी.ओ.कृषि प्रसार रंजीत चौरसिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कृषि विभाग की सर्विस प्रोवाइडर संस्था ईश एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड इंदौर मध्य प्रदेश के प्रोजेक्ट हेड शुद्धात्मा जैन,प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर जितेन्द्र सिंह,अनिल मिश्रा,फील्ड ऑफिसर अरविन्द कुमार,विवेक सिंह आदि रहे।

जिलाधिकारी सी.इंदुमती ने विकास खंड भिटौरा के रारा गौशाला का निरीक्षण किया

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर आज जिलाधिकारी महोदया श्रीमती सी.इंदुमती ने विकास खंड भिटौरा के रारा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौवंश हेतु भूषा, दाना, हरा चारा, पशु आहार, पानी आदि को देखा। गौवंशो को गुड़, केला खिलाया और ठंड से बचाव हेतु जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों द्वारा बनाए गए काऊ कोट गौवंशो को पहनाया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि गौवंशो को ठंड से बचाव हेतु 550 काऊ कोट दिए गए है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वर्मी कम्पोस्ट खाद की जानकारी ली और कहा कि खाद तैयार कर बाजार में सही मूल्य दिलाया जाय ताकि स्वयं सहायता समूह की महिलाओ की आमदनी बढ़ सके। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि पशुचर की खाली पड़ी जमीन में अभी तक हरा चारा की बुआई अभी तक नही हुई है, में जल्द से जल्द बुआई कराई जाय । उन्होंने कहा कि गौशाला में निरीक्षण पंजिका बनाने के निर्देश संबंधितो को दिए। प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि गौवंशो के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाय समय समय पर टीकाकरण, स्वास्थ्य चेकअप किया

जाय, साथ ही जो गौवंश ईयर टैगिंग से बचे है शत प्रतिशत ईयर टैगिंग किया जाय। गौशाला में 570 गौवंश पाए गए जिसमे 346 गाय, 224 नन्दी पाए गए। प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि 116 गाय मुख्यमंत्री सहभागिता योजनांतर्गत जरूरतमंद लोगों को दुधारू गाय दी गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को मुख्यमंत्री सहभागिता योजनांतर्गत गाय दी जाय।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक, तहसीलदार सदर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खंड विकास अधिकारी भिटौरा, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी, ग्राम प्रधान सहित संबंधित उपस्थित रहे।

ट्रक का टायर फटने से ट्रक में लगी आग

दैनिक समाज जागरण/अभय प्रताप सिंह

जहानाबाद/ फतेहपुर- जहानाबाद हाईवे पर गिट्टी लेकर जा रहे ट्रक का अगला पहिया फट जाने से अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया, और उसमे आग लग गई, ट्रक चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई,सूचना मिलते ही मौके पर पीआरवी ने पहुंच कर फायर ब्रिगेड को सूचना दी स्थानीय जहानाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई,पर जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तब तक ट्रक को आग ने अपने आगोश में ले चुका था फिर भी काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जन हानि तो कोई हुई नही पर ट्रक जल कर खाक हो गया।ट्रक चालक के अनुसार गिट्टी लाद कर फैजाबाद जा रहा था रास्ते में ये हादसा हो गया।

एसपी रेलवे ने जीआरपी थाने का किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

समाज जागरण - बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। पुलिस अधीक्षक रेलवे आदित्य लांग्हे ने बुधवार को थाना जीआरपी का वार्षिक निरीक्षण किया। उनको गार्ड आफ आनर दिया गया। उन्होंने सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया।

एसपी के स्टेशन पहुंचने पर उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया। बाद में उन्होंने सलामी गार्द का निरीक्षण किया। सलामी गार्द में शामिल अधिकारी कर्मचारियों का टर्न आउट ठीक पाया गया। तत्पश्चात उन्होंने महिला हेल्प डेस्क व आगन्तुक रजिस्टर चैक किये। गये। सीसीटीएनएस सम्बन्धित दस्तावेज उन्होंने चैक किये।

थाना कार्यालय की साफ सफाई, अपराध, विवेचना, वाँछित, मालखाना मशरुका, इण्डेक्स हिस्ट्रीशीट तथा रजिस्टर 8 को चैक किया। जिनका रखरखाव

संतोषजनक पाया गया ।

बाद में पुरुष बंदीगृह, कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। साफ-सफाई ठीक पाये जाने पर सराहना की। शस्त्रागार में रखे सभी शस्त्रों की साफ-सफाई व रखरखाव को चैक किया। साथ ही थाने पर उपस्थित निरीक्षक, उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी एवं आरक्षियों से वेपन हेण्डलिंग कराई। बाद में रेलवे पार्सल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया।प्रभारी निरीक्षक को ट्रेनों व रेलवे स्टेशन पर होने वाले अपराध की रोकथाम हेतु वाँछित, पुरुस्कार घोषित व वारंटी अपराधियों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी, व अपराधियों के डॉजियर भरवाने,लम्बित विवचनाओं के निस्तारण, प्रभावी पैरवी, माल निस्तारण तथा अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण रखने के निर्देश दिए।

कांग्रेस की यूपी जोड़ो यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले बिजनौर के सभी कांग्रेसी - अरमान सैफी व मोहम्मद सैफ

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण

बिजनौर शेरकोट कांग्रेस पार्टी की यूपी जोड़ो यात्रा को जिला बिजनौर में सफल बनाने के लिए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला उपाध्यक्ष अरमान सैफी, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश सचिव मोहम्मद सैफ, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला सचिव सैफ मंसूरी ने जिला बिजनौर के सभी कांग्रेसियों से एकजुट होकर यूपी जोड़ो यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर इस यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया है। मोहम्मद अरमान सैफी ने कहा कि 22 दिसंबर को बिजनौर के बैराज रोड पर यात्रा पहुंचेगी जिसमें जिला बिजनौर के सभी कांग्रेसियों को बढ़

चढ़कर वहां पहुंचना है और यात्रा में आए सभी नेताओं का जोर शोर से स्वागत करना है, वही मोहम्मद सैफ ने बताया कि कांग्रेस की यूपी जोड़ो यात्रा बुधवार को सहारनपुर से शुरू होगी इस यात्रा में 300 से ज्यादा नेता मौजूद रहेंगे और इस यात्रा में 161 स्थान पर नुक्कड़ सभाएं होंगी। जिसमें भाजपा सरकार की गलत नीतियों के विरोध में और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने की रणनीति के तहत यूपी जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। वही सैफ मंसूरी ने बताया की उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से यात्रा का शुभारंभ होने के बाद विभिन्न जिलों से होते हुए 18 दिन बाद लखनऊ पहुंचेगी, जिसको लेकर मोहम्मद सैफ ने सभी कांग्रेसियों से अपील की है कि वह यात्रा के अंत तक यात्रा में शामिल होकर जिला बिजनौर का नाम ऊंचा करे

ट्रक की टक्कर से चार पहिया वाहन चालक की मौके पर मौत

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बेरा गढ़ीवा गाँव के समीप ट्रक ने चार पहिया वाहन को टक्कर मार दिया। जिससे चार पहिया वाहन चालक की मौके पर मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्यवाई कर रहीं है। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थानां क्षेत्रं के सहनीपुर गाँव व हाल मोकाम सदर कोतवाली क्षेत्र के रेयाज कालोनी गढ़ीवा मोहल्ला निवासी रज्जन पाण्डे का 45 वर्षीय पुत्र सचिन पाण्डे उर्फ सुनील पाण्डे अपने ब्यवसायिक कार्य से चार पहिया वाहन से लखनऊ गया था। वहाँ से जब वह वापस आ रहा था तभी हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बेरा गढ़ीवा गाँव के समीप ट्रक ने उसके चार पहिया वाहन को टक्कर मार दिया। जिससे सचिन गम्भीर रूप से घायल हो गया जबतक उसको कही इलाज के लिए लेकर जाते उससे पहले ही उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने ई रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

साहनपुर नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने सफाई व्यवस्था को लेकर घर-घर कूड़ा कचरा उठाने के लिए तीन नई ई रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया उन्होंने बताया कि यह ई रिक्शा नगर पंचायत साहनपुर में गली-गली मे सायरन बजाकर कूड़ा कचरा उठाएंगी उन्होंने साथ-साथ साहनपुर मे सुखा व गिला कूड़ा इकट्ठा करने के लिए हरे व नीले रंग के डस्टबिन बांटे और खुर्शीद मसूरी ने कस्बे के लोगों से अपील की कि वह कूड़ा इकट्ठा कर कूड़े की ही गाड़ी में डाले और अगर किसी भी सफाई

कर्मी से किसी तरह की कोई परेशानी होती है तो वह तुरंत उन्हे सूचित करें वह समस्या का समाधान करायेंगे वह साहनपुर नगर पंचायत में लाइब्रेरी की सुविधा व मीटिंग हॉल का निर्माण करा रहे हैं वह साहनपुर को डिजिटल साहनपुर बनाने में जी तोड़ मेहनत कर रहे है वह साहनपुर में जगह-जगह नीम व कई तरीके के खूबसूरत पौधारोपण कर रहे हैं जिससे साहनपुर में शुद्ध वातावरण व हरियाली रहे रात्रि के समय साहनपुर की सुंदरता देखकर मन को मोह लेती है उन्होंने साहनपुर कस्बावासियो से अपील की कि वह साहनपुर को सुंदर बनाने में उनका सहयोग करें

एसडीबी पब्लिक स्कूल में स्काउट गाइड शिविर का हुआ आयोजन

राष्ट्र सेवा सर्वोत्तम सेवा है - प्रमोद वार्ष्णेय

दैनिक समाज जागरण

बिसौली आई एम खान। एसडीबी पब्लिक स्कूल में स्काउट गाईड शिविर का आयोजन हुआ। स्काउट गाईड के डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर (डीटीसी) सत्यपाल गुप्ता के नेतृत्व में तीन दिवस तक चले कैंप में विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण, राष्ट्र सेवा, समाज सेवा, धैर्य, वफादारी एवं व्यक्तित्व निर्माण के विषय में बताया गया। प्रथम दिवस छात्र छात्राओं को स्काउट का वृहद इतिहास एवं स्काउट की विशेषताएं, द्वितीय दिवस नगर भ्रमण, निशानों का अनुसरण करते हुए पथ पहचानना तथा तृतीय दिवस विद्यार्थियों ने सुंदर सुंदर टोलियां बनाई। जिसमें विशेष प्रकार की झांकियां बनाई गईं। लक्ष्मी बाई टोली, नायिका देवी टोली, पद्मावती टोली, इंदिरा गांधी टोली, बजरंग दल टोली,

मोदी टोली, भगत सिंह टोली इत्यादि प्रमुख रहीं। मुख्य अथिति डा. प्रमोद कुमार वार्ष्णेय प्राचार्य दमयंती राज आनंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय व डा. राजेश कुमार रहे। मुख्य अथिति ने प्रत्येक टोली का निरीक्षण कर बच्चो को उज्जवल भविष्य की शुभकानाएं देते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा सर्वोत्तम सेवा है। हमें राष्ट्र निर्माण में सहभागिता करनी चाहिए। विद्यालय के डायरेक्टर अखिलेश वार्ष्णेय ने कहा कि विधार्थी जीवन में चरित्र का निर्माण होता है, प्रत्येक विधार्थी को अपने चरित्र को पूंजी मानते हुए उसका निर्माण करना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू एल बत्रा ने सभी बच्चों, स्टाफ तथा मुख्य अथिति को धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर कविता कथूरिया, साईदा बी, श्वेता शर्मा, स्वाती अग्रवाल, सुजीत सिंह, प्रियेश शंखधार, विष्णु वार्ष्णेय, निशांत, संजय कुमार, मोहिनी, तनु, गायत्री, प्रिया सिंह अनमोल सिंह, पवन शर्मा, कृति शर्मा, सौम्या, यशपाल परमार, रोमा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश ठाकुर ने किया।

भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद को खत्म कर विकास की परिभाषा को बदला है - राजीव कुमार गुप्ता

मोदी सरकार की आमजन लोग के प्रति स्वास्थ्य की चिंता साफ झलकती है - महेश चंद्र गुप्ता

दैनिक समाज जागरण

बदायूँ आई एम खान। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में जगह - जगह ग्राम पंचायत स्तर पर हुए जिसमें एलडी वैन के माध्यम से योजनाओं को दिखाया गया साथ ही भाजपा जनप्रतिनिधियों व कार्यकताओं ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगो को अवगत कराया।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने ब्लॉक बिसौली के पपगांव में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद को खत्म कर विकास की परिभाषा को बदला है, इससे दुनिया के दूसरे देशों का देखने का नजरिया बदला है। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने ब्लॉक सालारपुर के वनगढ़ गांव में कहा कोविड काल में जिस

तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक नागरिक के लिए निशुल्क रूप से टीका लगवाने का प्रावधान किया, उससे उनकी आमजन के प्रति स्वास्थ्य की चिंता साफ झलकती है। यही नहीं कोरोना काल में अन्य देशों को भी टीके की सप्लाई की गई। जिला पंचायत अध्यक्षा वर्षा यादव ने ब्लॉक उझानी के गांव में सरौता गांव में कहा यह विकसित भारत यात्रा ग्रामीण क्षेत्र विकसित, योजनाओं का लाभ देने में अहम साबित हो रही है, और मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान भी होगा।

मानवता की रक्षा के लिए प्रभु मानवरूप में अवतरित होते हैं - फादर पी विक्टर

सेंट जॉन्स स्कूल में धूमधाम से क्रिसमस-पर्व मनाया गया

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर,जौनपुर में शीतावकाश के पूर्व क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया।कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने अतिथियों एवं

उपस्थित जनसमूह का स्वागत किया तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों के साथ दीप प्रज्वलित किया।कक्षा तीन के छात्रों ने प्रार्थना-नृत्य किया।सिस्टर सेबेस्टिना

ने अपने उद्बोधन में क्रिसमस का संदेश दिया।स्कूल क्वॉयर ग्रुप ने कैरल साँग प्रस्तुत किया।कक्षा तीन और चार के छात्र-छात्राओं ने प्रभु येसु के जीवन पर आधारित लघुनाटिका प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।कक्षा एक एवं दो के नन्हे मुन्नों ने क्रिसमस नृत्य से सबका मन मोह लिया।विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने विद्यार्थियों, शिक्षकों,कर्मचारियों एवं अभिभावकों को क्रिसमस पर्व की बधाई देते हुए कहा कि प्रभु का धरा पर मानवरूप में अवतरण मानवता की रक्षा के लिए ही होता है।मानवता तो भारत की आत्मा है जो समस्त विश्व के सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाती है।हमें अपने माता-पिता,गुरुजनों एवं वृद्धजनों का आदर करना चाहिए।अपने देश एवं परिवार पर गर्व करना अच्छी बात है पर अभिमान करना गलत है।अभिमान आध्यामिक एवं भौतिकरूप से पतित कर देता है।इस पतन से बचना है तो विनम्र होना पड़ेगा।विनम्र व्यक्ति दूसरों को आदर देता है और दूसरों से आदर पाता है।क्रिसमस का त्योहार एक दूसरों का आदर करना एवं सबसे प्रेम करना सिखाता है।क्रिसमस के पावन पर्व पर प्रभु येसु की शिक्षाओं के अनुपालन का संकल्प करना चाहिए।कार्यक्रम के अंत में कक्षा 6 की छात्रा आर्या सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।कक्षा पाँचवी के छात्र एवं छात्रा अब्दुल्लाह, अवनी एवं प्रस्तुति ने कार्यक्रम में कुशल मंच संचालन किया।

नगर में पहली बार श्री श्री कृष्णा बलराम शोभा यात्रा का आयोजन

शोभा यात्रा ब्रज फार्म हाउस से प्रारंभ होकर मधुबन फार्म हाउस पर विश्राम लेगी

दैनिक समाज जागरण

बिसौली आई एम खान। इस्कॉन गाजियाबाद व जायंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 22 दिसंबर दिन शुक्रवार को नगर में पहली बार श्री श्री कृष्ण बलराम शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें विदेश से आए भक्तों द्वारा हरिनाम संकीर्तन के अलावा ब्रजबधु बैंड द्वारा रॉक कीर्तन, 256 भोग, शंखनाद, रंगोली आदि आकर्षण का केंद्र होंगे। भगवान के रथ को भक्तों द्वारा रस्से से खींचा जाएगा। यात्रा में इस्कॉन मंदिर प्रबंधन की ओर से सुंदर गोपाल प्रभु जी (जोनल सुपरवाइजर पश्चिमी उत्तर प्रदेश व सेंट्रल बिहार), आदिकर्ता प्रभुजी (मंदिर अध्यक्ष, इस्कॉन

गाजियाबाद) और अन्य वरिष्ठ वैष्णव भक्त उपस्थित रहेंगे। प्रवीन अग्रवाल ने बताया शोभायात्रा बुध बाजार स्थित ब्रज फार्म हाउस से प्रारंभ होकर बदायूं रोड स्थित मधुवन फार्म हाउस पर विश्राम लेगी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। उक्त कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए जायंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स के सदस्यों ने दामोदर लीला प्रभुजी की अध्यक्षता में एक बैठक की। शोभा यात्रा में किराना व्यापार मंडल, श्री सुंदरकांड आयोजन समिति, श्री राधा रानी प्रेम सेवा समिति व अन्य समितियां भी सहयोग कर रही हैं। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप के रविन्द्र मोहन अग्रवाल, निशांत गोयल, अनमोल गर्ग, श्याम अग्रवाल, अनुपम वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय, सौरभ गुप्ता, मोहित, विवेक अग्रवाल, डॉ गुंजन, श्याम परिवार के गोपाल वार्ष्णेय, अर्पित वार्ष्णेय उपस्थित रहे।

पुरोहित परिवार ने स्कूली बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। सर्दियां आ गईं हैं और अपने साथ बहुत सारी महत्वपूर्ण आवश्यकताएं भी साथ ले कर आईं हैं। उन्हीं आवश्यकत्ताओं को ध्यान में रखते हुए शीतला महारानी पुरोहित परिवार ट्रस्ट के प्रमुख विद्याधर त्रिपाठी एवं उनकी पत्नी मनोज त्रिपाठी ने स्कूली बच्चों में गर्म कपड़े जैसे स्वेटर, टोपी आदि वितरीत किया। हह उपहार स्वरूप समस्त सामग्री इमलो के स्कूल श्री शंकर आदर्श ग्रामोद्यालय पांडेय पट्टी व जिउली के उदासीन जूनियर हाईस्कूल में वितरित किया गया। इस मौके पर बच्चे उपहार पाकर चहक गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरूप अधिवक्ता राजन तिवारी, दिनेश चंद्र त्रिपाठी, डा. कृतिका त्रिपाठी, राजीव पांडेय एवं गायक अवधेश पाठक ने अपना योगदान प्रदान किया। वहीं शीतला प्रसाद मिश्रा, इमलो स्कूल के प्रबंधक देवानंद, संचालक

जिऊली स्कूल पूर्णतः समर्पित रहे। समस्त त्रिपाठी परिवार ने कार्यस्थल पर बांटने सहित अन्य व्यवस्था में सहयोग दिया।

जिलाधिकारी ने किसान दिवस पर सुनी किसानों की समस्याएं

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन हुआ जहां उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिया। साथ ही कहा कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाय। किसानों से अपील किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में हर गांव में कैम्प लग रहे हैं। सरकार की योजनाओं का संतृप्तिकरण किया जा रहा है। जिनका पीएम किसान सम्मान निधि का किस्त नहीं आ रहा है, वे कैम्प में जाकर अपना डाटा सही करवाकर लाभान्वित हो तथा उज्जवला योजना, पेंशन योजना अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, पशुओं के टीकाकरण के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये सभी किसानों से टीका लगवाने के लिए अपील भी किया। जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह ने एकीकृत बागवानी, मशरूम यूनिट, शहद और मधुमक्खी पालन से सम्बंधित जानकारी देते हुये ड्रिप, स्प्रिंकलर

और नैनो यूरिया के लाभ के बारे में जानकारी दिया। साथ ही किसानों को फूलों की खेती, मशरूम की खेती, शहद की खेती करने का सुझाव दिया। डिप्टी आरएमओ नृपंजय पाठक ने बताया कि जनपद में 1 नवम्बर से धान की खरीद की जा रही है। कुल 153 धान क्रय केंद्र बनाए गए। धान के किसानों को 48 घण्टे में भुगतान किया जा रहा है। जिन किसानों का भुगतान नहीं हो पा रहा है, ऐसे किसान अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करा लें। आगामी 29 फरवरी 2024 तक खरीद की जाएगी। रजिस्ट्रेशन हेतु खतौनी, आधार कार्ड और रजिस्ट्रेशन की प्रति की आवश्यकता होगी। जनपद के किसानों भाई धान क्रय के सम्बन्ध में 7065660760 नंबर पर अपनी समस्या बता सकते हैं। एआर कोऑपरेटिव ने बताया कि यूरिया के लिए 17000 एमटी का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें 50 प्रतिशत उपलब्ध है। 2 से 3 दिन में समिति को भेज दे जाएगी। जनपद में पर्याप्त उपलब्ध है। नैनो यूरिया भी समिति पर उपलब्ध है। खुद तो जागरूक हो और अन्य को भी प्रयोग करने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि हिमांशु पाण्डेय, जिला गन्ना अधिकारी, एक्सईएन सिंचाई, डिप्टी पीडी आत्मा डा. रमेश चन्द्र यादव, जिला गन्ना अधिकारी महेंद्र कुमार सहित तमाम अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कृषि विभाग की ओर से कृषक जागरूकता एवं कृषि गोष्ठी सम्पन्न

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के भांवरकोल ब्लाक मुख्यालय परिसर में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को कृषि निवेश मेला एवं रबी गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता आनंद राय मुन्ना तथा उप कृषि निदेशक डा0 यतिंन्द्र कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। किसान मेले में कृषि यंत्रों के साथ हाइब्रिड बीज, दवाओं आदि से संबंधित विभिन्न कंपनियों के स्टॉल लगाए

गए थे। गोष्ठी के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों ने उन्नत बीज, खाद के साथ खेती के गुर बताए। इस मौके पर जिला कृषि उपाधिकारी डा0 यतिंन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ विभाग पात्र किसानों को दिलाने में जुटा है। खेतों की जितनी अधिक जुताई की जाती है। खरपतवार उतने ही कम उगते हैं, जो खेती के लिए लाभप्रद हैं। उन्होंने किसान सम्मान निधि में आ रही दुश्वारियों के समाधान के बावत जानकारी दी। फसलों को 16 विभिन्न पोषक तत्वों की आवश्कता होती है जिसमें 13 तत्व पौधे जमीन से लेते हैं। ऐसे में खेती से पहले खेत की मिट्टी की जांच अवश्य करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सही खाद एवं बीजों का चुनाव करें। समय से पानी दवा आदि का छिड़काव कर अच्छी पैदावार पाई जा सकती है। कृषि वैज्ञानिक नरेंद्र सिंह ने कहा कि खेती से पहले मृदा परीक्षण बेहद जरूरी है। खेतों में रासायनिक खाद का अधिक प्रयोग से बचने की सलाह दी। जैविक खाद का प्रयोग कर अधिक फसलों का उत्पादन करने के साथ ही हम अपने आय में वृद्धि कर सकते हैं। अधिक उर्वरक के प्रयोग से मिट्टी क्षारीय हो जाएगी। परीक्षण के बाद ही उर्वरकों का प्रयोग करने पर बल दिया। इसके बाद पशु-चिकित्साधिकारी डा0 सचिन कुमार सिंह ने पशुपालन विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं को किसानों को जानकारी दी।इस मौके पर भाजपा नेता आनंन्द राय मुन्ना ने कहा कि जब तक किसान समृद्ध नहीं होगा तब तक देश का बिकास संम्भव नहीं होगा। आज जरूरत इस बात की है कि शासन की ओर से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं से शत प्रतिशत संतृप्त किया जाय। इस मौके पर बिनोद राय, रबीन्द्र राय, दुर्गा राय, शशांक राय, सतीश राय, रामकुमार राय, जितेन्द्र राय, बुझावन राय, गोलू राय, शिवजी राय, कृष्ण कुमार बर्मा, अजय कुमार,छाया सिंह, रमाशंकर समेत ढेर सारे लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता रविकांत उपाध्याय तथा संचालन विनोद राय ने किया।

थाना गंज प्रभारी बने संजीव कुमार कुमार,लव सिरोही गए बरेली

शावेज अहमद/
दैनिक समाज जागरण

रामपुर। नवनियुक्त थाना गंज प्रभारी संजीव कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी अपराधिक पृवत्ति के लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। थाना गंज प्रभारी संजीव कुमार ने कहा कि क्षेत्र में टाप-10 अपराधियों को सूचिबद्व कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। क्षेत्र में सट्टा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होने कहा कि थाना गंज में दलालों का प्रवेश पूरी तरह

वर्जित रहेगा यदि कोई ऐसी छवि का व्यक्ति थाने में नजर आया तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से संपर्क कर कानून व्यवस्था को मजबूत करने का काम किया जायेगा। उन्होने कहा कि क्षेत्र की जनता को लगना चाहिए कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हैं ऐसा माहौल तैयार किया जायेगा। क्षेत्र में किसी भी कीमत पर गौकशी बर्दाश्त नहीं की जायेगी यदि किसी ने ऐसा करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करेगी। संजीव कुमार ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना गंज क्षेत्र की पुलिस हर संभव प्रयास करेगी।

गेहूं के खेत में मिला पशु व्यापारी का शव

एसएसपी ने घटनास्थल का किया मुआयना

दैनिक समाज जागरण

बिसौली आई एम खान। कोतवाली क्षेत्र के गांव मलखानपुर में गेहूं के खेत में एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों व राहगीरों की मदद से शव की शिनाख्त कराकर शव पोस्टमार्टम को जिला मुख्यालय भेज दिया है।

गांव मलखानपुर में बुधवार तड़के कुछ ग्रामीणों ने सड़क किनारे गेंहू के खेत में एक व्यक्ति का शव देखा। जिसकी सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से शव की पहचान कराने का प्रयास किया। एक ग्रामीण ने मृतक की पहचान पुलिस को बताई। जानकारी बाद मृतक के परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने बताया कि मृतक नन्नू प्रजापति पुत्र श्रीराम बीते लंबे समय से पशुओं की खरीद फरोख्त का कार्य करता था। मंगलवार को

वह जिला मुरादाबाद के थाना डींगरपुर के अंतर्गत ग्राम तारापुर में लगने वाली साप्ताहिक नखासे में गया था। नन्नू के साथ समीप दबथरा निवासी एक व्यक्ति गया था। नन्हू शाम को घर नहीं पहुंचा,जिसके बाद बुधवार को उसका शव खेत में मिला। मृतक के शरीर पर कई जगह चोटों के निशान और सिर और मुंह कुचला हुआ दिख रहा है। मृतक नन्नू अवविवाहित और अपने मां बाप की इकलौती संतान था। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी ओपी सिंह ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर पुलिस को घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। इंस्पेक्टर राजेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है परिवार के भाई सुभाष द्वारा दी गई तहरीर आधार पर अज्ञात में मुकदमा लिखा गया है।

व्यापार मण्डल का स्वर्ण जयन्ती समारोह इस वर्ष बरेली में : दिनेश टण्डन

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। उद्योग व्यापार मंडल के कोर कमेटी की बैठक जिलाध्यक्ष दिनेश टण्डन की अध्यक्षता में सुतहट्टी बाजार स्थित जिला कैंप कार्यालय पर हुई जहां उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह प्रत्येक जनपद में रथयात्रा और दीप महोत्सव के साथ पूरे वर्ष मनाया गया। इसी कड़ी में 23 व 24 दिसम्बर को बरेली में स्वर्ण जयंती वर्ष के परिप्रेक्ष्य में स्वर्ण जयंती भव्य समापन समारोह के साथ व्यापारी प्रशिक्षण शिविर व प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया गया है। नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने बताया कि इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हैं। साथ में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी, सांसद संतोष गंगवार,

सांसद धर्मेंद्र कश्यप, पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण सक्सेना सहित तमाम राजनेता एवं व्यापारी नेता उपस्थित रहेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी एवं प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम के रूप–रेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस समारोह में पूरे प्रदेश से सभी अध्यक्ष, महामंत्री तथा सम्मानित पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। जौनपुर से भी सभी उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य आमंत्रित हैं। बैठक में रामकुमार साहू, मुन्ना लाल अग्रहरि, मनोज साहू, अनिल वर्मा, संतोष साहू, राकेश जायसवाल, अरविंद जायसवाल, विमल भोजवाल, बनवारी लाल साहू, डीके अग्रहरि, यशवंत साहू आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने किया। अन्त में जिला महामंत्री रामकुमार साहू ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

31 दिसम्बर तक किया जाए गन्ना भुगतान : डीएम

बदायू आई एम खान। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने मुख्य विकास विकास अधिकारी केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय कुमार सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारियों के साथ बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में गन्ना मूल्य/अंशदान भुगतान, चीनी मिलों द्वारा की जा रही गन्ना खरीद आदि की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की। डीएम ने चीनी मिल बिसौली एवं न्यौली (कासगंज) पर गत पेराई सत्र के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए अवशेष गन्ना मूल्य/अंशदान का शतप्रतिशत भुगतान 31 दिसंबर, 2023 तक प्रत्येक दशा में करना सुनिश्चित करें। भुगतान की कार्ययोजना शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देश दिए कि

गन्ना क्रय केन्द्रों पर घटतौली एवं अवैध गन्ना खरीद की रोकथाम हेतु निरन्तर टीम निगरानी एवं निरीक्षण करते रहे। किसानों का गन्ना भुगतान एवं पारदर्शी ढंग से किया जाए।

डीएम ने कहा कि उपजिलाधिकारी चीनी मिल एवं गन्ना केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करते रहें। किसानों को गन्ना विक्रय में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो। जिला गन्ना अधिकारी किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए ट्राली में गन्ना ओवरलोड ना करें। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी हेमराज सिंह, एआरटीओ अमरीष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दवा प्रतिनिधियों ने जौनपुर में किया जबर्दस्त हड़ताल

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। दवा प्रतिनिधियों के अखिल भारतीय संगठन एफएमआरएआई के आह्वान पर पूरे देश के साथ जौनपुर के भी सारे दवा प्रतिनिधि अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे जिसमें 5 मांगें सरकार एवं 3 मांगें नियुक्ताओं से रही। इसके पहले जौनपुर के दवा प्रतिनिधि सुबह 9 बजे से शहर के भिन्न-भिन्न प्रमुख स्थानों पर पिकेटिंग किये जिसके बाद दोपहर 12 बजे अपने इकाई कार्यालय के प्रांगण में विशेष आम सभा किया। इस मौके पर राज्य सचिव नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि दवा प्रतिनिधियों के एकमात्र कानून सेल्स प्रमोशन इम्पलाई एक्ट 1976 को भी नियोक्ताओं के दबाव में यह सरकार समाप्त करने की कोशिश में है। साथ ही आजादी के बाद अब तक दवा प्रतिनिधियों के लिए कोई कार्य नियमावली नहीं बना है जिसे बनाने का मांग रखा गया। राज्य कार्यकारिणी

सदस्य राजेश रावत ने बताया कि आज तमाम अस्पतालों में यह कहा जाता है कि दवा प्रतिनिधियों का प्रवेश वर्जित है जो यह गैर कानूनी है। ड्रग्स एवं मैजिक रेमेडीज सर्विस एक्ट 1954 कहता है कि कानूनी रूप से दवा प्रतिनिधि अस्पतालों, रजिस्टर्ड चिकित्सकों एवं लैबोरेट्री में जाने के लिए कानूनी रूप से अधिकृत हैं जिसे भारत के संविधान ने उन्हें यह अधिकार दे रखा है। आज दवाओं की बेतहाशा कीमतें बढ़ रही हैं जिसे आम जनमानस पर बुरा असर पड़ रहा है, इसलिए सरकार को दवा के दाम कम एवं जीएसटी से बाहर रखना चाहिए। जिला सचिव अजय चौरसिया ने बताया कि आज सेल्स के नाम पर हमारे साथियों को विक्टिमाइज एवं हरासमेंट किया जाता है जबकि सेल्स एक इंडस्ट्री है। इसमें ऊपर से नीचे तक सारे कर्मचारी की जवाबदेही बराबर की होती है परंतु विडंबना यह है कि नियोक्ताओं द्वारा सेल्स के ग्राउंड पर दवा प्रतिनिधियों का उत्पीड़न किया जाता है एवं सर्विलेंस तथा जीपीएस के माध्यम से हमारे साथियों की प्राइवेसी को भंग किया जा रहा है। अन्त में इकाई अध्यक्ष मनोज सिंह ने आज के सफल हड़ताल में तमाम साथियों के सहयोग एवं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आलोक सिंह, अमित रंजन श्रीवास्तव, अच्युत दुबे, अजय सिंह, अनिल मिश्रा, अरुण सिंह, रवि सिंह, मुकेश मौर्य, राहुल सिंह, सुनील चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

दैनिक समाज जागरण मे खबर तथा विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का कर्तव्य है : सीमा तोलिया

बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 232 महिला वाहिनी द्वारा जरालता गांव में सिविक

एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों को सेहतमंद रहने के लिए चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया, मरीजों को जांच के पश्चात दवाइयां भी वितरित की गई। लगभग 300 लोगों ने चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। मौके पर मैत्रीपूर्ण फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें दुबराजपुर रीक्रिएशन क्लब, कसिया जॉन गाओंता, जरालाता स्पोर्टिंग क्लब, अरुणोदय स्पोर्टिंग क्लब कुल चार टीमों के मध्य खेले गए रोमांचक प्रतियोगिता के सभी खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। मौके पर उपस्थित 232 महिला वाहिनी के कमांडेंट सीमा तोलिया ने अपने संबोधन में कहा कि पश्चिम बंगाल के बच्चों में खेल के प्रति काफी जागरूकता के साथ-साथ रुझान है। जरूरत है बस इन्हें सही मार्गदर्शन की। उन्होंने कहा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत हमारा कर्तव्य है जिस जगह पर हम रहते हैं वहां के ग्रामीण नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी मुहैया कराने के साथ-साथ उन्हें मुख्य धारा से जोड़ा जाए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शांति सोरेन, डॉ इंदु समेत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल महिला बटालियन के अधिकारीगण गणमान्य लोग व ग्रामीण उपस्थित थे।

ट्यूटर के रूप में करीबी रिश्तेदार ने 13 वर्षीय लड़की के साथ किया दुष्कर्म

बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता

एक करीबी रिश्तेदार द्वारा निजी ट्यूटर के रूप में ट्यूशन पढ़ने के क्रम में 13 वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया। बलात्कार करने के आरोपी को अदालत ने 21 साल जेल की सजा सुनाई। इस मामले में पुलिस ने 1 महीने 7 दिन के अंदर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया।सजा पाने वाले शख्स का नाम मदनमोहन दास है।वह सांकराइल थाने के मोहुलबनी गांव का रहने वाला है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोहुलबनी गांव के मदनमोहन दास पेशे से प्राइवेट ट्यूटर हैं। उस गांव की एक नाबालिग लड़की उसका करीबी रिश्तेदार है। वह लड़की उसके घर पर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। मौका पाकर मदनमोहन ने लड़की को डरा-धमका कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और किसी को ना बताने की धमकी दी। बाद में लड़की गर्भवती हो जाने पर मामले का खुलासा हुआ। फिर लड़की के परिवार ने 24.12.22 को सांकराइल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर 4 जनवरी 2023 को आरोपी मदनमोहन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 31.01.23 को पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। इस मामले में कुल बीस लोगों की गवाही हुई है। झाड़ग्राम के द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश चिन्मय चट्टोपाध्याय ने मंगलवार 19 दिसंबर को सजा सुनाई। कोर्ट ने 21 साल का सजा का आदेश दिया। धमकी देने के मामले में कोर्ट ने एक हजार रुपये अतिरिक्त जुमार्ना और न देने पर पांच दिन की जेल का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने दुष्कर्म की शिकार नाबालिग पीड़िता को तीन लाख रुपये मुआवजा देने का भी आदेश भी दिया।

ग्रामीणों ने लिया चिकित्सा सुविधा का लाभ

बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 184 वाहिनी के कमांडेंट बी आर मीणा के दिशा

निर्देश में चल रहे सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के दो जगहो पर बेलपहाड़ी थाना अंतर्गत ए /184 वाहिनी के लाबोनी गांव तथा जंबोनी थाना अंतर्गत जी /184 वाहिनी के ओरो गांव में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों ने चिकित्सा सुविधा का लाभ लिया। लोगों के मध्य मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गई। इस मौके पर कमांडेंट बी आर मीणा, बेलपहाड़ी के चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्वनाथ हेंब्रम, चिल्कीगढ़ के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रसेनजीत नायक सहित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यूनिट के अन्य अधिकारी गण स्वास्थ्य कर्मचारी एवं जवान उपस्थित थे।

अस्पताल में गंदगी देख नाराज हुए अपर मुख्य सचिव, साफ सफाई को लेकर दी कड़ी हिदायत

दैनिक समाज जागरण संवाददाता पौआखाली (किशनगंज)

स्वास्थ्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बुधवार को जिले के कई स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इसी क्रम में वे पौआखाली अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी औचक

निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चिकित्सक से ओपीडी के दौरान आउटडोर में देखे गए मरीजों की स्थिति की जानकारी ली। अपर मुख्य सचिव ने दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष, ऑपरेटर कक्ष, एंबुलेंस, स्टाफ रूम सहित मरीजों के बैठने के इंतजाम, बिजली, शुद्ध पेयजल के इंतजाम की जानकारी प्राप्त कर निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पायी गई उसे सुधारने की कड़ी हिदायत दी है। अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने स्वास्थ्य केंद्र की सफाई व्यवस्था से काफी खिन्न नजर आए और मौके पर ही अस्पताल के चिकित्सक और कर्मचारियों पर बिफड़ते हुए पूरे अस्पताल परिसर और कमरों की साफ सफाई की भी सख्त हिदायत कड़ी है। उन्होंने अस्पताल में मौजूद चिकित्सक सहित बाकी कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी, दवा स्टॉक पंजी का भी अवलोकन किया। अपर मुख्य सचिव के निरीक्षण के दौरान अस्पताल के चिकित्सक और कर्मचारियों में हड़कम मचा रहा। इस निरीक्षण में अपर मुख्य सचिव के साथ सिविल सर्जन, ठाकुरगंज बीडीओ, एसडीपीओ, थानाध्यक्ष व अन्य विभागीय पदाधिकारी मौजूद थें।

शराब के साथ 4 व्यक्ति व शराब पीने में 6 व्यक्ति गिरफ्तार।

राहुल कुमार, किशनगंज, मध्य निषेध अधिनियम के तहत किशनगंज शहर के विभिन्न चेक पोस्ट पर एवं अन्य स्थान पर उत्पाद विभाग के द्वारा शराब पीने एवं शराब तसकरी के विरुद्ध जांच अभियान चलाई गई। इस दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने बंगाल की ओर से शराब लेकर आ रहे 4 व्यक्ति को किया गिरफ्तार। मध्य निषेध अधिनियम के तहत बुधवार को चारों व्यक्ति का सदर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कर कर न्याय के हिरासत में जेल भेज दिया। वही दूसरी ओर शराब पीने के आरोप में 6 व्यक्ति को गरफ्तार किया गया।

कोरोना का संकट फिर गहराया, जरूरी तैयारी में जुटा विभाग।

रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। कोरोना का संकट एक बार फिर गहराने लगा है। देश के कुछ राज्यों में कोरोना का नया वैरिएंट सामने आने के बाद इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं फिर बढ़ गई है। बहरहाल इस नये वैरिएंट से फिलहाल जिलेवासियों को कोई खतरा तो नहीं दिखता है। बावजूद इसके सीमावर्ती जिला होने के कारण इसके निगरानी व नियंत्रण को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। संभावित मरीजों के जांच का दायरा बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सदर अस्पताल में 10 बेड क्षमता वाला विशेष वार्ड पूर्व से सुरक्षित रखा गया है। अस्पताल के 78 बेड पर सीधे ऑक्सीजन पाइप लाइन से जुड़े हैं। सदर अस्पताल परिसर स्थित आरटीपीसीआर जांच सेंटर पूर्व से संचालित है। संदेहास्पद मरीजों की जांच भी की जा रही है।

संभावित खतरों से निपटने के लिए विभाग तैयार

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि कोरोना के नये वैरिएंट जेएन-1 को लेकर फिलहाल लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। राहत की बात है कि सूबे के किसी भी जिले में अबतक कोरोना के नये वैरिएंट से संबंधित मामला सामने

नहीं आया है। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग अपने स्तर से इसे लेकर पूरी सावधानी व सतर्कता बरत रहा है। कोरोना के संभावित खतरों से निपटने के लिए अस्पतालों में पूर्व से पुख्ता इंतजाम उपलब्ध है। उपलब्ध इंतजामों को अद्यतन किया जा रहा है। पूर्व में प्राप्त अनुभवों के कारण हमारे स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी कोरोना के संभावित किसी भी चुनौती से निपटने में पूरी तरह सक्षम हैं।

सभी प्रखंडों को प्रतिदिन 20 आरटीपीसीआर जांच का लक्ष्य डीपीएम संतोष कुमार ने बताया कि कोरोनो संक्रमण के संभावित खतरों को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है। संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण, संभावित मरीजों को चिन्हित करने वे उपचार सेवाओं की तत्काल उपलब्धता संबंधी इंतजाम को अधिक उपयोगी व प्रभावी बनाने की पहल की जा रही है। इसे लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति के भी स्तर से जरूरी निर्देश प्राप्त हुआ है। प्राप्त निदेर्शों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने की पहल की जा रही है। प्राप्त दिशानिर्देश के आलोक में सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को आरटीपीसीआर जांच की संख्या बढ़ाने के लिये निर्देशित किया गया है। सभी प्रखंडों को प्रति दिन कम से कम 20 आरटीपीसीआर जांच का लक्ष्य दिया गया है।

भरगामा में उपचुनाव के लिए चुनाव चिन्ह हुआ आवंटित, प्रचार में उतरे उम्मीदवार

रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। जिले के भरगामा प्रखंड क्षेत्र में तीन अलग-अलग पदों के लिए हो रहे पंचायत उपचुनाव के लिए बुधवार को उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया। भरगामा प्रखंड में एक मुखिया पद और एक पंचायत समिति सदस्य व एक वार्ड सदस्य के रिक्त पद के लिए चुनाव होना है। प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ शशि भूषण सुमन ने बताया कि प्रखंड में एक मुखिया पद और एक पंचायत समिति पद के लिए उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुखिया पद के लिए कुल 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरा था। जिसमें से एक प्रत्याशी अनीशा पति आजाउल ने अपना नाम वापसी कर लिया। अब कुल 7 मुखिया पद के उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। जिन्हें मोतियों की माला, ढोलक, कलम दवात, टेम्पू, पुल, बैगन, ब्रस चुनाव चिन्ह आवंटित करवाया गया है। वहीं पंचायत समिति पद के लिए कुल 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। जिन्हें नारियल,चारपाई,कप प्लेट,कंघा चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। जबकि शंकरपुर पंचायत के वार्ड पांच में वार्ड सदस्य पद के लिए

चुनाव होना था। जहां से मात्र एक हीं उम्मीदवार कंचन देवी ने अपना नामांकन दाखिल किया है। वहीं सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीसीओ जयशंकर झा ने बताया कि 28 दिसंबर को 7 बजे सुबह से लेकर 5 बजे शाम तक चुनाव होना है। जबकि 30 दिसंबर को मतगणना भी होना है। जिसको लेकर हर व्यवस्था पूरी कर ली गई है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रखंड प्रशासन शांतिपूर्ण ढ़ंग से निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए हर मुकम्मल इंतजाम किया जा रहा है। जिससे की मतदाता बिना किसी दबाव के लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। दूसरी ओर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि पुलिस प्रशासन भी चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर हर हथकंडे अपना रही है। ज्ञात हो कि सभी प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव चिन्ह लेकर पूरे जोश के साथ अपने पक्ष में प्रचार में जुट गए हैं। चुनाव चिन्ह आवंटन के साथ हीं प्रखंड के चुनाव वाले पंचायतों में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। गली, चौक-चौराहा, पान की दुकान, चाय की दुकान पर हर जगह चुनाव की चचाएं छिड़ी हुई नजर आने लगी है।

किशोरी का अपहरण करने वाला मुख्य आरोपित गिरफ्तार बालिका बरामद

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

20दिसंबर नेपाल सीमा से सटे पीलटोला गांव से प्राथमिकी अभियुक्त जमेरूल को गिरफ्तार करते अपहृत को बरामद किया गया। अपहृता का माननीय न्यायालय में बयान कराने के पश्चात कांड में अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी पुलिस सूत्रों ने दी। जानकारी के मुताबिक 09 नवंबर को 16 वर्षीय एक बालिका का अपहरण कर लिया गया था। इस संबंध में आवेदन पुलिस को दिया गया था। आवेदन के आधार पर कोदोबाड़ी थाना कांड सं.-53 / 23 दिनांक 11.11.23 धारा-363 / 365/366 (ए) भा० द०वि० के अन्तर्गत कार्रवाई चल रही थी। प्राथमिकी अभियुक्त जमेरूल हक, साकिन पक्काबाड़ी, वार्ड नं.-06 एवं अन्य 06 सभी फरार चल रहे थे। अपहृता की बरामदगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु विशेष अनुसंधान टीम द्वारा अपहृता की बरामदगी हेतु लगातार छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में 19 दिसंबर को बालिका बरामदगी करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त जमेरूल को गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार

दार्जिलिंगः- भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी की 41 वीं वाहिनी के जवानों ने बुधवार को पानीटंकी से प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा । पकड़े गए आरोपित के नाम भवानी शर्मा है।वह दक्षिण सिक्किम का रहने वाला बताया गया है। एसएसबी ने उसके हवाले से प्रतिबंधित 97 बोतल कोडीन फॉस्फेट कफ सिरप बरामद किया। बाद में एसएसबी ने पकड़े गए आरोपित व जब्त कफ सिरप को खोरीबाड़ी पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपित को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया।पुलिस मामले की अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

एसएसबी के 60वें स्थापना दिवस पर बथनाहा मुख्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन।

रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। बुधवार 20 दिसंबर को एसएसबी के 60वें स्थापना दिवस पर 56वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय बथनाहा में हुआ कार्यक्रम का आयोजन। सर्वप्रथम कार्यवाहक कमांडेंट कस्तूरी लाल, (द्वितीय कमान अधिकारी) के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल के ध्वज को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा महानिदेशक महोदया द्वारा दिए गए शुभकामना संदेश को समस्त जवानों को पढ़कर सुनाया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा सशस्त्र सीमा बल के स्थापना के 60वें वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गौरव पूर्ण उपलब्धियों को बताते हुए सभी जवानों को उनके परिवार सहित हार्दिक शुभकामनाएं दी गई । साथ ही सभी जवान से कहा कि बल के ध्येय वाक्य सेवा, सुरक्षा व बंधुत्व को हमेशा ध्यान में रखते

हुए सम्पूर्ण निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव तत्पर रहें। इस वर्ष के दौरान अतिरिक्त, उत्कृष्ट व सराहनीय सेवा देने के कारण विभिन्न पदक, प्रशंसा पत्र व पुरस्कार से पुरस्कृत जवानों को कस्तूरी लाल द्वारा उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर वाहिनी मुख्यालय में टीम ए और टीम बी के बीच रस्सा कशी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । तत्पश्चात समस्त अधिकारी व जवान सहित एक साथ बड़े खाने में शामिल हुए। मौके पर 56वीं वाहिनी एसएसबी बथनाहा के उप कमांडेंट दीपक साही, उप कमांडेंट पूर्णेन्दु प्रभाकर, सहायक कमांडेंट डॉक्टर (मिस) लीला, निरीक्षक (प्रशासन) सुनील कुमार, सहायक उप निरीक्षक दीपक राजवंशी एवं समस्त महिला व पुरूष जवान उपस्थित थे।

इग्नू में जनवरी सत्र में नया नामांकन शुरू, ऑनलाइन एडमिशन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

राहुल कुमार, किशनगंज

इग्नू के जनवरी, 2024 सत्र में स्नातक व स्नातकोत्तर प्रोग्राम में ऑनलाइन नामांकन शुरू हो चुका है।

नामांकन की अंतिम तिथि 31 जनवरी है। इच्छुक शिक्षार्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन नामांकन करा सकते हैं। इग्नू एलएससी - 86011 मारवाड़ी कॉलेज, किशनगंज के समन्वयक डॉ. सजल प्रसाद ने क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मिर्जा नेहाल अहमद बेग के हवाले से यह जानकारी दी है। समन्वयक ने बताया कि शिक्षार्थी अपनी योग्यता व निर्धारित अर्हता अनुसार कला व वाणिज्य संकाय के स्नातक (यूजी) और पीजी प्रोग्राम में एडमिशन ले सकते हैं। उनके शिक्षार्थी सहायता केंद्र 86011में प्रायोगिक विषयों को छोड़कर प्रायः सभी विषयों में स्नातक प्रोग्राम उपलब्ध है। हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति शास्त्र व कॉमर्स विषयों में स्नातकोत्तर प्रोग्राम उपलब्ध है। वैसे, क्षेत्रीय केन्द्र, सहरसा अंतर्गत पूर्णियाँ व सहरसा प्रमंडलों के अन्य केन्दों में विज्ञान संकाय में यूजी प्रोग्राम एवं पीजी डिप्लोमा व सर्टिफिकेट प्रोग्राम भी उपलब्ध है। समन्वयक डॉ प्रसाद ने बताया कि स्नातक प्रोग्राम में एडमिशन के लिए मान्यता प्राप्त संस्थान से 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। स्नातकोत्तर प्रोग्राम में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर होम पेज न्यू एडमिशन के लिंक पर जाकर एडमिशन ले सकते हैं। प्रोग्राम के अनुसार निर्धारित अंक पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र व आधार कार्ड आदि की स्कैन कॉपी अपलोड करनी है। डॉ. प्रसाद ने कहा कि सबसे बड़ी सुविधा यह है कि शिक्षार्थी एडमिशन के बाद देश के किसी भी राज्य में अपनी इच्छा व सुविधा अनुसार इग्नू सेंटर में परीक्षा दे सकते हैं। परीक्षा केन्द्र का चयन परीक्षा फॉर्म भरने के समय किया जा सकता है।

अररिया जिला के साहित्यकारों की साहित्य के क्षेत्रों में अहम भुमिका

रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया।एक शाम की बात है,जिसमें साहित्यिक बैठक वरिष्ठ कवि सुरेश कंठ जी के निवास स्थान कोशी कॉलोनी बथनाहा ,अररिया में हुई। उपस्थित साहित्यकारों एवं कवियों ने अपना-अपना साहित्यिक विचार व्यक्त किये तथा एक मुख्य बात सामने उभर कर आया कि हिंदी भाषा लेखन व अररिया जिला के कलमकारों ने आजादी पूर्व से हिंदी भाषा का साहित्य लेखन का कार्य अभी भी वर्तमान में जारी है । कलमकारों का पूर्व व वर्तमान की सूची संक्षिप्त में निम्न प्रकार है :- स्वर्गीय द्विजदेनी तिवारी, कथा शिल्पी फणीश्वर नाथ रेणु, स्वर्गीय पंडित अमोद्य नाथ झा, जहाँ विधु, विद्या विमल, स्वर्गीय कमला प्रसाद सिंह, स्वर्गीय मोतीलाल शर्मा, स्वर्गीय राजमोहन सिंह राघव, स्वर्गीय कन्हैया लाल व्यसंगी ,स्वर्गीय जटाशंकर, स्वर्गीय रामशरण मंडल ,स्वर्गीय नवल किशोर दास एवं स्वर्गीय कर्नल अजीत दत्त थे।इन लोगों की रचनाओं को भुलाया नहीं जा सकता है। इसके अलावे डॉक्टर ए के, डॉक्टर अशोक झा, डॉक्टर रामानंद राय, अजीत रामलाल सिंह स्नेही, विजयान्ता, एच आर गाफीर, कमलेश्वरी तिवारी,रामधारी सिंह दिनकर आदि अपने आप में अद्वितीय हैं । वर्तमान में हिंदी कलमकारों की एक लंबी फेहरिस्त है जैसे :- भोलानाथ पंडित प्रणयी, सदानंद सुमन, बसंत कुमार राय, रहमान अली राकेश, विद्यानंद प्रसाद व्याहुत, वरिष्ठ कवि सुरेश कंठ, डा०अनुज प्रभात, डा० जनार्दन यादव, हेमंत यादव , हर्ष नारायण दास, विजय बंसल, रणविजय यादव,डॉक्टर भुवनेश झा, डॉक्टर सुशील कुमार श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र सिंह, ठाकुर शंकर कुमार, डॉक्टर अशोक आलोक, डॉक्टर कुमार वर्मा, संजीव

रंजन चौधरी, भागवत सहयोगी, देवानंद योगी ,विश्वनाथ श्रीवास्तव, विनोद कुमार तिवारी, संजय कुमार ,कुंदन, अजय भारती अकेला, स्नेहा किरण, डॉक्टर फरहत आरा, डॉक्टर एस आर झा, दीन राजा अख्तर, कुमार मलिक मनहरण, अनिल कुमार वर्मा, अनील क०मलिक, अब्दुल बारी सिद्दकी, हरिनारायण गुप्त, शैल बाला कुमारी, अब्दुल बारी साकी, अंजुम आरा, सुफरान, समीप राशिद, बि राजा अख्तर ,मसीउद्दीन की भूमिका अहम है जिन्होंने अपनी लेखनी से हिंदी साहित्य के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया है। अररिया जिले के महान कथा शिल्पी साहित्यकार फणीश्वर नाथ रेणु के लिखी गई उपन्यास मैला आंचल देश ही नहीं विदेशों में भी काफी ख्याती प्राप्त की है । इसी प्रकार विद्यानन्द प्रसाद व्याहुत की प्रकाशित दो उपन्यास निर्णय एवं आंचल में दाग जो अमेजॉन पर भी उपलब्ध है। वरिष्ठ कवि सुरेश कंठ का भी हिंदी कविता संग्रह के छः पुस्तक में दो टूक रोटी, उपवन में फूल खिले, जाग उठी इंसानियत, तपती धूप, गाम घरक बात (मैथिली) एवं पतझड़ इन सभी काव्य पुस्तकों का प्रकाशन हो चुकी है जो अपने आप में एक बहुत बड़ी मिशाल है। संवदिया पत्रिका के प्रधान संपादक मांगन मिश्र'मार्त्तण्डह्न का भी साहित्य क्षेत्र में बहुत बड़ी योगदान है जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है।

भरगामा के कई पीडीएस डीलरों के दुकान का कई बार हुआ जांच,मिली गड़बड़ी,फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। जिले के फारबिसगंज अनुमंडल अंतर्गत भरगामा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों का पीडीएस डीलरों का मनमानी चरम पर है। ऐसा हम नहीं कहते हैं,ऐसा आमलोगों का कहना है। बताया जाता है,कि कई महीनों पूर्व ग्रामीणों की शिकायत पर एमओ रामकल्याण मंडल द्वारा प्रखंड के सिरसिया कला पंचायत की पीडीएस डीलर सलेहा खातून का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक का जांच किया गया था,तो भारी मात्रा में आनाज का डिफरेंस पाया गया था। बताया जाता है,कि एमओ के द्वारा उक्त डीलरों का दुकान जांच के क्रम में पता चला कि ई-पोस मशीन के अनुसार पहली बार 55 क्विंटल गेहूं तो 20 क्विंटल चावल कम पाया गया था। जबकि दूसरी बार के जांच में भी 37 क्विंटल 70 किलोग्राम गेंहू और 3 क्विंटल 12 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। जबकि तीसरी बार के भी जांच में 37 क्विंटल 45 किलोग्राम गेंहू और 15 क्विंटल 58 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। इसी प्रकार मानुल्लाहपट्टी पंचायत के पीडीएस डीलर अमरेन्द्र यादव का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 40 क्विंटल 18 किलोग्राम गेहूं और 51 क्विंटल 95 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। ठीक इसी प्रकार मानुल्लाहपट्टी पंचायत के हीं सुशील पासवान पीडीएस डीलर का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 81 क्विंटल 54 किलोग्राम गेहूं और 28 क्विंटल 54 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। ठीक इसी प्रकार शंकरपुर पंचायत के पैक्स के नरेंद्र मिश्र का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो पहली बार के जांच में 6 क्विंटल गेंहू और 22 क्विंटल 32 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। जबकि दूसरी बार के जांच में 302 क्विंटल अधिक गेहूं और 536 क्विंटल चावल कम पाया गया था। जबकि तीसरी बार भरगामा और फारबिसगंज एमओ द्वारा संयुक्त जांच किया गया तो उसमें भी 6 क्विंटल 2 किलोग्राम गेहूं कम और 41 क्विंटल 73 किलोग्राम चावल अधिक पाया गया था। इसी प्रकार नया भरगामा पंचायत के उपेंद्र राम का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 148 क्विंटल 34 किलोग्राम गेहूं और 248 क्विंटल 20 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। इसी प्रकार कुसमौल पंचायत के धनेश्वर सरदार का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 32 क्विंटल 72 किलोग्राम गेहूं और 41 क्विंटल 94 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। इसी प्रकार कुसमौल पंचायत के हीं पंचानंद दास का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 16 क्विंटल 8 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। जबकि दूसरी बार के जांच में 21 क्विंटल 76 किलोग्राम चावल अधिक पाया गया था। इसी प्रकार कुसमौल पंचायत के हीं किरण कुमारी का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 10 क्विंटल 73 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। इसी प्रकार खजुरी पंचायत के मिथिलेश पासवान का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 12 क्विंटल 96 किलोग्राम गेहूं और 139 क्विंटल 30 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। इसी प्रकार सिरसिया कला पंचायत के जगन्नाथ

यादव का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 3 क्विंटल 90 किलोग्राम गेहूं अधिक और 15 क्विंटल 86 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। जबकि दूसरी बार के जांच में भी 17 क्विंटल 18 किलोग्राम गेहूं कम पाया गया था। इसी प्रकार भरगामा पंचायत के राजेश कुमार पासवान का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 53 क्विंटल 19 किलोग्राम गेहूं और 188 क्विंटल 6 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। इसी प्रकार नया भरगामा पंचायत के बबीता कुमारी का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 48 क्विंटल 93 किलोग्राम गेहूं और 66 क्विंटल 86 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। इसी प्रकार हरिपुर कला पंचायत के नीलम कुमारी का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 6 क्विंटल 76 किलोग्राम गेहूं और 20 क्विंटल 93 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। इसी प्रकार हरिपुर कला पंचायत के हीं सोनम कुमारी का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 7 क्विंटल 50 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। इसी प्रकार धनेश्वरी पंचायत के बंदना कुमारी का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 18 क्विंटल 87 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। इसी प्रकार धनेश्वरी पंचायत के हीं अनमोल कुमार यादव का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 24 क्विंटल चावल कम पाया गया था। इसी प्रकार सिमरबनी पंचायत के बेचन ऋषिदेव का ई-पोस मशीन के स्टॉक व गोदाम के स्टॉक को मिलाया गया तो 5 क्विंटल 27 किलोग्राम गेहूं और 41 क्विंटल 38 किलोग्राम चावल कम पाया गया था। गौरतलब हो कि कुछ दिनों पूर्व स्थानीय लोगों ने इस मामले की मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद इस मामले में मुख्यमंत्री सचिवालय एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग पटना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इस मामले को अपने पत्रांक 842 में 29 नवम्बर 2023 को अररिया डीएम इनायत खां को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई की सूचना आवेदक को देते हुए प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। लेकिन इस मामले में अब तक क्या जांच हुई? और क्या कार्रवाई हुई? ना तो आवेदक को पता है। और ना हीं स्थानीय पदाधिकारी को पता है। और ना हीं पीड़ित लाभुकों को पता चल पाया है। शायद यही वजह है,कि पीडीएस डीलरों की मनमानी दिन-प्रतिदिन बढ़ते हीं जा रहा है। फिलहाल आमलोगों कि नजर इस मामले की जांच और कार्रवाई पर टिकी हुई है। बता दें कि इस मामले में अधिक जानकारी के लिए 20 दिसंबर बुधवार को डीएम के फोन नंबर 9473191365 पर कई बार संपर्क किया गया,लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। वहीं इस मामले में डीएसओ संजय कुमार ने बताया कि मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश फारबिसगंज एसडीएम को दे दिया गया है। वहीं इस मामले में नवपदस्थापित एसडीएम शैलेजा पाण्डेय का कहना है,कि अब इस मामले में बहुत जल्द नये सिरे से जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या करने का प्रयास

कमरे में बनाए रखा बंधक, पिटाई से विवाहिता घायल

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। दहेज में तीन लाख की नगदी और बुलेट बाइक न देने पर नवविवाहिता की पिटाई लगा दी। आरोप है कि जान से मारने की नियत से उसका गला दबा दिया।बमुश्किल उसको बचाया गया।विवाहिता ने सीओ को पत्र दिया है।

थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव रायपुर बिचपुरी निवासी दन्ने खां ने बताया कि उसने अपनी पुत्री सलमा का निकाह आठ माह पहले हजारा थाना क्षेत्र के गांव नहरोसा निवासी शावन खां के साथ किया था।निकाह में मायके पक्ष ने अपनी सामर्थ के अनुसार दहेज दिया। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराल संतुष्ट नहीं हुए निकाह के कुछ ही दिन बाद ससुराल वालों ने विवाहिता से अतिरिक्त दहेज में एक बुलेट बाइक के अलावा तीन लाख रुपये की नगदी मायके से लाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। विवाहिता के इनकार करने पर उसको आए दिन शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।गर्भवती होने पर ससुरालियों ने जबरन उस पर भ्रूण चेक करवाने के लिए दबाव बनाया।धमकी दि की लड़की होने पर गर्भपात करा दिया जाएगा।दहेज की मांग पूरी न करने पर 18 दिशंबर को विवाहिता को जान से मारने की नियत से लात घूंसों के अलावा चमडे की बेल्ट से उसकी पिटाई कर अधमरा कर दिया।उसके बाद हत्या करने की नियत से विवाहिता का गला दबा दिया।जिससे उसके नाक और मुंह से खून निकलने लगा। चीखने चिल्लाने पर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद ससुराल वालों ने रात भर उसको कमरे में बंधक बनाकर तडपाया। 19 दिसंबर को विवाहिता को ससुरालयों ने एक अन्य घर में छुपा दिया। जानकारी लगने पर उसके मायके पक्ष के लोग पहुंचे।मामले की सूचना सेहरामऊ पुलिस को दी गई। विवाहिता ने सेहरामऊ थाने में मुकदमा दर्ज कराए जाने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह को शिकायती पत्र सौंपा है।पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने बताया विवाहिता की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है।जिसकी जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।मामले में रिपोर्ट दर्ज कर करवाई कराई जाएगी।

कोहरे में हादसों से बचाने के लिए लगाए रिफ्लेक्टर टेप

दैनिक समाज जागरण

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निदेर्शानुसार पूरे जनपद में यातायात व सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत पुलिस अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रही है।इतना ही नहीं पुलिस मुख्य मार्गों पर आने जाने वाले गन्ना लदे वाहनों के साथ साथ अन्य वाहनों पर भी रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रही है।ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।इसी के मद्देनजर हजारा थाना प्रभारी निरीक्षक परमेन्दर कुमार के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कोहरे में हादसों से बचाने के लिए को हजारा पुलिस ने क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य मार्गों पर गुजरने वाले गन्ना लदे वाहनों के साथ साथ अन्य चार पहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा कर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जानकारी भी दी। थाना हजारा के उप निरीक्षक रविंद्रपाल सिंह, उप निरीक्षक तेजवीर सिंह तथा उप निरीक्षक सगीर अहमद ने क्षेत्र में अलग अलग मार्गों पर गुजरने वाले वाहन चालकों को पहले यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया। साथ ही स्वंय तथा अपने परिवार

के जीवन के लिए यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान भी किया। अभियान के दौरान मार्गों से गुजरने वाले गन्ने से लदे ट्रक तथा ट्रैक्टर ट्रालीयों को रोककर उन पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई। और चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। इस अभियान के तहत पुलिस ने क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर लगभग सौ छोटे बड़े वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई। इस दौरान पुलिस ने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने की सीख दी। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक परमेन्दर कुमार ने हमें बताया कि क्षेत्र में मुख्य मार्गों तथा विभिन्न चौराहों पर अभियान चलाकर वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये हैं। और यह रेडियम टेप घने कोहरे में होने वाले सड़क हादसों को टालने में सहायक होती है। साथ ही उन्होंने अपील की है कि सर्दी में घने कोहरे के मौसम में आप सभी लोग अपने अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप अवश्य लगायें जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। ऐसा नहीं करने पर वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई की जायेगी।

आकर्षक आ-
ॅफर, मात्र 300
मे लगवाए
विज्ञापन

जमीन खरीदने के नाम पर युवक को ठगा

थाने जा रहे युवक के पिता को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। जमीन खरीदने के नाम पर नेपाली युवक से लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई। रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। थाने आ रहे उसके पिता के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नेपाल के जिला कंचनपुर के नगरपालिका शुक्ला फाटा निवासी विकास बोहरा पुत्र मोहन सिंह ने बताया कि उसका हजारा थाना क्षेत्र के गांव बजार घाट निवासी विक्कु (विक्रम) पुत्र ओमप्रकाश को करीब डेढ साल से जानता है। जिससे उसका उसके घर आना जाना है।युवक को जमीन खरीदने थी।इस पर उसने विक्रम को बताया।जिस पर विक्कु ने किशन प्रसाद राणा से मिलवाया था।जमीन नेपाल बॉर्डर की तरफ दिखाई थी। और उसके कागजात भी दिखाए। 12 दिसंबर को विक्कू राजू निवासी बजार घाट,बलराज सिंह निवासी टाटरगंज पर विश्वास करके नेपाली युवक ने नेपाली राष्ट्रीय के एक लाख रुपये दिए थे। 13 दिसंबर को शाम बलराज के घर पर नेपाल राष्ट्रीय के 6 लाख रुपये को दिए। 3972000 रुपये नेपाल राष्ट्रीय के पहले ही दे दिए थे।कुछ दिन वाद आरोपियों से जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए कहा तो वह मना करने लगे,आरोप है कि बलराज की पत्नी ने उसके साथ गाली-गलौज कर रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।लाखों रुपए भी चलेगे और जमीन भी नहीं मिली।पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने किशन प्रसाद राणा के साथ मिलकर धोखाधड़ी कर उसके रुपए हड़प लिए। उसके चाचा केशव बोहरा थाने के लिए आ रहे थे तो बजार घाट में विक्कू की मां, पत्नी राजेंद्र की पत्नी ने रास्ते में रोक कर गाली-गलौच कर दी। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हजारा पुलिस ने बताया नेपाली युवक से जमीन खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।विवेचना के तहत कार्रवाई की जाएगी।

विद्युत विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ लामबंद हुए उपभोक्ता

बसूली से भडके उपभोक्ताओं ने विधायक को सौंपा पत्र

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों की बिजली सप्लाई काटने के बाद पुनः जोड़ने के नाम पर रुपए ऐंठने के मामले में लामबंद हुए ग्रामीणों ने पूरे मामले की शिकायत विधायक से कर कार्रवाई कराई जाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर निवासी अरुण मिश्रा, बृजेश कुमार, आशीष तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, नन्हे शर्मा, प्रेमचंद्र शर्मा,मनीष शर्मा,विनोद कुमार, मनोज, हरीश कुमार, विक्रम,महेंद्र कुमार, प्रमोद तिवारी आदि ग्रामीणों ने क्षेत्रीय भाजपा विधायक बाबूराम पासवान को दिए पत्र में कहा कि विद्युत विभाग के संविदा कर्मी राजीव लाइनमेन व एक अन्य कर्मचारी व प्राईवेट कर्मचारी पप्पू अवस्थी जिसे जेई० आर०एन० पाण्डेय ने अपनी तरफ से लगा रखा है।इन लोगों द्वारा ग्राम पंचायत सुल्तानपुर के काफी संख्या में विधुत कनेक्शन काट दिये गये हैं।जब गांव के लोग बिजली बिल जमा करने के लिये पूरनपुर आते हैं तो मीटर रीडिंग की वीडियो मांगी जाती है,आरोप है कि उपरोक्त पप्पू अवस्थी व लाइनमेन प्रति व्यक्ति से 500/-रू० रिश्वत लेनेके बाद ही तार बांधते हैं,जो व्यक्ति रूपया नहीं देता है उसकी लाइन नहीं बांधी जाती है और धमकी दी जाती है कि अगर पांच सौ रूपया नहीं दोगे तो तुम लोगों की आरसी जारी करके तुम लोगों को जेल भिजवा दिया जायेगा। विद्युत कर्मचारी की इस हठधर्मी और आर्थिक उत्पीड़न से परेशान ग्रामीणों ने कटे हुए कनेक्शन जुड़वाने सहित आरोपी कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

किशोरी को फुसलाकर ले गया युवक, पुलिस को तहरीर

पूरनपुर। परिजनों की गैर मौजूदगी में पडोसी गांव का एक युवक किशोरी को फुसला कर अपने साथ ले गया। जानकारी लगने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका है।तहरीर पुलिस को दी गई है।

सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव के रहने वाली किशोरी 14 दिसंबर को अपने घर पर थी।परिवार के लोग घर पर नहीं थे।इसी का फायदा उठाकर थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी मोहित कुमार गांव पहुंच गया।इसके बाद वह फुसला कर किशोरी को अपने साथ ले गया।घर वापस लौटे परिजन नाबालिग को न पाकर उनके होश उड गए।परिवार के लोगों ने गांव के अलावा अपनी रिश्तेदारी में खोजबीन की।लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परेशान किशोरी के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।घटना को लेकर परिवार के लोगों ने अनहोनी की आशंका जताकर उसको बरामद करने की मांग की है।अन्य मामले में माधोटांडा थाना क्षेत्र की एक महिला अपने दो बच्चों को छोडकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गए। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नही चल सका। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है।पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है।

डिग्री कॉलेज के नजदीक बाघ के पहुंचने से खलबली

कलीनगर तहसील क्षेत्र में इन दिनों कई बाघ आबादी और गांव के नजदीक घूमते दिखाई दे रहे हैं। मंगलवार देर शाम बाघ कलीनगर चांदूपुर मार्ग पर स्थित एमजेके डिग्री कॉलेज के नजदीक पहुंच गया।जानकारी लगने के बाद महाविद्यालय के आसपास फार्म हाउस के किसानों में खलबली मच गई। घटना को लेकर कई लोग मौके पर पहुंच गए। बाघ महाविद्यालय के नजदीक खेतों में छिपे होने की बात कही जा रही है।यहां के रहने वाले करनजीत सिंह ने मामले की शिकायत वन विभाग के अफसरों से की है।घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत देखी जा रही है।

बाघ ने पालतू गाय को मौत के घाट उतारा, सूचना पर पहुंची संपूर्णानगर वन विभाग की टीम

पूरनपुर। बाघ ने खेत में चर रही पालतू गाय पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी लगने के बाद ग्रामीणों में खलबली मच गई। सूचना मिलने के बाद संपूर्णानगर वन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की है। लगातार वन्यजीवों चहल कदमी दहशत देखी जा रही है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व और दुधवा नेशनल पार्क की सीमा खुली होने के चलते बाघ,तेंदुआ,हाथी,गंदे सहित अन्य वन्य जीव खेतों और आबादी में घूमते नजर आ रहे हैं। तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव धर्मपुरी निवासी बड़े की गाय खेतों की तरफ चर रही थी।तभी जंगल से निकले बाघ ने गाय पर

हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी लगने के बाद क्षेत्र में खलबली में मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीण को खोजबीन के दौरान गाय का अध खाया शव खेत से बरामद हुआ है। सूचना मिलने के बाद लखीमपुर खीरी के संपूर्णा नगर वन क्षेत्र के वनाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की है।दो दिन पहले हमला कर सिंघाड़ा और टाटरगंज के ग्रामीणों की बकरियों परहमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इसमें 6 बकरियों की मौत हो गई थी।लगातार वन्यजीवों की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत देखी जा रही है। गांव को लोगों ने वन्यजीवों को पकड़कर जंगल में छोड़ने की मांग की है।

भालूओं की चहलकदमी से दहशत,वीडियो वायरल

पीलीभीत। तहसील पूरनपुर क्षेत्र की हरिपुर रेंज में भालू का जोड़ा चहलकदमी करता नजर आ रहा है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की खुली सीमा होने के चलते अक्सर जंगली जानवर सड़कों व गांवों के आसपास नजर आते हैं। टाइगर रिजर्व जहां अपने बंगाल टाइगर्स के लिए मशहूर है तो वही इस जंगल में समय-समय पर विभिन्न जंगली जानवरों के दर्शन हुआ करते हैं। मंगलवार भालू का जोड़ा चहलकदमी करते हुए नजर आ रहा है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा और यह वीडियो हरिपुर रेंज का बताया जा रहा है वीडियो

पीला ईंट पहुंचने से नाराज ग्रामीणों ने काटा हंगामा

नालियों का होना निर्माण,विरोध के बाद ईंटे की वापस

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। नालियों के निर्माण के लिए पीला ईंट लेकर पहुंचे भट्ट कर्मचारियों को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन के बाद ईंट को वापस करा दिया। उनकी मांग है की नाली निर्माण में पीला ईंट का प्रयोग नहीं होने देंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव नरायनपुर ता.घुंघचाई में क्षतिग्रस्त नालियां पड़ी हुई है।कई नालियां तो जमीन में धस गईं हैं।लाखों की लागत से नालियों के निर्माण के लिए गढ़वाखेड़ा क्षेत्र के ईंट भट्टे से पीला ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली लेकर मजदूर गांव पहुंचे,नालियों के निर्माण के लिए पीला ईंट आने की सूचना मिलने पर दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।ईंटों को देखते ही उन्होंने जमकर हंगामा काटा। उनकी मांग है कि घटिया सामग्री और पीला ईंट से नालियों का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।काफी देर तक ग्रामीम नाराज की जताते रहे।लोगों ने काफी समझाया लेकिन ग्रामीणों ने पीला ईंट लगाने से इनकार कर दिया। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक ने मामले की सूचना अपने अधिकारियों को दी।काफी प्रयास के बाद भी ग्रामीण नहीं माने और उन्होंने पीला ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली को वापस कर दिया। ग्राम प्रधान कंधई सिंह ने बताया कि नालियों के निर्माण के लिए ट्रैक्टर ट्राली से ईट पहुंची थी।लेकिन ईंट घटिया क्वालिटी और पीली थी। इसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया था।उनका विरोध भी सही है।पीला ईंट से काम नहीं होने दिया जाएगा।मानक के तहत ईंट आने पर नालियों का निर्माण शुरू कराया जाएगा।इस दौरान पंचायत सदस्य सुखलाल वर्मा, हरिपाल, कमलेश, विपिन, पूरनलाल, धनीराम, विजय सहित कई लोग मौजूद रहे।

ट्रक और ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत में चार घायल, रेफर

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव जेठापुर निवासी राघवेंद्र सिंह, प्रशांत और लक्ष्मण वुधवार को ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना लेकर गोला चीनी मिल जा रहे थे।जैसे ही ट्रैक्टर ट्राली चीनी मिल के पास पहुंची,इसी दौरान बहराइच से धान लेकर आ रहा ट्रक की ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ंत हो गई।जिसमें ट्रैक्टर ट्राली पर सवार तीन किसान और ट्रक चालक अकरम निवासी किछा सहित चार लोग घायल हो गए। हादसे को लेकर हडकंप मच गया। लोगों की भारी भीड मौके पर जुट गई। सभी घायलों को आनन फानन में उपचार के लिए नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

विवाहिता को शादी का झांसा देकर ले गया युवक

पूरनपुर। विवाहिता को शादी का झांसा देकर युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। जब इस बात की जानकारी विवाहिता के परिजनों को लगी तो उनके होश उड गए। उन्होंने विवाहिता की काफी तलाश की,लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।पुलिस से शिकायत की गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी कर दी थी। इसके बावजूद दुसरे गांव निवासी एक युवक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर कर शादी का झांसा देकर भगा ले गया। जानकारी लगने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने काफी खोजबीन की,लेकिन उसके बाद भी विवाहिता और आरोपी युवक का कोई सुराग नहीं लग सका।जिसको लेकर परिजन काफी परेशान है। विवाहिता की मां ने कोतवाली पहुंचकर दुसरे गांव निवासी युवक पर पुत्री को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का आरोप लगाकर युवक के खिलाफ पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।कोतवाल प्रवीण कुमार ने वताया मामले की तहरीर पर जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर जल्द ही उसको वरामद कर लिया जाएगा।

शेरपुरकला में हुई संकुल स्तरीय मासिक बैठक

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला के वार्ड नंबर दो के प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देश पर संकुल स्तरीय

मासिक बैठक का आयोजन गांव के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित की गई।जिसमे एआरपी बृजेश देव मौर्य की देखरेख में संपन्न हुई। बैठक में प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका हुमेरा बी,मीना बी,राजेश कुमार व हरीशरण ने डीएलएम का प्रदर्शन किया। दूसरी ओर आदित्य मोहन ने शिक्षण योजना,अरशद खान ने विज्ञान किट,दिलनवाज खान ने गणित किट,व प्रशांत ने दस टूल किट के बारे में कई स्कूलों से आए हुए शिक्षक व शिक्षिकाओं को विस्तार से जानकारी दी।संकुल शिक्षक वृजेश कुमार पांडे,कपिल मिश्रा,मो.फुरकान,वीर सिंह कुशवहा,फईम खान ने विधालयों को निपुण वनाने के लिए अलग अलग जानकारियां दीं गईं।छात्र छात्राओं ने दहेज प्रथा जैसी कुरीति पर एक लघु नाटक प्रस्तुत कर समा वांध दिया।शेरपुरकला के उच्चा प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने आक्सीजन के वारे में विस्तार से जानकारी दी।बैठक में न्याय पंचायत जटपुरा के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।बैठक का संचालन शंकुल शिक्षक बृजेश पांडे ने किया।इस दौरान रजवंत कौर, सुपद कुमार,अजरा बी,संजय भारती, मोहम्मद यूसुफ,कामिनी, मोहम्मद जफर, ज्योति सहित कई मौजूद रहे।

खेत पर गए दंपति को बहरेमी से पीटा, मुकदमा दर्ज

अन्य मामले में घुंघचाई क्षेत्र के एक दंपति को पीटा

पूरनपुर। खेत पर गए ग्रामीण को रास्ते में घेरकर आरोपी ने साथियों की मदद से पिटाई लगा दी। बचाने आई पत्नी को भी जमकर पीटा। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव बुधेली निवासी लालाराम ने बताया कुछ दिन पहले उनके पुत्र गांव के ही एक प्रमोद के साथ हरियाणा में बाजरा काटने गया था। वहां हिसाब होने के बाद युवक के 10 हजार बाकी रह गए थे। घर आने के दौरान युवक द्वारा रुपए मांगने पर विवाद हो गया। इससे आरोपी रंजिश मानने लगे।आरोप है प्रमोद ने साथियों की मदद से सचिन को बेरहमी से पिटाई लगा दी।बचाने आई उसकी पत्नी मीरा देवी की भी पिटाई लगा दी। इसके बाद जेब में रखी 30 हजार की नगदी छीन ली। मामले को लेकर हडकंप मच गया। शोर मचाने पर गांव के कई लोग पहुंच गए।इस पर आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए थे।युवक ने बताया उसके मामा ने घर बनवाने के लिए 30 हजार रुपए दिए थे।घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने गांव के ही प्रमोद, दिनेश,प्रषोद और मलकीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने वताया कि मामले की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।मामले की विवेचना की जा रही है। एक अन्य मामले में घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कढेया निवासी बराती लाल ने बताया कि गांव के ही प्रताप सिंह यादब,चमन सिंह,सुमन सिंह यादव उसको गाली गलौज करना शुरू कर दिया।विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसकी पिटाई लगाई। शोर शराबा करने पर वचाने आई पत्नी द्रोपती को भी पीटकर घायल कर दिया।मेडिकल परीक्षण के बाद घुंघचाई पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी कपिल कुमार ने बताया मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।विवेचना की जा रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में दी गई जानकारियां

पात्र व्यक्ति को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ:तिवारी

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत भगवंतापुर और गुलडिया खास में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व स्वास्थ्य राज्य मंत्री डा.विनोद तिवारी व भाजपा विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान ने कार्यक्रम में आए हुए ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा यह योजना पूरे भारत में चलाई जा रही है।इस योजना के माध्यम से प्रत्येक पात्र गरीब परिवार के लाभार्थियों को सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी गांव में पहुंचकर जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।जिसका लाभ आने

वाले दोनों में आम जनता को निश्चित ही प्राप्त होगा।यह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की एक सराहनीय पहल है।यह विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीब परिवारों के लिए सभी योजनाओं की जानकारी देने में वरदान साबित हो रही है।योजनाओं के विषय में लाभार्थियों को जानकारी देने का कार्य किया।जिन में प्रमुख रूप से दीनदयाल योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पेंशन योजना, जनधन योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला, किसान सम्मान निधि,महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह,आयुष्मान भारत सहित कई योजनाओं का कैसे लाभ लाभार्थी प्राप्त करें इसके विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं मौजूद रहीं।

खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चो ने दिखाई प्रतिभ,ा पुरस्कार देकर बच्चों को क्लब ने किया सम्मानित

पूरनपुर। रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स और इनर व्हील क्लब पूरनपुर पल्स ने संयुक्त रूप से एकदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जय सतगुरु देव सविता आत्माराम इंटर कॉलेज महादिया पूरनपुर में आयोजित किया।क्लब के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया कि इस एक दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह के द्वारा गणेश जी के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला मंत्री अनुराग अग्निहोत्री संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।कार्यक्रम में खो-खो कबड्डी वॉलीबॉल ऊंची कूद,लंबी कूद, दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में राहुल प्रथम,जीत कुमार सेकंड,प्रमोद कुमार तृतीय स्थान प्राप्त करा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रूपा देवी,सेकंड नेहा,तृतीय स्थान कोमल ने प्राप्त करा खो खो प्रतियोगिता में

कक्षा 12 की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त करा,कबड्डी प्रतियोगिता में अमन कुशवाहा की टीम ने विजय प्राप्त की बालिका वर्ग की कब्बड़ी प्रतियोगिता में रूपा देवी की टीम विजय हुई लंबी कूद बालक वर्ग में प्रथम करण, राहुल सेकंड,मुकेश तृतीय स्थान प्राप्त करा बालिका वर्ग में प्रथम नेहा,सेकंड सुनायेना,तृतीय स्थान खुशी ने प्राप्त किया।बालिका वर्ग की रस्सी खीच में प्रथम स्थान प्रिया की टीम ने प्राप्त किया।कार्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बॉलीवॉल प्रतियोगिता में रचित की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स द्वारा निरंतर किया जा रहा है सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की जिला मंत्री ने रोटरी क्लब और इनरवियर के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।अंत में सभी प्रतियोगिताओं के विजय ए बच्चों को क्लब के द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से इनरव्हील पर्ल्स की संस्थापक अध्यक्ष पूनम अग्रवाल,अध्यक्ष श्वेता गुप्ता, राखी अग्रवाल,शालिनी चौहान,रोटरी रॉयल्स के अध्यक्ष शेखर सिंह,सचिव ऋषि खन्ना,प्रशांत सक्सैना,संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया मौजूद रहे।विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश राठौड़ एवं समस्त शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।आए हुए अतिथियों को दोनों क्लबो की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान कर संस्थापक अध्यक्ष द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे
लगवाए विज्ञापन

संभागीय अधिवेशन अमृत वाटिका सतना में संपन्न

विजय तिवारी शहडोल

अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद नीलांजना संभाग का संभागीय अधिवेशन का सतना में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित हुआ अधिवेशन में केंद्रीय अध्यक्ष श्रीमती निर्मला , श्रीमती पुष्पा जैन , प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी संभागीय अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका जैन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, शहडोल से प्रांतीय सहसचिव श्रीमती साधना जैन, प्रांतीय गौ रक्षा प्रभारी श्रीमती मंजू लता जैन, अध्यक्ष श्रीमती अंजू लता जैन, सचिव श्रीमती ममता जैन कोषाध्यक्ष श्रीमती राखी जैन , श्रीमती ऋतु जैन, श्रीमती रानू जैन श्रीमती लीना जैन, श्रीमती सीमा जैन, उमा जैन अनीता जैन ने सहभागिता की कलश सजाओ प्रतियोगिता में शहडोल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, शहडोल के 2 वर्ष के क्रियाकलापों का एल्बम जबलपुर के प्रांतीय अधिवेशन में सम्मिलित होने की सूची में नामांकित हुआ, शहडोल की शाखा के द्वारा ब्लड डोनेशन विषय पर बैनर प्रेजेंटेशन दिया गया , पांच सदस्यों के द्वारा मंगलाचरण

नृत्य प्रस्तुत किया गया, अंजू लता जैन को उत्कृष्ट अध्यक्ष, श्रीमती राखी जैन को कोषाध्यक्ष तथा ममता जैन को सचिव का पुरस्कार प्राप्त हुआ श्रीमती साधना जैन तथा श्रीमती मंजुला का जैन को प्रांतीय पदाधिकारी के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मान प्राप्त हुआ अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पारस नाथ शाखा के द्वारा विगत 2 वर्षों में ब्लड डोनेशन, दिव्यांग छात्रावास, वृद्ध आश्रम, गौशाला जाकर सेवा कार्य इसके अलावा प्रतिभावान छात्र सम्मान,वरिष्ठ जन सम्मान, वृक्षारोपण कार्यक्रम ,अर्बन बेसिक स्कूल एवं उत्कृष्ट विद्यालय में स्टेशनरी वितरण, प्रति माह भक्तांबर पाठ का आयोजन ,धार्मिक और सामाजिक आयोजन किए हैं, अब परिषद के सदस्य 25 फरवरी 2024 को प्रांतीय अधिवेशन में सहभागिता करेंगे।

पाली महाविद्यालय में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण ब्यूरो उमरिया

शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में सीपेट रायपुर द्वारा एक कौशल विकास प्रशिक्षण संबंधी एक कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली के स्वामी विवेकानद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के झा ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूर्णतः निशुल्क है, जिसमे प्रशिक्षण के साथ ही निशुल्क आवासीय एवं भोजन सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। 6 माह के इस प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं को अलग-अलग कौशल क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाकर प्रशिक्षण उपरांत प्लेसमेंट भी किया जाएगा। सीपेट रायपुर से आये अधिकारी

नीरज सारमा द्वारा बताया गया कि एसईसीएल क्षेत्रान्तर्गत खनन प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अंग्रेजी विभाग से डॉ मंसूर अली ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थी अध्ययन के दौरान ही प्रशिक्षित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है। हरलाल अहिरवार ने विद्यार्थियों को स्वरोजगार के संबंध में ज्ञानवर्धन किया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन योजना के प्रभारी डॉ शाहिद ए सिद्दीकी, ग्रंथपाल अनुभव श्रीवास्तव, डॉ जेपीएस चौहान, डॉ नरेश शुक्ला, डॉ मनीषा अग्रवाल, डॉ त्रिभुवन गिरी एवं बालेंद्र यादव एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

भाजपा की सरप्राइज पॉलिटिक्स

समाज जागरण

शहडोल । भाजपा की 'सरप्राइज पॉलिटिक्स' से शहडोल की राजनीति इन दिनों सहमी सहमी सी है। बदलाव की बयार की आहट तो सभी महसूस कर रहे थे, लेकिन ये बदलाव बड़े-बड़े किलों को लांघकर होगा, यह किसी ने नहीं सोचा था। शहडोल में भी कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है पिछली सरकार की उपेक्षा के बाद शहडोल के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अब नई सरकार से आस जगी है कि मंत्रिमंडल में उनकी भी भागीदारी होगी। लेकिन नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को यह डर भी सतारहा है कि जिस तरीके से प्रदेश का मुख्यमंत्री चुना गया है। भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने के साथही मंत्री पद के दावेदारों के समक्ष यह भी स्पष्ट हो गया था कि इस बार

मुकाबला और कड़ा होगा। किंतु दावेदारों को असल डर चौंकाने की राजनीति से लगने लगा है। इससे तक नवनिर्वाचित विधायकों को भी सरकार के गठन से उम्मीद है जिनके समर्थक बाकायदा सोशल मीडिया में अपने विधायक के मंत्री पद में चुने जाने की मुनादी भी कर रहे हैं। दावेदार अपने-अपने नेताओं को फोन लगाकर यही पूछ रहे हैं कि इस बार मेरा कुछ होगा या नहीं। उनको जवाब दिया जा रहा है कि सब ठीक होगा। लेकिन उन्हें भी पता है कि जो भी होगा, दिल्ली से ही होगा। आखिर मिनिस्टर इन वेटिंग वाले विधायक तो दो ही हैं।

कानपुर : बुद्ध धम्म एवं अंबेडकर ज्ञान कथा में रविदास प्रतिमा तोड़ने से पहेवा में तनाव

सुनील बाजपेई

कानपुर। 9 दिवसीय बुद्ध धम्म एवं अंबेडकर ज्ञान चर्चा कथा के दौरान के हिंदू देवी देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ साढ़ थाने के भीतरगांव के पहेवा में बवाल हो गया। इस दौरान संत रविदास की प्रतिमा भी तोड़ दी गई ,जिससे बवाल बढ़ने पर मारपीट और फायरिंग भी हो गई ,जिसमें तीन लोग घायल हो गए । घटना में पुलिस ने घाटमपुर विधायक के निजी प्रो समेत ऑटो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पांच लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। अब अन्य की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं । वहीं पुलिस ने लोगों को शांत करने के लिए संत रविदास की नई प्रतिमा भी लगाई हैलेकिन घटना को लेकर क्षेत्र में तनाव अभी भी बरकरार है`

बताया गया की कथा के दौरान जैसे ही हिंदू देवी देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई । लोग उग्र हो गए और जमकर बवाल कर बैठे । इस दौरान उपद्रवियों ने जमकर बवाल किया। पंडाल में तोड़फोड़ की और विरोध करने पर साउंड सिस्टम मालिक समेत दो पर साबड़ से हमला करके उन्हें अधमरा कर दिया। हवाई फायरिंग करके इलाके में दहशत फैला दी। इसके पहले की मौके पर पुलिस पहुंच पाती बवाल करने वाले लोग गाड़ियों में सवार होकर भाग निकले।

फिलहाल फिलहाल कानून और शांत व्यवस्था को चुनौती देने वाली इस घटना में आयोजक की तहरीर पर पुलिस ने घाटमपुर विधायक के निजी पीआरओ समेत आठ के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। दरअसल यहां पर बुद्ध धम्म एवं अंबेडकर ज्ञान चर्चा के तहत दिन और रात में कथा चल रही है। आरोप है कि इसी कथा के दौरान देवी देवताओं पर की गई टिप्पणी बावल का कारण बन गई दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार आयोजन स्थल पर तख्तों पर देखरेख के लिए पंडाल और साउंड कर्मचारी सो रहे थे। रात करीब दो बजे चार पहिया वाहनों में पहुंचे चन्द्रभान मित्रा, गोलू मिश्रा, शिवम मित्रा, जोतू मिश्रा, अरुण त्रिवेदी, किन्नर मिश्रा, विशंभर मिश्रा सभी निवासीगण परेवा व घाटमपुर विधायक सरोज कुरोल के घाटमपुर के रार निवासी निजी पीआरओ मनीष तिवारी ने पंडाल में घुसकर साउंड मालिक पिंटू कुशवाहा व उसके कमी नितिन कुमार को साथड़ से जमकर पीटा। पंडाल में लगे टेंट के पर्दे फाड़ दिए, 50 से अधिक कुर्सियां, माइक आदि तोड़ दिया।

रिपोर्ट के मुताबिक बवाल करने वाले पूजन स्थल में 'रखी 20 हजार की नकदी, मोबाइल फोन उठाकर राइफल से चार राउंड हवाई फायरिंग करते हुए कारों से ही भाग निकले। आयोजक रामसागर पासवान को ओर से सभी आरोपियों पर बलवा, डकैती, मारपीट, तोड़ फोड़ समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। घटना की सूचना पर जेसीपी आनंद्र प्रकाश तिवारी, जेसीपी क्राइम नीलाब्जा चौधरी, एडीसीप अंकिता शमां और एलआईयू एडिश्नल राजेश श्रीवास्तव भी पहुंचे। जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि तोड़ी गई संत रविदास की प्रतिमा नई मंगवाई गई है। साथ ही गांव में तनाव की स्थिति देखते हुए तीन प्लाटून पीएसी समेत कई थानों का पुलिस बल तैनात किया गया है। घटना में पांच आरोपियों को जेल भेजने के बाद पुलिस अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है।

24 घण्टे के अंदर ..... अब बाघिन की मौत वन प्रेमियों की चिंता बढ़ी

समाज जागरण
विजय तिवारी उमरिया

बांधवगढ टाइगर रिजर्व के पोंडी सर्किल के पास 24 घण्टे के अंदर एक दूसरे बाघिन के मौत की खबर है,सूत्रों की माने तो बुधवार की सुबह मृत अवस्था मे मिली बाघिन करींब 10 वर्ष की है।कयास लगाए जा रहे है कि मंगलवार को मिले 7 वर्षीय मृत नर बाघ और बाघिन का आपसी संघर्ष हुआ है,जिसमे एक बाघ और एक बाघिन की मौत हुई है।आपको बता दे 24 घण्टे पहले यानी मंगलवार को भी घटना से दो किमी दूर 7 वर्षीय एक नर बाघ का शव मिला था,जिसके बाद से ही पार्क अमला दूसरे घायल बाघ की निगरानी कर रहा था,इसी बीच ताला रेंज के आरएफ 315 बीट-महावन में 7 वर्षीय बाघिन का शव मिला है।सूत्रों की माने तो मृत बाघिन का शरीर कई जगह से गम्भीर रूप से चोटिल है,माना जा रहा है कि आपसी संघर्ष के बाद गम्भीर जख्म और अत्यधिक रक्त स्राव से टाइग्रेस की मौत हुई होगी।साल भर के अंदर दर्जन भर से अधिक बाघों की मौत वन्य प्रेमियों के लिए बहुत चिंता का

विषय है।बांधवगढ टाइगर रिजर्व से 24 घण्टे के अंदर दो बाघों की मौत बड़ा सवाल है,अभी तक आधिकारिक रूप से डेथ टाइगरस को लेकर यह भी साफ नही है कि ये कौन से टाइगर है,जिनकी मौत हुई है,हालांकि अपुष्ट सूत्रों की माने तो मंगलवार को मृत मिला 7 वर्षीय नर बाघ के बजरंग बाघ होने की संभावना जताई जा रही है,वही बुधवार को मिले मृत 10 वर्षीय बाघिन को शेषशैय्या वाली बाघिन के रूप में देखा जा रहा है,दरअसल शेषशैय्या वाली बाघिन 2015 से इस क्षेत्र में एक्टिव रही है,जिस वजह से 10 वर्षीय मृत बाघिन को शेषशैय्या वाली बाघिन के रूप में देखा जा रहा है,हालांकि ऐसी संभावना है कि आईडी न होने की वजह से पदमार्क,शारीरिक धारियां आदि देखकर विशेषज्ञ टीम जल्द ही मृत बाघों की पहचान कर लेगी।

रात भर जाग कर ग्रामीण हो रहे परेशान,वन अमला लगा निगरानी मे,दूसरा हाथी चोलना के सीमा में

अनूपपुर/अनूपपुर जिले में विगत 5 दिनों से एक नर हाथी निरंतर कोतमा,जैतहरी एवं अनूपपुर वन परिक्षेत्र के जंगलों में दिन भर आराम करने बाद देर शाम-रात को विभिन्न ग्रामीण अंचलों में प्रवेश कर ग्रामीणों के बांड़ी,खलिहानों में रखें अनाज एवं फलों को आहार बना रहा है हाथी के उत्पादन से परेशान ग्रामीण परिवार सहित रात्रि जागरण करने को मजबूर हो रहे हैं वही वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी हाथी की निगरानी के साथ ग्रामीणों को सतर्क करने में लगे हुए हैं यह हाथी टार्च की रोशनी देखकर या ग्रामीणों के अपने इलाके से भगाए जाने पर दौड़ाने का प्रयास कर रहा है वर्तमान समय तक स्थिति सामान्य है लेकिन ग्रामीणों का जीना मुश्किल कर रहा है।

विवरण में प्राप्त जानकारी अनुसार एक नर हाथी जिसके एक दांत बड़े तथा एक छोटे आकार के हैं विगत 16 दिसंबर को छ,ग,राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र अंतर्गत शिवनी बीट से म,प्र,के अनूपपुर जिले के कोतमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत पड़ौंर बीट में सोननदी पार कर आकर दिन भर आराम करने बाद देर शाम-रात को जैतहरी वन परिक्षेत्र से अनूपपुर वन परिक्षेत्र के बेलिया,पिपरिया,अगरिया नार,अनूपपुर,किरर,औढेरा बीट के जंगलों में दिन भर आराम करने बाद देर साम-रात को जंगल के आसपास के ग्रामों में ग्रामीणों के खलिहानों में रखें धान की फसल एवं बांड़ी में लगे केला,गन्ना आदि फलों को अपना आहार बना रहा है,एक बार फिर से एक हाथी के आने के कारण ग्रामीण जन परिवार सहित रात भर जागने को बाध्य हो रहे हैं वही अनूपपुर वन मंडलाधिकारी एस,के,प्रजापति द्वारा हाथियों पर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सुरक्षित रहने की सलाह हेतु वन विभाग अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी के आदेश पर वन परीक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा,परि,सहा,आर,एस,शर्मा,आर,यस,सिकरवार,वन परिक्षेत्र अनूपपुर के परि,सहा,देवेंद्र कुमार पांडेय,संतोष कुमार श्रीवास्तव,रमेश प्रसाद पटेल वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल के साथ दोनों वन परिक्षेत्रो के वनरक्षक,सुरक्षा श्रमिको के साथ ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि निरंतर हाथियों पर निगरानी बनाए हुए हैं यह अकेला हाथी मंगलवार की सुबह अनूपपुर बीट के पटपरहा,डिडवापानी गांव से लगे जंगल में दिनभर आराम करने बाद देर शाम-रात को पहाड़ चढ़कर किरर बीट के अकुआ गांव में पहुंचकर शिक्षक ननसू बैगा के बांड़ी में लगे केले के पेड़ को तोड़कर नष्ट कर खाने बाद उनके चाचा स्व,लामू पिता भीखम बैगा एवं राम प्रसाद पिता धन्तू सिंह के खलिहान में रखें धान की करही को खाने बाद अकुआ से खोलईया वनमार्ग से मंगलवार की सुबह औढेरा बीट के बेलहाई जंगल जो खोलईया-केकरपानी गांव से लगा हुआ है मे दिन भर ठहरने बाद देर शाम-रात को गौरेला गांव के बड़काटोला निवासी बृजभान पिता वीर सिंह के बाडी में घुसकर बाउंड्री की दीवार तोड़ते हुए आंगन में रखे धान को खाने बाद बांड़ी में लगे हल्दी के पौधों को कुचलते हुए सिंचाई के लिए रखे गए पाइप को तोड़फोड़ करने बाद चंद्रभान सिंह के खलिहान में रखे धान की करही को खाते हुए देर रात की केकरपानी गांव के बधियाटोला की पहाड़ी में चढ़कर विश्राम करने बाद बुधवार की सुबह 5 बजे उतरते हुए दुआही टोला में कमल सिंह परस्ते,चतुर सिंह,शंभू सिंह के घर के पास से ठेलरहा गांव के समीप स्थित कुदुरझोरी नाला के समीप कक्ष क्रमांक आर 357 दुधमनिया बीट के बांका के जंगल में विश्राम कर रहा है यह हाथी ग्रामीण एवं वन विभाग के दल द्वारा दिखाए जाते टॉर्च को की रोशनी को देखकर दौड़ाने का प्रयास करता है हाथी के आने के संभावित ग्रामों में वन विभाग एवं ग्राम पंचायतो द्वारा मुनादी करा कर ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं इस दौरान कई गांव में अनेको व्यक्तियों को जो गांव से बाहर तथा जंगल के किनारे खेतों एवं अन्य स्थानों में अलग-अलग तरह से कच्चे घर बनाकर परिवार सहित रह रहे हैं को चिन्हित कर देर रात होने के पूर्व पक्के मकान या गांव के बीच बस्ती में सुरक्षित रहने को भेजा गया, एक दूसरा हाथी जो एक दांत वाला है म,प्र,एवं छ,ग,की सीमा में छत्तीसगढ़ के मरवाही बीट अंतर्गत घुसरिया बीट के कक्ष क्रमांक 2049 की पहाड़ी में विगत तीन दिनों से दिन में जंगल में रहकर देर साम-रात होने पर आसपास के ग्रामीणों इलाके में चुपचाप पहुंचकर नुकसान पहुंचा रहा है यह हाथी मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा में निरंतर तीन दिनों से मरवाही वन परी क्षेत्र के घुसरिया बनी हुई है बीट में विचरण कर रहा है जिस पर वन बनी हुई है परिक्षेत्र जैतहरी के चोलना बीट के वनरक्षक एवं ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि निरंतर हाथी के विचरण की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं वर्तमान समय तक स्थिति सामान्य

जनपद पंचायत मस्तूरी अंतर्गत ग्राम पंचायत लावर से हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज

समाज जागरण ब्यूरो

मस्तूरी। ग्राम पंचायत लावर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें सुबह 9:00 बजे ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का वेन ग्राम पंचायत परिसर में पहुंच गया था। सर्वप्रथम कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा की रथ का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मस्तूरी के निदेर्शानुसार विकासखंड के विभिन्न विभागों के द्वारा इंस्टॉल लगाया गया था जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई । शिविर में उपस्थित ग्राम वासियों ने उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत निर्मित शौचालय ,प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड से मिले लाभो को शिविर में बताया। मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत ग्राम पंचायत लावर के स्वास्थ्य सहायता समूह एवं लाभार्थियों ने शासन की योजनाओं से मिले हुए लाभ को बताया। माननीय प्रधानमंत्री जी के संदेश को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लोगों को दिखाया गया एवम

सुनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनपद पंचायत मस्तूरी से नायब तहसीलदार उमाशंकर लहरे , विकासखंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज ,डीईओ देवांगन ,मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रुचि विश्वकर्मा , सहायक लेखा अधिकारी अभिषेक तंबोली , जनपद पंचायत के उप अभियंता श्रीमती माधुरी शर्मा , संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी साहू , तकनीकी सहायक संजय पटेल एवं त्रिभुवन प्रसाद , ग्राम पंचायत लावर की सरपंच श्रीमती राजकुमारी पटेल , उपसरपंच महेंद्र कुमार महिलांगे, सचिव श्रीमती किरण लता विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी ,स्कूल शिक्षा विभाग की शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं बच्चे तथा ग्रामवासी विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक उमेश शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ को अन्य ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात कर दी बधाई

कांग्रेस के युवा नेता अजय यादव के नेतृत्व में मिले कांग्रेस कार्यकर्ता

अनूपपुर। अनूपपुर जिले के कांग्रेस के युवा नेता अजय यादव के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ता नव नियुक्त मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं विधायक दिनेश गुर्जर से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। विदित हो कि जब जीतू पटवारी मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे तब अजय यादव युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं उमरिया जिले के प्रभारी रहे और पटवारी के उच्च शिक्षा मंत्री के कार्यकाल में यादव को जन भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय अनूपपुर का अध्यक्ष भी बनाया गया था और वह पटवारी के काफी करीबी भी माने जाते हैं। यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह एवं स्वागत समारोह में भी उपस्थित रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का अमरकंटक प्रवास 21 दिसंबर को

अनूपपुर / प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 21 दिसम्बर 2023 को अनूपपुर जिले के अमरकंटक के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 21 दिसम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे बरगी, जिला जबलपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर व्हाया शहपुरा, डिंडौरी होते हुए शाम 5 बजे अमरकंटक, जिला अनूपपुर पहुचेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अमरकंटक में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और रात्रि विश्राम अमरकंटक में करेंगे।

हिन्दुस्तान पावर के सीएसआर विभाग द्वारा किया गया निशुल्क नेत्र जॉच एवं चश्मा वितरण शिविरों का आयोजन

जैतहरी, बेहतर स्वास्थ्य को समर्पित हिन्दुस्तान पॉवर के सी एस आर विभाग द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कंपनी के प्रभावित ग्रामों में निःशुल्क नेत्र जॉच एवं चश्मा वितरण शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में ग्राम-अमगवां से 206 मरीजों ने एवं ग्राम-लहरपुर मुराटोला से 164 मरीजों ने अपने नेत्रों की जॉच कराकर लाभ प्राप्त किया, इन मरीजों में से

51 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा वितरण कराया गया और शेष जरूरतमंदों को शीघ्र ही वितरण हेतु विभाग द्वारा आश्वस्त किया।

इस कार्यक्रम का समन्वय सीएसआर विभाग के प्रमुख श्री सत्यम सलील एवं उनके विभाग के श्री सुभाषीष चक्रवर्ती द्वारा किया गया एवं उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से विभागीय टीम द्वारा सभी ग्रामों में पूर्व से प्रचार-प्रसार कराया गया, फलस्वरूप अधिक से अधिक लाभार्थियों ने इस शिविर का लाभ प्राप्त किया।

कंपनी के सीओओ एवं प्लाण्ट हेड श्री बी0के0 मिश्रा ने चश्मा वितरण कार्यक्रम में उपस्थित होकर लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ की शुभकामनाएं दी। साथ ही वितरण के दौरान कंपनी के मानव संसाधन विभाग के प्रमुख श्री आर0के0 खटाना ने ग्रामीणों को नियमित रूप से नेत्रों की सुरक्षा रखने हेतु समझाइस दी। वितरण में ग्रामीणों ने इस आयोजन के लिए हिन्दुस्तान पॉवर का हृदय से धन्यवाद् दिया।

कलेक्टर ने कंट्रोल रूम से जिले के नाकों पर रखी नजर, लापरवाही करने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (21 दिसंबर)कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के आदेश पर कंजई, रजेगांव, नहलेसरा, गुडरू, सालेटेकरी, नाटाबारिया व खैरलांजी,रिसेवाड़ा व कुलपा खैरी व मोवाड़ पर उपार्जन चेकपोस्ट सीसीटीवी से लैस स्थापित की गई। वही सीमावर्ती चेकपोस्ट पर कड़ी निगरानी की जा रही है। जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन में अवैध तरीके से धान बेचने या जिले से बाहर लेजाने में कोई कामयाब न हो इसके लिये जिला मुंख्यालय कंट्रोल रूम में सतत निगरानी की जा रही है। इस कडी में आज कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कलेक्टरर कार्यालय में स्थालपित कंट्रोल रूम में पहुच कर आज निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीइओ श्री रणदा, एएसआई मंडी मनोज एवं अनिल लिल्हाटरे उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले के सीमावर्ती बैरीयर में लगे सीसीटीवी कैमरों से चैकपोस्ट की निगरानी की साथ ही जानकारी ली। उन्होने निर्देशित किया सोसायटी नोडल से प्रतिदिन चैकपोस्ट की जानकारी ली जाऐ जिसमें नाकों से कितने ट्रक पास हो रहे है कितने बाहर जा रहे है और कितनो में मंड़ी शुल्का जमा किया। साथ ही सभी ट्रकों की जांच कि जाये । श्री मिश्रा ने निर्देशित करते हुए कहा नोडल से यह भी जानकारी लें सोसायटी अंतर्गत आने वाले बडे किसानो का सत्यापन की डेली रिपोर्ट प्रस्तुत करे। मंडी में धान उपार्जन, धान उठाव व मिलर्स की मेंपींग के साथ उनके ट्रको की जानकारी ली जाऐ प्रतिदिन कितने ट्रकों से टोटल कितने धान का उठाव किया गया। प्रतिदिन सोसायटी में कितने ट्रक लगाये गये उनकी जानकारी प्रस्तूत करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया की रात्री में नाकों का सत्यापन कर जप्त गाडियों की जानकारी लें वही नाकों से निकासी ट्रकों की जानकारी ली।

जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत सीईओ के नेतृत्व में हुई सामान्य सभा की बैठक

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (21 दिसंबर)जिला पंचायत सभागार में बुधवार को हुई बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में आजीविका मिशन, पंचायत प्रकोष्ठ, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, एमडीएम एवं शिक्षा तथा अन्य विषय में विस्तृत चर्चा की गई। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार ने कहा कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को प्रोटोकॉल के तहत महत्व दिया जाये। स्व सहायता समूहों की जानकारी जनपदवार वर्तमान में कितने स्व-सहायता समूहों एवं हितग्राही को क्या क्या कार्य दिया गया है कि जानकारी उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया। सदस्यगणो द्वारा खाद्य अधिकारी से मध्यान्ह भोजन प्रदाय करने वाले स्व सहायता समुहो को नियमानुसार राशन प्रदाय करने में बायोमेट्रिक नही लगने पर राशन लेप्स होने की शिकायत मिल रही है। जिसका समाधान कराने को कहा गया तथा कितने स्व सहायता समूहों के पास काम है या नहीं, आजीविका मिशन के समूहों के लिये कितनी राशि आई है, सभी जनपद में आजीविका मिशन अंतर्गत कौन-कौन सी योजनायें चल रही है उसमें क्या-क्या कार्य हो रहे हैं और कितनी-कितनी राशि समूहों को आवंटित की गई है की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में पंचायत प्रकोष्ठ सत्र 2022-23 की 15वां वित्त की दूसरी किश्त ट्रांसफर कर दी गई है, नहीं की गई तो क्यों इस पर विसतृत चर्चा की गई। सत्र 2023-24 की कार्ययोजना अनुसार राशि प्रदाय कराने कहा गया। मनरेगा

उपयोजना में कौन-कौन से कार्य हो रहे हैं, जो कार्य चल रहे हैं उनकी गुणवत्ता की जांच किस प्रकार की जा रही है, मनरेगा में ऑडिट किस आधार पर किया जा रहा है, आवंटन सहित जानकारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई । जिला पंचायत सदस्य श्री टामेश्वर पटले द्वारा खैरलांजी पंचायत के ग्राम पुलिया बन्दूकनाला एवं धान खरीदी कुमादेही मझगाँव के उठाव के संबंध में चर्चा की गई।

रामनगर 36वीं वाहिनी पी ए सी ने रचा इतिहास

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

रामनगर / वाराणसी स्थानीय 36वीं वाहिनी पी ए सी ने प्रदेश की चार प्रतियोगिताओं में से तीन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान लाकर इतिहास रचने में सफल रही। सर्वश्रेष्ठ प्लाटून ड्रिल, डेमोंसट्रेशन, श्रेष्ठ बाढ़ राहत दल प्रतियोगिता में वाहिनी की टीम में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान लाकर 36वीं वाहिनी का गौरव तो बढ़ाया ही साथ ही साथ वाहिनी को एक अलग पहचान दी। उक्त जानकारी वाहिनी के सेनानायक डॉ अनिल कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार की दोपहर पी ए सी परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में पिछले दिनों आयोजित पीएसी संस्थापना दिवस समारोह के अवसर पर तीनों प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने पर ट्रॉफी और नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। बेस्ट प्लाटून ड्रिल में पीसी अश्वनी पांडेय एवं उनकी पूरी प्लाटून ,श्रेष्ठ बाढ़ राहत दल में दलनायक अजीत प्रताप सिंह तथा डेमोंसट्रेशन में दलनायक निसार अहमद व सूबेदार मेजर भगवान सिंह यादव व उनकी पूरी टीम को रविवार को आयोजित सम्मेलन में इस उपलब्धि के लिए सम्मानित और पुरस्कृत किया और बेहतर भविष्य के शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर सहायक सेनानायक राजेश कुमार , प्रमोद कुमार दुबे, एस बी आई के मुख्य प्रबंधक अंबुज मिश्रा, शिविरपाल कैलाशनाथ यादव ,सूबेदार मेजर भगवान सिंह यादव, हरिओम राय, देवेश गड़ाव आदि उपस्थित थे।

25 वर्षीय नर्सिंग की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। चितईपुर थाना क्षेत्र सुंदरपुर चौकी अंतर्गत कमार्जीतपुर सुंदरपुर इलाके में दीपिका मौर्य 25 वर्षीय ने देर रात में फांसी लगाकर कमरे के भीतर जान दे दी। मामले की जानकारी उसकी सहेली देर रात जब कमरे पर वापस आई तो दरवाजा खटखटाया और आवाज लगाई लेकिन अंदर से कोई भी आवाज नहीं आई तब नरगिस ने मकान मालकिन शशि सिंह को जाकर बोली मकान मालकिन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चितईपुर थानाध्यक्ष चंद्रदीप कुमार और चौकी इंचार्ज आदित्य सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में दरवाजे को तोड़कर बॉडी को नीचे उतारा गया। पुलिस ने बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।छात्रा चंदौली के सकलडीहा इलाके में स्थित निजी नर्सिंग कॉलेज थर्ड ईयर में पढ़ाई कर रही थी।और सकलडीहा थाना क्षेत्र के पौरा गांव की रहने वाली थी।अपने घर से 5 दिन पहले निजी अस्पताल में नौकरी करने के लिए रूममेट नरगिस के कमरे पर आई थी। नरगिस रात्रि में ड्यूटी करने के लिए नर्सिंग होम चली गई। इस दौरान दीपिका अपने दुपट्टे के सहारे ही पंखे के हुक में फांसी लगा कर जान दे दी। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। सूचना पर पिता लल्लू मौर्य परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे थे। मामले को लेकर परिवार वाले भी काफी हैरान वह परेशान है। परिवार वालों का कहना रहा की 5 दिन पहले घर से काफी खुश होकर नौकरी करने के लिए आई थी।

आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पति को सजा

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी। दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने व आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले अदालत ने पति को दोषी पाने पर दंडित किया है। अपर जिला जज (पंचम) मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने मुकदमे के विचारण के बाद अभियुक्त पति विजय पटेल को दोषी पाने पर सात वर्ष के कठोर कारावास व 13 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं इस मामले में आरोप सिद्ध न होने पर दो जेठानी राजकुमारी देवी व बिंदू देवी के साथ एक अन्य आरोपित भारत भूषण को दोषमुक्त कर दिया। अदालत में अभियोजन की ओर से एडीजीसी ओंकार नाथ तिवारी ने पक्ष रखा। जबकि आरोपित भारत भूषण की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव व बृजपाल सिंह यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के नवापुरा की रहने वाली वादिनी अनिता देवी ने दशाश्वमेध थाने में 6 मार्च 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसके लड़की आरती को शादी अगस्तकुंडा, दशाश्वमेध निवासी विजय पटेल के साथ पांच साल पहले हुई थी। शादी के बाद से ही दामाद विजय पटेल व ससुराल के अन्य लोग उसकी बेटी को दहेज के लिए आएदिन मारते-पीटते व प्रताड़ित करते रहते थे। इस बीच 6 मार्च 2019 को उसे उसके दामाद विजय पटेल ने फोन से सूचना दिया कि उसकी बेटी आरती ने फांसी लगा लिया है। यह सुनकर जब वह बेटी के ससुराल पहुंची तो देखा कि मेरे दामाद विजय पटेल ने अपनी भाभी राजकुमारी, बिंदू व अपने सहयोगी भारत भूषण के साथ मिलकर उसकी बेटी की गला दबाकर हत्या कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने पति विजय पटेल, जेठानी राजकुमारी, बिंदू व भारत भूषण के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अदालत ने विचारण के दौरान पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी पाते हुए सजा सुना दी। जबकि अन्य आरोपित राजकुमारी, बिंदू व भारत भूषण को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

नन्हे बच्चो ने स्कूल के वार्षिकोत्सव में दिखाया सांस्कृतिक कार्यक्रम का जलवा

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी/ रामनगर साहित्य नाका स्थित किडजी स्कूल का वार्षिकोत्सव में नन्हे बच्चो ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालू ने दीप जलाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू कराया। मिश्र ने कहा कि नन्हे बच्चो को विद्यालय में शिक्षक मानव संसाधन विकास मंत्रालय के नई शिक्षा नीति के तहत मानवीय जीवन पर आधारित संस्कार सिखाने का प्रयास करें। बच्चों में अच्छे संस्कार से ही परिवार समाज एवं देश समृद्ध

सशक्त बनेगी। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद पाण्डेय ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ ही उनके अंदर नैतिक विचार के साथ विविध कला की जानकर बनाना पहली प्राथमिकता है। इस दौरान सृजन श्रीवास्तव, पार्षद मोनिका यादव, सरदार कुलदीप सिंह, जयसिंह चौहान, कुलदीप सेठ सहित विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। अतिथियों का सम्मान प्रधानाचार्य आशुतोष पाण्डेय "आशु" ने किया।इस अवसर पर कई गणमान्य महिला पुरुष अभिभावक उपस्थित थे।

गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे 25 000 का इनामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी के लक्सा थाने प्रभारी सक्रिय मनोज कोरी वांछित अपराधीयो लिए पूरी तरह अपनी कमर कस ली है लगातार वांछित अपराधियों की तलाश में सक्रिय होकर अपनी टीम के साथ लगे हुए हैं अभी इसी बीच 21 वर्ष से फरार चल रहे 25 000 इनामियां घंटी यादव उर्फ शिव शंकर यादव जो 21 वर्षों से गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहा था जिसकी तलाश लक्स पुलिस को कई वर्षों से थी थाने की कई पुलिस कर रही नाकाम रही जिसे अभी कुछ दिनों पहले लक्सा थाना प्रभारी मनोज कोरी ने चार्ज लेते ही सक्रिय होकर वांछित अपराधियों की तलाश में जुट गए और लगातार अपराधियों की तलाश में अपनी टीम के साथ घर पकड़ करते हुए 21 वर्ष से फरार चल रहे गैंगस्टर एक्ट के अपराधी घंटी यादव उर्फ शिव शंकर यादव को पुलिस ने मूकबीर की सूचना पर लाल कुटिया से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

कपड़े की दुकान के आड़ में धान बीज बेचने वाले दंपत्ति के खिलाफ हुआ मामला दर्ज

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(21 दिसंबर)किसान अपनी पैदावार बढ़ाने के लिए हाइब्रिड बीज एवं कीट नाशक का इतना ज्यादा इस्तेमाल करने लगा हैं कि गली गली में कृषि केंद्र खुल गयी हैं जो नियम कानून को दरकिनार कर सिर्फ मुनाफा कमाने में लगे हैं जिससे शासन को नुकसान तो होता ही हैं लेकिन उससे बड़ा नुकसान आम आदमी को होता हैं क्यों कि बिना लायसेंस के कृषि केंद्र चलाने वाले संचालक अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में बिना पैमाने वाली कीटनाशक का विक्रय करते हैं जो हमारे शरीर के लिए बेहद नुकसान होता हैं ऐसे कृषि केंद्र संचालक के खिलाफ समय समय पर विभाग कार्यवाही करता रहता हैं ऐसी ही कार्यवाही शिकायत के आधार पर नवेगांव थाना अंतर्गत ग्राम बम्हनी में स्थित सत्यनाम कृषि केंद्र के संचालक थमनदास पटले के द्वारा शिकायत की गयी थी कि पड़ोस में रहने योगराज पारदी कपड़े की दुकान की आड़ में धान बीज का विक्रय करता हैं जिसको लेकर कृषि विभाग के अधिकारी ग्राम बम्हनी पहुंच कर योगराज पारदी के यहाँ जाँच किया तो 30 किग्रा धान बीज पाया गया जिनके विरुद्ध कार्यवाही की गयी यही नहीं शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाली योगराज पारदी की पत्नी शशिलता पारदी के खिलाफ भी मामला दर्ज किए गया। यही नहीं कृषि विभाग के अधिकारी शिकायतकर्ता कृषि केंद्र संचालक के यहां भी जाँच किया जहाँ नियम विरुद्ध बीज, उर्वरक व कीटनाशक बेचने के सबूत मिले, जिससे शिकायत कर्ता कृषि केंद्र संचालक के खिलाफ भी कार्यवाही की गयी।

कपड़े की दुकान के आड़ में बीज का विक्रय

कृषि उपसंचालक राजेश खोब्रागढ़े की अनुशंसा और कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर थमनदास पटले व योगराज पारधी के खिलाफ बुधवार को नवेगांव थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। खास बात है कि कृषि विभाग की टीम थमनदास पटले की शिकायत पर बम्हनी औचक निरीक्षण करने पहुंची थी। इसमें थमदास ने पड़ोस के योगराज पर कपड़े की दुकान की आड़ में बीज का विक्रय करने की शिकायत की थी। जब अधिकारियों की जांच आगे बढ़ी तो शिकायतकर्ता थमनदास भी इसकी चपेट में आ गया। जांच में अधिकारियों को थमनदास की दुकान के पीछे गोदाम में बीज, उर्वरक व कीटनाशक का भंडारण मिला। इतना ही नहीं, क्रय-विक्रय व भंडारण से संबंधित दस्तावेज मांगने पर थमनदास वैधानिक स्त्रोत प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका।

शिकायत कर्ता भी आया लपेटे में

कृषि उपसंचालक राजेश खोब्रागढ़े ने बताया कि मंगलवार को वह स्वयं और बीज निरीक्षक सुनील कुमार बागड़े ने बम्हनी में निरीक्षण किया। यहां सत्यनाम कृषि केंद्र के संचालक थमनदास पटले बीज विक्रय से संबंधित अनुज्ञप्ति तो प्रस्तुत किया गया, लेकिन वैधानिक स्त्रोत प्रमाण पत्र के अलावा उर्वरक व कीटनाशक दवाओं के क्रय-विक्रय एवं भंडारण से संबंधित किसी भी प्रकार अभिलेख पेश नहीं किया गया।

विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया

संदिग्ध मानते हुए एनएफएल कंपनी का यूरिया 36 बैग, इफको कंपनी का डीएपी 10 बैग, एपीएस 13 बैग, राजनांदगांव छग की कंपनी का बायो सुपर दानेदार व पाउडर 94 बैग तथा 20:10:20 के तीन बैग कुल 156 बैग का अवैध रूप से भंडारण करना पाया गया। पुलिस ने थमनदास पटले के खिलाफ धारा 420, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा-3, धारा-7 सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

सुंदरपुर में जरूरतमंदों को वितरित हुआ 250 कंबल

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। जय काशी एजुकेशन ट्रस्ट ने सुंदरपुर में 250 जरूरतमंदों को कम्बल वितरण बुधवार को किया. संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने संस्था के उद्देश्य के बारे में बताया कि संस्था जगह-जगह स्वास्थ्य कैम्प "जल बचाओ" कैम्प भी लगायेगा जिससे जनता को जागरूक किया जाएगा। यह कार्यक्रम संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश जायसवाल के नेतृत्व में हुआ. सतीश जायसवाल ने बताया कि हमलोगों को लक्ष्य काशी में में एक हजार कम्बल उन लोगों को दिया जाएगा जो जरूरतमन्द हैं। कम्बल वितरण में अतुल ढौडियाल, ललित मोहन नथानी का विशेष योगदान था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विभा शुक्ला, जिलाध्यक्ष आर.पी. पटेल, महासचिव अनिल कुमार, उपाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, एस.के. सेन गुप्ता, सन्तोष कुमार, सचिव उदित नारायण, सौरभ शुक्ला, हर्ष मिश्रा, देवरिया जिला अध्यक्ष विभा रानी मौजूद रहीं.

तेज रफ्तार से आ रही पुआल लदी ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की हुई मौत

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी रोहनिया थाना क्षेत्र के गंगापुर हुलासीवीर गांव में बुधवार की दोपहर में अकलेवा की तरफ तेज रफ्तार आ रही पुआल लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रोहनिया नगर पंचायत गंगापुर वार्ड नंबर 2 निवासी महेंद्र कनौजिया पुत्र स्वर्गी कल्लू कनौजिया जोकि बुधवार की दोपहर बाइक में पेट्रोल भरने के लिए हुलासी वीर गया था, उसी दरमियान हुलासी वीर पेट्रोल भरवा कर घर की तरफ आ रहा था तभी अचानक तेज रफ्तार में अकेला की तरफ आ रही पुवाल लदा ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक मौत हो गई। मृतक का शादी तीन वर्ष पूर्व शेदपुर चुनार मिजार्पुर में सविता देवी से हुआ था । मृतक को एक पुत्र था साथ ही पत्नी गर्भवती थी। मृतक गंगापुर बाजार में ही ज्वेलर्स की दुकान पर मोटा काम करता था। वही ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है मृतक दो भाई में सबसे छोटा था।

तीन इंस्पेक्टर और एक दरोगा का तबादला, आदमपुर प्रभारी निरीक्षक बदले

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी- पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने बुधवार को तीन इंस्पेक्टर और एक दरोगा के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया है. वहीं, प्रभारी साइबर सेल रहे राजेश सिंह का गैरजनपद तबादला होने पर उन्हें रिलीव कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नर ने प्रभारी साइबर सेल रहे राजेश सिंह का गैर जनपद तबादला होने पर पुलिस लाइन भेजते हुए कार्यमुक्त कर दिया गया है. उनकी जगह पर प्रभारी निरीक्षक आदमपुर रहे अजीत कुमार वर्मा को प्रभारी साइबर सेल बनाया गया है. पुलिस लाइन में रहे वीरेंद्र कुमार सोनकर को प्रभारी निरीक्षक आदमपुर बनाया गया है, वहीं क्राइम ब्रांच में रहे दरोगा मनीष कुमार मिश्र को प्रभारी एसओजी बनाया गया है।

युवा कलाकार कुमारी याशिका ढोलवानी ने कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति प्रस्तुत दर्शक गण को मंत्र मुग्ध किया

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी सुबह ए बनारस आनंद कानन के तत्वावधान में आयोजित घाट संध्या में रुद्राक्षी फाउंडेशन की तरफ से जयपुर की युवा कलाकार कुमारी याशिका ढोलवानी ने कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति प्रस्तुत दर्शक गण को मंत्र मुग्ध किया। कलाकार ने कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वन्दना तत्पश्चात पारंपरिक कत्थक समापन ठुमरी बिंदा दिन महाराज द्वारा रचित(सब बन ठनआई) से किया। कलाकार को आशीर्वचन एवं प्रमाण पत्र श्री मुकेश एवम श्रीमती नेहा ने प्रदान किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री श्याम कुमार केसरी ने किया।

कार्यक्रम की परिकल्पना एवं संयोजन सुबह ए बनारस सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा जी का है। सीमा केशरी ने सफल संचालन कर महोत्सव की महत्ता से अवगत कराया। इस अवसर पर भारी संख्या में दर्शक

गण उपस्थिति रहे।

डा सविता मेमोरियल वालीबाल प्रतियोगिता

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसीः सुश्रुत क्लब रामनगर वाराणसी के द्वारा आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में अध्यक्ष डॉ तेजबली सिंह एवं सचिव अमूल्य सिन्हा व ब्रम्हानंद पाठक ने क्लब द्वारा आयोजित डा सविता मेमोरियल वालीबाल प्रतियोगिता के सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी उपस्थित सभी पत्रकारों को दिया।आगामी २४ और २५ दिसंबर को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता का उद्घाटन श्री अशोक कुमार तिवारी, मेयर नगरनिगम वाराणसी (संयोजक, उ०प्र०वालीबाल संघ तथा श्री दिलीप सिंह पटेल,(अध्यक्ष, काशी प्रांत, भाजपा)द्वारा एवं समापन डाक्टर टी एम महापात्र (पूर्व वी सी , के आईं आईं टी , भुवनेश्वर) द्वारा किया जायेगा। प्रतियोगिता में तकरीबन ३.५० लाख(कुल) की नगद राशि एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। यह एक प्रतियोगिता से ज्यादा एक वालीबाल चैंपियनशिप मेला के रुप में विख्यात है। इसमें क्षेत्रीय प्रतियोगिता में कुल १००से ज्यादा टीमें शिरकत करती है और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ३२ टीम विभिन्न जिलों व प्रदेश से भाग लेंगे।दूरदराज से प्रशंसको की भारी संख्या इसमें उपस्थित रहती हैं। इस बार प्रतियोगिता को और मूर्त रूप दिया गया है। संस्था के अन्य सदस्य , अनिल सिंह मणि अनिल सिंह मणि, नुरुल शेख, प्रेम प्रकाश पाठक, मनभररन यादव, राम अवध यादव "महादेव", संतोष व सुरेश आदि उपस्थित थे।मूल्य सिन्हा सचिव सुश्रुत क्लब रामनगर वाराणसी

हवाई अड्डा पर मोदी की होगी जनसभा साथ अयोध्या जंक्शन का भी करेंगे शुभारंभ

राजेश तिवारी अयोध्या।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 दिसंबर को मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीरामअंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ अयोध्या जंक्शन का भी शुभारंभ करेंगे। मोदी एयरपोर्ट के पास जनसभा को संबोधित करेंगे। इसको लेकर घर-घर आमंत्रण दिया जाएगा।

आने वाली 30 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट के पास जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रशासनिक अमले समेत भाजपा कार्यकर्ता तैयारी में जुट गए हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीरामअंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले फेज के लोकार्पण पर प्रधानमंत्री का अयोध्या में आगमन हो रहा है। प्रधानमंत्री इसके साथ ही एयरपोर्ट की तर्ज पर बनकर तैयार हुए अयोध्या जंक्शन के नए रूप को भी लोकार्पित करेंगे। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो संगठन को इस जनसभा के लिए एक लाख

लोगों को जुटाने का लक्ष्य मिल चुका है। संगठन के लोग इस काम में पूरी तन्मयता से जुट गए हैं। बताया जाता है कि हाईकमान से यह निर्देश मिला है कि एयरपोर्ट के आसपास ही इतनी बड़ी जगह देखी जाए जहां इतनी बड़ी संख्या में लोग आ सकें। भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव कहते हैं कि मिनट टू मिनट मिलते ही हम लोग काम में जुट जाएंगे। हमारा संगठन बूथ स्तर पर है हम लोगों के लिए चौबीस घंटे ही पर्याप्त हैं। उन्होनें कहा कि हम घर घर आमंत्रण देंगे। पूरे शहर को भाजपामय बना देंगे। कोशिश करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा लोग प्रधानमंत्री को सुन सकें। लोगों को प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा का बेसब्री से इंतजार है।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

ब्यूरो समाज जागरण अयोध्या।

जनपद अयोध्या के मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय स्थित अधिवक्ता भवन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि बार काउंसिल आफ उ० प्र० के पूर्व उपाध्यक्ष जय नारायण पाण्डेय रहे।

तहसील मुख्यालय स्थित अधिवक्ता भवन में बार एसोसिएशन अयोध्या के अध्यक्ष पारस नाथ पाण्डेय की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बार एसोसिएशन मिल्कीपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष दिनेश कांत यादव, मंत्री गंगा प्रसाद द्विवेदी, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय राम संवारे, संयुक्त मंत्री प्रशासनिक चंद्रशेखर पाण्डेय सहित कार्यकारिणी सदस्यों राजेंद्र प्रसाद चौरसिया, श्री प्रकाश पाण्डेय, बृजनाथ मिश्रा, संदीप कुमार

शुक्ला, शशि भूषण मिश्र सहित जितेंद्र कुमार सिंह को शपथ दिलाई गई।

समारोह को संबोधित करते हुए मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को देखते हुए अधिवक्ताओं के लिए वादकारी प्रतीक्षालय, सुलभ शौचालय सहित अधिवक्ता भवन के सामने इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाने हेतु 25 लाख दिए जाने की घोषणा की है। समारोह को शंभू नाथ तिवारी, बृजेश पांडे, महेंद्र प्रताप सिंह, दयानंद पांडे, शिवपूजन पांडे सहित दर्जनों अधिवक्ताओं ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला ने किया। इस मौके पर एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष हरिमोहन शंकर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह द्वितीय, शिव शंकर यादव, अभय शंकर द्विवेदी, अरुणेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता व वादकारी मौजूद रहे।

जमीन विवाद में मारपीट, छ घायल

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी मिजार्मुराद चक्रपानपुर गांव में मंगलवार की रात भूमि विवाद को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गयी।

इस दौरान लाठी-डंडा व फावड़ा चलने से रामनरायन बिंद, सरिता, उजाला, आशीष, कुसुम व सोनी देवी घायल हो गयी।पुलिस ने घायलो को सीएचसी जक्खिनी भेज कर दवा इलाज करा मेडिकल मुआयना कराया। उस बावत राम नरायण बिंद ने गांव के ही राजन बिंद, राजदेव, मोनू समेत सात लोगो के खिलाफ घर में घुसकर मारने-पीटने के बाबत थाना में तहरीर दी।

दुग्ध उत्पादक सचिवों व गोपाल को संग गोष्टी

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी जक्खिनी तिलगा मे दुग्ध उत्पादक क्षेत्र में सचिव एवं किसान गोपालक के साथ एक गोष्ठी कर सब की बातें सुनी गई सभी किसान बहुत ही प्रसन्न नजर आ रहे थे बनास डेरी काशीपुर वाराणसी के किसानों में उत्साह की लहर दौड़ गई प्रधानमंत्री के द्वारा जो 101.84 करोड़ किसानों को अतिरिक्त बोनस दिया है जिससे बनास डेरी अमूल के समितियां पर दूध भरने वाले किसान अत्यधिक प्रसन्न दिखाई दे रहे हैं और अब समिति पर नए-नए किसान गोपालक जाकर अपना कोड डलवा कर दूध दे रहे हैं 2 से 3 दिनों के बीच प्रत्येक समितियों पर दूध का आवन लगभग 80 से 100 किलो बढ़ गया है बैठक में तिलंगा दूध उत्पादक एसोसिएशन सचिव माता शंकर सिंह नयापुरा सचिव अशोक यादव बगहा सचिव राजेश उपाध्याय जमुनी सचिव परमेश सिंह तथा ढेर सारे सचिव उपस्थित रहे बनास डेरी वाराणसी के अधिकारी अभिमान सिंह विनय सिंह यादव सुधांशु कुमार सतीश भारती अंकिता कृष्णा व प्रीति कुमारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे बनास डेरी वाराणसी के अधिकारी विनय सिंह यादव ने किसान गोपाल को बधाई शुभकामनाओं के साथ समापन किया

4 करोड़ से मरम्मत कार्य कराये जा रहे लिफ्ट कैनालों का सिंचाई विभाग के अभियंताओं ने किया निरीक्षण

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी चौबेपुर

केंद्रीय मंत्री डा महेंद्र नाथ पांडेय के निर्देश पर चौबेपुर क्षेत्र के भदहां खुर्द लिफ्ट कैनाल, चंद्रावती लिफ्ट कैनाल,व भगवानपुर लिफ्ट कैनालों पर इन दिनों 4करोड़ की लागत से कैनालों का विस्तार,साफ सफाई,मोटर पाइप आदि लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।उस कार्य को जल्द से जल्द पूरा कर किसानों को रवि सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो इसके लिए केंद्रीय मंत्री डा महेंद्र नाथ पांडेय के निर्देश पर बुधवार को सांसद विद्युत प्रतिनिधि जय प्रकाश पाण्डेय के साथ सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता राजेश तिवारी,अवर अभियंता चंदन मौर्य ने मौके का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान बताया कि विगत एक हफ्ते के अंदर लिफ्ट कैनालों से जलापूर्ति की जायेगी। किसानों को कोई सिंचाई में परेशानी न हो इसके लिए हर संभव प्रयास किए गए हैं।

ट्रेन कि चपेट में आने से 58 वर्ष व्यक्ति की मौत

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। बुधवार को बनारस स्टेशन पर पवन एक्सप्रेस ट्रेन से उतरने की कोशिश कर रहे संकटमोचन थाना लंका निवासी 58 वर्षीय विनोद कुमार गौतम की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी।जी आर पी चौकी प्रभारी ने बताया कि पवन एक्सप्रेस बुधवार की शाम लगभग 4 बजे प्लेटफार्म नंबर 4 से गुजर रही थी उसी समय मृतक विनोद ट्रेन से उतरने की कोशिश में ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे उनकी मृत्य हो गयी। परिजनों को सूचना दे दी गयी है

विकसित भारत यात्रा में निपुण बच्चे हुए सम्मानित

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

काशी विद्यापीठ/बुधवार को शिवदासपुर वार्ड में विकसित भारत यात्रा का आयोजन हुआ। इसमें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी मौजूद लोगों को दी गई तथा सभी विभाग का काउंटर लगाया गया जिससे उससे संबंधित लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके तथा योजना की जानकारी व्यक्तिगत तौर पर भी दी जा सके। इसके तहत शिक्षा विभाग के बच्चे व शिक्षक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद रविंद्र सोनकर द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उसके बाद प्राथमिक विद्यालय भिटारी के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों के आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम को वहां उपस्थित लोगों द्वारा भरपूर सराहना मिली। इसके उपरांत निपुण बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार सिंह द्वारा वर्तमान समय में शिक्षा विभाग में चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पार्षद रविंद्र सोनकर, कार्यक्रम नोडल व भेलूपुर जोन के जोनल अधिकारी जितेंद्र कुमार चंचल, मीना यादव, मीनू शुक्ला, दीपक गुप्ता,सविता देवी सहित विभिन्न विभागों से कई लोग मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव में भागीदारी का संकल्प

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। काशी विद्यापीठ ब्लाक के औढ़े गांव में बुधवार को लोक समिति की ब्लाकस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान समति द्वारा बीते एक वर्ष के कार्यों की समीक्षा करते हुए जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गयी।

जिसमें समाजिक समरसता, दलित समावेशन, समाज में मिलजुल कर काम करना, सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जैसे मुद्दे शामिल था।साथ ही समिति के माध्यम से सरकार द्वारा समाजिक विकास के लिए किए जा रहे काम को धरातल पर लागू करवाने के प्रयास पर प्रकाश डालते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता सूची में लोगों का नाम जुड़वाकर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में लठियां, रामपुर विशोखर,खनांव बच्छांव, छितौनीकोट, माधोपुर, देल्हना, बंदेपुर आदि गांवों के ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान मोहन मौर्य, सुनिधि, मधुबाला, रीता, सुरेंद्र, शर्मिला, प्रियंका, रचना, बिंदुकुमारी आदि थे।

पारिवारिक विवाद में युवक ने लगाई फांसी - मौत

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी चोलापुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी युवक ने घरेलू कलह के चलते बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार रोशन अली 24 वर्ष पुत्र अलीबास ने पारिवारिक कलह के कारण घर में पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया । रोशन अली की अविवाहित था । मृतक रौशन अली दो भाइयों में बड़ा था । वहीं गांव वाले की माने तो मृतक रौशन अली के मृत्यु का कारण प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है । व परिजनों के अनुसार मृतक रौशन देर रात कही से आया और अपने कमरे में सोने चला गया । परीजन सुबह उठकर रौशन के कमरे का दरवाजा खोला तो रौशन फंखे से लटक रहा था । परीजनों ने बताया कि घरेलू विवाद के कारण रौशन अली ने आत्महत्या कर लिया है मृतक रोशन अली निजी वाहन चालक था ।

भाजपा मंडल गोनियाना ने 2024 चुनाव के मद्देनजर संगठनात्मक बैठक आयोजित

रघुनंदन पराशर
दैनिक समाज जागरण

गोनियाना(बठिंडा),20 दिसंबर : भारतीय जनता पार्टी जिला बठिंडा ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर बैठकों का सिलसिला शुरू कर दिया है, जिसके तहत मंडल गोनियाना की एक विशेष बैठक मंडल अध्यक्ष संदीप बिंटा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मंडल प्रभारी आशुतोष तिवारी जिला सचिव व वरिंदर शर्मा जिला उपाध्यक्ष विशेष तौर पर शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए आशुतोष तिवारी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है,सभी कार्यकताओं को अपनी कमर कसनी होगी और प्रधानमंत्री मोदी जी की जनहित नीतियों को घर-घर तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को एकजुट करना होगा। उन्होंने कहा कि देश का बच्चा-बच्चा मोदीजी जैसा प्रधानमंत्री और योगीजी जैसा मुख्यमंत्री चाहता है। वीरेंद्र शर्मा ने बूथ स्तर पर अधिक से अधिक कार्यकताओं को शामिल करने को कहा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी 400 से ज्यादा सीटें जीतेगी और मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। बैठक में लाजपत राय गोयल प्रदेश सदस्य कोर कमेटी किसान सेल, फ्रैंक गर्ग जिला महासचिव युवा मोर्चा, बलजिंदर सिंह मंडल उपाध्यक्ष, गुरसेवक सिंह महासचिव, सुखजिंदर सेखों महासचिव, अमित कुमार, जसवंत सिंह, रणजीत सिंह, मनिंदर सिंह, सुखमंदर सिंह, सुरजीत भट्टी, योगेश मोनू, मुकुल शर्मा, राम सागर, जगजीत सिंह, सुरिंदर कुमार और रवि यादव आदि उपस्थित थे।

प्रभु करते हैं जिसकी रक्षा, कोई नहीं कर सकता उसका बाल भी बांका: स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी

फरीदकोट, 20 दिसंबर (रघुनंदन पराशर):जिस भक्त की रक्षा खुद प्रभु करते हों, उसका दुश्मन चाहे कितना भी बलवान क्यों न हो, वे कभी ऐसे भक्त का कोई अहित नहीं कर सकता। बुद्धिमान हो या मूर्ख, पापी हो या संत सभी का प्रभु एक ही है। भगवान कोई अलग-अलग नहीं है। इसलिए हर मानव को खूब कर्म करना चाहिए और फल भगवान के हाथों में छोड़ देना चाहिए। ये विचार श्री कल्याण कमल आश्रम हरिद्वार के अनंत श्री विभूषित 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज ने रोज एनक्लेव स्थित श्री महामृत्युंजय महादेव मंदिर में आयोजित दिव्य श्री राम कथा एवं आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के विशाल जनसमूह के समक्ष व्यक्त किए। स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है जब मनुष्य उसे अपने जीवन में धारण कर निरंतर हरि सिमरन करते हुए अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। अन्यथा कथा सिर्फ मनोरंजन मात्र और कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी। मनुष्य जब अच्छे कर्म करने के लिए आगे बढ़ता है तो सम्पूर्ण सृष्टि की शक्ति समाहित होकर मनुष्य का साथ देने में लग जाती है और खुद-ब-खुद सभी कार्य सफल होने लगते हैं। ठीक उसी तरह बुरे कर्मों की राह के दौरान सम्पूर्ण बुरी शक्तियां मनुष्य के साथ हो जाती हैं। इस दौरान मनुष्य को निर्णय करना होता कि उसे किस राह पर चलना है। अच्छे कर्मों वाली राह पर या बुरे कर्मों वाली राह पर, क्योंकि कर्म के अनुसार ही फल मिलता है। महामंडलेश्वर

कैप्शन: श्री अयोध्या धाम से पहुंचे पूजित अक्षत कलश की आरती उतारते श्रद्धालु। दिव्य श्री राम कथा मौके उपस्थित श्रद्धालु।

महाराज जी ने कहा कि परमात्मा की मर्जी के बगैर एक पत्ता भी नहीं हिल सकता। हर कार्य परमात्मा की मर्जी से ही होता है। परमात्मा की मर्जी के आगे सभी बेबस हैं। इसलिए परमात्मा की रजा में राजी रहना सीखें।

स्वामी श्री सुशांतानंद जी महाराज ने बताया मानव जीवन का महत्व : -- महाराज जी के साथ पधारे स्वामी श्री सुशांतानंद जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन को व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। मानव जीवन प्रभु सिमरन करने के लिए मिला है। इसलिए कुछ समय प्रभु सिमरन के लिए अवश्य निकालना चाहिए। मनुष्य जीवन बेहद कीमती है। इसलिए मनुष्य को इसके प्रति सचेत रहना चाहिए। मनुष्य जन्म बार-बार नहीं मिलता। इसलिए इस कीमती जीवन का पूरा आनंद उठाओ और प्रभु सिमरन करते रहो। अगर जीवन को व्यर्थ के कामों में गंवाओगे तो बाद में बहुत पछताना पड़ेगा। मगर बाद में पछताने का कोई लाभ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सुख-दुःख तो पिछले जन्मों के कर्मों के आधार पर मिलता है। आज जो दुखी है उसने पूर्व जन्म में जरूर पाप किए होंगे। अगर आज कोई धनवान और सुखी है तो यह उसके पूर्व जन्मों के अच्छे कर्मों का फल है। इसलिए दूसरों को सुखी देखकर जलन की अग्नि में खुद को मत जलाओ।श्री अयोध्या धाम से पहुंचे पूजित अक्षत कलश के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु

श्री अयोध्या धाम से पहुंचे पूजित अक्षत कलश को स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज की अध्यक्षता में शोभायात्रा के रुप में श्री महामृत्युंजय महादेव मंदिर में लाया गया और मंदिर में स्थापित किया गया। इस मौके कलश के दर्शनों को बड़ी गिनती में श्रद्धालु उमड़े नजर आए। मंदिर प्रांगण प्रभु श्री राम चंद्र और वीर बजरंगी के जयकारों से गूंज उठा। फरीदकोट स्थित श्री महामृत्युंजय महादेव मंदिर में स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज की अध्यक्षता में श्री अयोध्या धाम से पहुंचा पूजित अक्षत कलश।

संजय साहू डीआरएम की अध्यक्षता में रेल मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

दैनिक समाज जागरण

जैतो,20 दिसम्बर (रघुनंदन पराशर): श्री संजय साहू, मंडल रेल प्रबंधक,फिरोजपुर की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, फिरोजपुर की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में श्री आर. के. कालड़ा, अपर मंडल रेल प्रबंधक / इन्फ्रा, शाखा अधिकारियों एवं मुख्य कार्यालय अधीक्षकों ने भाग लिया । बैठक में श्री जी. पी. एस. चौहान, सहायक कार्मिक अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा राजभाषा विभाग द्वारा किए गये विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई तथा कार्यसूची की मानक मदों पर विस्तार से चर्चा की गई । बैठक का उद्देश्य मंडल में सरकारी कामकाज में हिंदी प्रयोग को बढ़ावा देना था । वरिष्ठ अनुवादक श्रीमती अंजली शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ ।

देश में इथेनॉल का उत्पादन 1380 करोड़ लीटर है, जिसमें से 875 करोड़ लीटर मौलेसेस आधारित और 505 करोड़ लीटर अनाज आधारित : केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली,20 दिसम्बर : 30 नवम्बर.2023 तक, देश में इथेनॉल उत्पादन क्षमता लगभग 1380 करोड़ लीटर है, जिसमें से लगभग 875 करोड़ लीटर मौलेसेस आधारित और लगभग 505 करोड़ लीटर अनाज आधारित है।भारत सरकार पूरे देश में पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रित (ईबीपी) कार्यक्रम लागू कर रही है, जिसमें तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) इथेनॉल के साथ मिश्रित पेट्रोल बेचती हैं। ईबीपी कार्यक्रम के तहत सरकार ने 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य तय किया है।2025 तक 20 प्रतिशत मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, लगभग 1016 करोड़ लीटर इथेनॉल की आवश्यकता है और अन्य उपयोगों सहित इथेनॉल की कुल आवश्यकता 1350 करोड़ लीटर है। यह देखते हुए कि संयंत्र 80 प्रतिशत दक्षता पर संचालित होता है, इसके लिए 2025 तक लगभग 1700 करोड़ लीटर इथेनॉल उत्पादन क्षमता की आवश्यकता है। सरकार ने दोपहिया और यात्री वाहन श्रेणियों में पेट्रोल आधारित वाहनों की वृद्धि और मोटर स्पिरिट (एमएस) की अनुमानित बिक्री को ध्यान में रखते हुए 2025 तक 20 प्रतिशत मिश्रण के लिए आवश्यक इथेनॉल की मांग का अनुमान लगाया है।इसके अलावा, ईबीपी कार्यक्रम के तहत निर्धारित सम्मिश्रण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए देश में इथेनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दृष्टि से, सरकार ने जुलाई 2018 से अप्रैल 2022 तक विभिन्न इथेनॉल ब्याज सबवेंशन योजनाएं अधिसूचित की हैं।इन इथेनॉल ब्याज सबवेंशन योजनाओं के

तहत, सरकार उद्यमियों को पूरे देश में नई डिस्टिलरीज (मौलेसेस आधारित, अनाज आधारित और दोहरे फीड आधारित) स्थापित करने या मौजूदा डिस्टिलरीज (मौलेसेस आधारित, अनाज आधारित और दोहरे फीड आधारित) का विस्तार करने की सुविधा दे रही है। बैंकों/वित्तीय संस्थानों द्वारा दिए जाने वाले ऋणों पर 6 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से या बैंकों/वित्तीय संस्थानों द्वारा लिए जाने वाले ब्याज दर का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, ब्याज छूट केंद्र सरकार द्वारा एक वर्ष के स्थगन सहित पांच वर्षों के लिए वहन किया जाता है।नई इथेनॉल डिस्टिलरीज की स्थापना/मौजूदा इथेनॉल डिस्टिलरीज के विस्तार से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 40,000/- करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के अवसर आए हैं।प्रभावी सरकारी नीतियों के कारण, तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को इथेनॉल की आपूर्ति ईएसवाई 2013-14 में 38 करोड़ लीटर से 13 गुना से अधिक बढ़कर इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2022-23 में लगभग 502 करोड़ लीटर हो गई है। सम्मिश्रण प्रतिशत भी ईएसवाई 2013-14 में 1.53 प्रतिशत से बढ़कर ईएसवाई 2022-23 में लक्षित 12 प्रतिशत हो गया है।

इथेनॉल की बिक्री के माध्यम से, चीनी मिलों के लिए नकदी प्रवाह में सुधार हुआ है जिसके परिणामस्वरूप गन्ना किसानों को शीघ्र भुगतान हुआ है। चीनी मिलों ने चीनी सीजन (एसएस) 2022-23 में किसानों के गन्ने का 98.3 प्रतिशत और पिछले एसएस 2021-22 में 99.9 प्रतिशत गन्ना बकाया चुका दिया है।पिछले 10 वर्षों में, चीनी मिलों ने इथेनॉल की बिक्री से 94,000 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है, जिससे चीनी मिलों की आय में इजाफा हुआ है।इथेनॉल के उत्पादन से पेट्रोल या कच्चे तेल के आयात में आनुपातिक कमी आई है जिसके परिणामस्वरूप भारत के लिए विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। 2022-23 में, लगभग 502 करोड़ लीटर इथेनॉल के उत्पादन के साथ, भारत ने लगभग 24,300 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा बचाई है और भारत की ऊर्जा सुरक्षा में सुधार हुआ है।

यह जानकारी केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री सुश्री साध्वी निरंजन ज्योति ने आज लोकसभा में एक लिखित उत्तर में दी।

भारतीय रेलवे में महिला यात्रियों के प्रति अपराध के मामलों में काफी कमी आई :अश्विनी वैष्णव

दैनिक समाज जागरण
रघुनंदन पराशर

नई दिल्ली,20 दिसम्बर : वर्ष 2022 तक उपलब्ध राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के आधार पर, वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2022 के दौरान भारतीय रेलवे पर महिला यात्रियों के खिलाफ अपराध के मामलों में काफी कमी आई है।संविधान की सातवीं अनुसूची के अंतर्गत पुलिस और लोक व्यवस्था राज्य के विषय हैं और इसलिए राज्य सरकारें अपनी कानून प्रवर्तन एजेंसियों अर्थात राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी)/जिला पुलिस के माध्यम से रेलों पर अपराध की रोकथाम, पता लगाने, पंजीकरण और जांच करने तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रेल संपत्ति और यात्रियों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने और उनसे संबंधित मामलों में राजकीय रेलवे पुलिस/जिला पुलिस को सहायता करता है।

रेलगाड़ियों और रेलवे स्टेशनों पर महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए राजकीय रेलवे पुलिस के समन्वय से रेलवे द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं ।यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई सवारी डिब्बों और रेलवे स्टेशनों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाती है।असुरक्षित और चिह्नित मार्गों/खंडों पर प्रतिदिन विभिन्न राज्यों की राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा मार्गरक्षण की जाने वाली गाड़ियों के अतिरिक्त रेलगाड़ियों का मार्गरक्षण रेलवे सुरक्षा बल द्वारा किया जाता है।तत्काल सहायता के लिए यात्री रेल मदद पोर्टल पर सीधे या हेल्पलाइन नंबर 139 [आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस) नंबर 112 के साथ एकीकृत] के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं।रेलवे, यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए एक्स, फेसबुक, कू आदि जैसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से यात्रियों के साथ नियमित संपर्क में है।

यात्रियों को चोरी, स्नैचिंग, नशीली दवाओं आदि के खिलाफ सावधानी बरतने और जागरूक करने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से बार-बार घोषणाएं की जाती हैं।

यात्रियों को यात्रा के दौरान आवश्यक एहतियात बरतने और शिक्षित करने के लिए नियमित आधार पर पोस्टरों, बैनरों, पत्रकों के वितरण, रेलवे डिस्प्ले नेटवर्क (आरडीएन) आदि पर वीडियो आदि के माध्यम से रेलवे परिसरों और गाड़ियों में जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। 'मेरी सहेली' पहल के तहत, लंबी दूरी की ट्रेनों से अकेले यात्रा करने वाली महिला यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है।जोनल रेलों को निर्देश दिए गए हैं कि जहां तक संभव हो वे गाड़ी मार्गरक्षण दलों में पुरुष और महिला आरपीएफ/आरपीएसएफ कर्मियों की समुचित और संयुक्त संख्या तैनात करें।महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में पुरुष यात्रियों के प्रवेश के विरुद्ध अभियान चलाए जाते हैं।रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था की नियमित निगरानी और समीक्षा के लिए संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पुलिस महानिदेशक/आयुक्त की अध्यक्षता में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए रेलवे की राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति (एसएलएससीआर) का गठन किया गया है।2022 तक उपलब्ध राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के आधार पर, वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2022 के दौरान भारतीय रेलवे पर महिला यात्रियों के खिलाफ अपराध के मामलों में काफी कमी आई है। वर्ष 2020 और 2021 के अपराध आंकड़ों को तुलना के लिए नहीं माना जाता है क्योंकि कोविड-19 की शुरूआत के कारण यात्री ट्रेन संचालन में गंभीर रूप से कटौती की गई थी। एनसीआरबी द्वारा वर्ष 2023 के आंकड़े प्रकाशित नहीं किए गए हैं।निर्भया निधि का आबंटन देश में महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए किया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान निर्भया कोष के तहत 200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा यात्रियों की सुरक्षा के सभी उपाय महिला यात्रियों पर भी लागू होते हैं।यह जानकारी रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान : वाणिज्य व उद्योग राज्यमंत्री मंत्री सोम प्रकाश

दैनिक समाज जागरण

जैतो,20 दिसम्बर (रघुनंदन पराशर): माननीय प्रधानमंत्री ने विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए 13 अक्टूबर, 2021 को प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) की शुरूआत की। प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान केंद्र सरकार और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के आर्थिक मंत्रालयों/विभागों और विभिन्न बुनियादी ढांचे और मुख्य व उपयोगिता बुनियादी ढांचे, चालू और भविष्य की परियोजनाओं का एक व्यापक डेटाबेस प्रदान करता है। यह डेटा जीआईएस-सक्षम प्रधानमंत्री गति शक्ति मंच के साथ एकीकृत है, जो एक ही पोर्टल पर अगली पीढ़ी की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की एकीकृत योजना, डिजाइन और निगरानी की सुविधा प्रदान करता है।

वस्त्र क्लस्टर, औषध क्लस्टर, रक्षा गलियारे, इलेक्ट्रॉनिक पार्क, औद्योगिक गलियारे, मत्स्यपालन क्लस्टर, कृषि क्षेत्र आदि जैसे आर्थिक क्षेत्रों को एकीकृत बुनियादी ढांचे की योजना के लिए मैप किया जा रहा है और भारतीय व्यवसायों को अधिक लागत-प्रतिस्पर्धी बनाया जा रहा है। इससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, कनेक्टिविटी की परिकल्पित करके निवेश को जोखिम से मुक्त करते हुए विदेशी निवेश को आकर्षित किया जाएगा और निर्यात बाजारों में देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में बढ़ोतरी की जाएगी।एकीकृत अवसंरचना के विकास की जरूरत को जहां प्रधानमंत्री गतिशक्ति एनएमपी के माध्यम से पूरा किया जाता है, वहीं सेवाओं (जैसे प्रक्रियाओं, डिजिटल प्रणालियों और विनियामक फ्रेमवर्क) और मानव संसाधनों में दक्षता संबंधी जरूरतों को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति- 2022 द्वारा अपनी व्यापक लॉजिस्टिक्स कार्य-योजना (सीएलपी) के माध्यम से पूरा किया जाता है। एनएमपी और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति, दोनों एक साथ मिलकर देश में लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने और लॉजिस्टिक्स दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से एक कुशल लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम के लिए डेटा-संचालित निर्णय सहायता प्रणाली बनाने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है। प्रधानमंत्री गति शक्ति एक संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण है, जिसे संबंधित मंत्रालयों के बीच सहयोग के माध्यम से मल्टीमॉडल बुनियादी ढांचे की एकीकृत योजना की सुविधा के लिए अपनाया गया है। अब तक डीपीआईआईटी के लॉजिस्टिक्स प्रभाग ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के व्यापक क्षेत्र-आधारित सामाजिक-आर्थिक विकास का आकलन करने के लिए नेटवर्क नियोजन समूह (एनपीजी) की 62 बैठकों का आयोजन किया है।इस संबंध में विभिन्न मंत्रालयों से प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं। अन्य के साथ-साथ सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भूमि सर्वेक्षण, भू-अभिलेख और राजमार्ग संरेखण (एलाइनमेंट) के लिए प्रधानमंत्री गतिशक्ति का उपयोग कर रहा है। इसके परिणामस्वरूप परियोजनाओं की योजना बनाने में समय और लागत की बचत हो रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय कम समय में रिपोर्ट तैयार करने के लिए एनएमपी के इलेक्ट्रॉनिक डिटेल रूट सर्वे (ईडीआरएस) का उपयोग करता है। रेल मंत्रालय के अंतिम स्थल सर्वेक्षण (एफएलएस) के कार्य को वित्तीय वर्ष 2020-21 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-22 में काफी तेजी से अंतिम रूप प्रदान किया है।इसके अलावा राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा प्रधानमंत्री गतिशक्ति संस्थागत तंत्र को अपनाया गया है और शुरूआत से लेकर अंत तक कनेक्टिविटी की कमियों का आकलन करने और लोगों, वस्तुओं व सेवाओं की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए राज्य/केंद्रशासित प्रदेश के स्तर पर एनजीपी बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं।

यह जानकारी केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री श्री सोम प्रकाश ने आज लोकसभा में एक लिखित जवाब में दी है।

सांकेतिक हड़ताल के दौरान सब्जी मंडी बरवाला रही पूर्णतया बंद

सब्जी मंडी बरवाला का कामकाज रहा ठप्प

दैनिक समाज जागरण

हरियाणा हिसार (राजेश सलूजा): सरकार द्वारा सब्जी मंडी के

आढतियों को एकमुश्त टैक्स एडवांस में लिए जाने के नोटिफिकेशन के विरोध में सब्जी मंडी बरवाला के आढतियों ने सब्जीमंडी पूर्णतया बंद रखी और सब्जी मंडी का कामकाज

ठप्प रहो इसके अलावा सब्जी मंडी में करियाणा के दुकानदारों ने भी सब्जी मंडी एसोसिएशन का साथ देते हुए अपनी करियाणा की दुकाने भी बंद रखी सब्जी मंडी प्रधान ओमप्रकाश रहेजा ने कहा कि सब्जी मंडी में आढती का माल आया नहीं और सरकार उसका टैक्स एडवांस में वसूलना चाहती है तथा टैक्स भी 40 प्रतिशत बढ़ा दिया है अगर सरकार ने अपना फैसला नहीं बदला तो सब्जी मंडी एसोसिएशन द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दी जायेगी आढती सुरेश ढींगडा ने कहा कि इस बारे में चीफ एडमिनिस्ट्रेटर और मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं परंतु सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही है सब्जी मंडी एसोसिएशन ने सरकार से एडवांस में एकमुश्त टैक्स लिए जाने की प्रथा को बंद करके टैक्स 0 प्रतिशत किए जाने की मांग की है ताकि आढती अपनी -अपनी सब्जियों व फलो को सस्ते दामों पर बेच सके इस अवसर पर अनेक आढती दर्शन लाल, बाला तनेजा, पवन मेहंदीरता, सन्नी मेहता, वेद आनंद व सुरेंद्र भारती आदि मौजूद रहे

जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से लगातार भ्रष्टाचार के मामले हो रहे हैं उजागर : अभय सिंह चौटाला

यौन उत्पीडड़ की जांच हाई कोर्ट के सीटींग जज से ही करवाने के फैंसले पर 24 घंटे भी नहीं रूकी सरकार: अभय सिंह चौटाला

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान प्रदेश में भ्रष्टाचार के पंजीकृत मामले और उनकी जांच की स्थिति के बारे में प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से लगातार भ्रष्टाचार के मामले रोजाना उजागर होते रहे हैं। अनेक घोटालों के बारे में यहां पर चर्चा हुई और अनेक दफा आश्वासन मिला कि जांच करवाएंगे लेकिन आज तक उनकी कोई जांच नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने कल सदन में गीता पे हाथ रख कर कहा था कि मैं किसी कीमत के उपर भ्रष्टाचार को सहन नहीं करूंगा। अगर कहीं भ्रष्टाचार हो रहा है और आप के सामने मामले उजागर किए जा रहे हैं तो आपको केवल जांच का आदेश नहीं देना चाहिए बल्कि उन पर कार्रवाई करनी चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कल उन्होंने जो गीता पर हाथ रखने की बात की थी वो किसी एक संदर्भ में कही थी। इस पर अभय सिंह ने कहा कि क्या बाकियों को भ्रष्टाचार करने की छूट है। सीएम ने कहा कि वे गीता पर विश्वास रखते हैं तो अभय सिंह ने कहा कि इस सदन में जितने लोग बैठे हैं सभी गीता पर विश्वास रखते हैं। अभय सिंह ने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि गीता पर तो वहां हाथ रखकर कसम खाई जाती है जहां कोर्ट के अंदर किसी ने गवाही देनी होती है। तब वो कहता है कि मैं सच के सिवाय कुछ नहीं बोलूंगा और फिर दबा के झूठ बोलता है।अभय सिंह ने कहा कि सरकार के सभी विभागों में खुल कर भ्रष्टाचार है लेकिन आज

भ्रष्टाचार के कुछ प्रमुख मामलों को सदन मे रख रहे हैं। सप्लमेन्टरी प्रश्न पूछते हुए उन्होंने नगर निगमों में हुए भ्रष्टाचार के मामले रखे। फरीदाबाद नगर निगम में 200 करोड़ रूपए का घोटाला हुआ, गुरूग्राम नगर निगम में सोलिड वेस्ट मैनेजमैंट, हैल्थ और सेनिटेशन व कूड़ा उठान से संबंधित 180 करोड़ रूपए का घोटाला हुआ, सोनीपत नगर निगम में कूड़ा उठान और सर्विस चार्ज घोटाला हुआ, करनाल नगर निगम में स्ट्रीट लाईट और सीवरेज का घोटाला हुआ साथ ही अवैध कालोनियों की रजिस्ट्रीयों को लेकर घोटाला हुआ, पंचकूला नगर निगम में कूड़ा उठान के नाम पर करोड़ों रूपए का घोटाला के अलावा एक और घोटाला हुआ है। पंचकूला नगर निगम में असिस्टैंट प्रोजेक्ट आफिसर की एक पोस्ट के एवज में 25 एपीओ भर्ती कर दिए। एपीओ पद की येग्यता बीटेक है लेकिन बीटेक को अनदेखा कर दिया गया और डिप्लोमा होल्डर को भर्ती कर दिया गया। फिर उनको एपीओ से हटाकर जेई की पोस्ट पर लगा दिया गया और जेई का वहां से तबादला कर दिया। सरकार बिना पर्ची बिना खर्ची की बात करती है और अपने लोगो को एडजस्ट करने के लिए किस तरह से लोगों का तबादला कर दिया जाता है और तबादला करके पोस्ट खाली करके उनपर इस तरह से भर्ती कर दी जाती है। भिवानी नगर निगम में भी चैक और फर्जी रसीदों के नाम पर 3 करोड़ 87 लाख रूपए का घोटाला हुआ, हिसार नगर निगम में मैन पावर मुहैया करवाने वाली एजेंसी को लाखों रूपए जारी करके घोटाला किया गया, अंबाला नगर निगम में कूड़ा उठान के नाम पर 5 करोड़ का घोटाला हुआ और इसके अलावा स्टेडियम के निर्माण के उपर भी 86 करोड़ रूपए का घोटाला हुआ सिरसा नगर निगम में करोड़ों रूपए का घोटाला हुआ। उन्होंने पूछा कि इन सब घोटालों का क्या हुआ, कौन सी जांच हुई है उस बारे में बताएं।

हरियाणा सरकार ने ग्रुप-ए और ग्रुप-बी पदों पर पदोन्नति में आरक्षण के लिए 7 अक्टूबर को जारी दिशा निर्देश करें लागू

चंडीगढ़ (संदीप शर्मा)हरियाणा सरकार ने सभी प्रशासनिक सचिवों को ग्रुप-ए और ग्रुप-बी पदों के सभी काडर में पदोन्नति में आरक्षण हेतु 7 अक्टूबर, 2023 को जारी दिशा निर्देशों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव द्वारा प्रशासनिक सचिवों को लिखे एक पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि सभी विभाग 7 अक्टूबर, 2023 के निर्देशों के अनुपालन में पदोन्नति आदेश जारी करने से पहले मानव संसाधन विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री की पूर्व मंजूरी लेंगे।

कपड़ा व्यापारियों की पिटाई कर बीस हजार लूटे

कपड़ा बिक्री कर वापस घर लौट रहा था व्यापारी

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। कपड़े की फेरी लगाकर लौट रहे व्यापारी को मारपीट कर घायल कर दिया।आरोप है कि पिटाई लगाने के बाद नगदी छीन ली। शोर शराबा करने पर कई लोग मौके पर पहुंच गए।मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के एक गांव चतीपुर निवासी मंगलेश और प्रमोद कुमार कपड़े की फेरी लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मंगलवार को वह सहेरामऊ थाना क्षेत्र में कपड़ों की फेरी लगाने गया हुआ था। आस पास गांव में कपड़ा बिक्री करने के बाद वह वापस घर लौट रहा था।इसी दौरान रास्ते में चार लोगों ने ओवरटेक करते हुए उसकी बाइक रोक कर गाली-गलौच शुरू कर दी।विरोध करने पर बाइक कपड़ा व्यापारी की पिटाई लगा दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि पिटाई लगाने के बाद उसकी जेब में रखी कपड़ा बिक्री के बीस हजार रुपये लूट लिए।शोर शराबा करने पर कई लोग मौके पर पहुंच गए।लोगों ने लूट करने वालों को पकड़ लिया। बताया जाता है कि शराबी लोगों ने पिटाई कर लूटपाट की है।इससे पहले भी कई बार इस मार्ग पर ऐसी घटनाएं हो चुकी है।मामले की सूचना शेरामऊ पुलिस को दी गई है।थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया मामले की जानकारी लगी है।जांच कर कार्रवाई की जाएगी। लूटपाट करने वालों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

नगर पंचायत ने रैन बसेरे में पुख्ता किए इंतजाम

पीलीभीत। योगी सरकार के सख्त निर्देश पर नगर पंचायत प्रशासन ने रैन बसेरे में खाने पीने और रहने के लिए गरीब बेसहारा लोगों के लिए पुख्ता इंतजाम किए है। योगी सरकार ने सख्त निर्देश दिए हैं कि कोई भी गरीब बेसहारा सड़क पर भूख और प्यास,ठंड से न तड़पे। सरकार की मंशा अनुसार न्यूरिया नगर पंचायत चेयरमैन रिहाना बेगम व ईओ हरिपाल गंगवार ने नगर पंचायत कार्यालय में खाली पड़े आवास में गरीब बेसहारा लोगों के लिए रैन बसेरा स्थापित किया है और उसमें खाने पीने और

रहने के लिए अच्छी तरह से व्यवस्था की गई है और नगर पंचायत कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि पूरे कस्बे में किसी भी सड़क पर कोई गरीब बेसहारा सड़क पर भूख और ठंड से न तड़पे अगर ऐसा कोई भी व्यक्ति आपको कस्बे में कहीं दिखाई दे तो उसे तुरन्त रैन बसेरा में लाया जाए। और उसे खाने पीने और सोने के लिए साफ सुथरे तरीके से वयवस्था की जाए।चैयरमैन रिहाना बेगम ने कहा इसमें किसी तरह की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ईओ हरिपाल गंगवार ने सभी कर्मचारियों की बैठक लेकर बेहतर साफ सफाई व्यवस्था के लिए सख्त निर्देश दिए हैं चेयरमैन रिहाना बेगम और ईओ हरिपाल गंगवार ने पूरी नगर पंचायत का सड़कों का निरीक्षण किया।सड़कों पर दुकानदारों के द्वारा अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण से चेयरमैन रिहाना बेगम काफी चिंतित दिखीं और उन्होंने जल्द से जल्द इससे निजात दिलाने के लिए कदम उठाए जाने की बात कही उनका कहना था कि पिछले शासन काल में जन प्रतिनिधियों ने क्या किया मुझे इससे कोई मतलब नहीं है मेरे शासन काल में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं है अतिक्रमण करने वाला कोई भी हो चाहें मेरा अपना सहयोगी हो या कोई और किसी भी कीमत पर अवैध रूप से अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।न्यूरिया की जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे सेवक चुना है मैं उसपर खरा उतरने के लिए हमेशा तत्पर हूं।

पति की गैरमौजूदगी में मनचले ने महिला से की छेड़छाड़

पीलीभीत। पति की गैरमौजूदगी में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया।विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज कर मारपीट की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दियूरियाकला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके पति बाहर रहकर मजदूरी करते हैं पति की गैरमौजूदगी में गांव का ही एक मनचला घर में घुस आया और महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा महिला द्वारा विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज कर मारपीट करने लगा शोर शराबा सुनकर पड़ोसी लोगों ने आकर बचाया जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया पीड़ित महिला ने अपने जेठ के साथ दियोरिया पुलिस को मामले की तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक गांव निवासी सर्वेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।मामले की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी बीसलपुर करेंगे।

विकास की कल्याणकारी योजनाएं घर-घर पहुंचाने का संकल्प यात्रा का प्रमुख उद्देश्य।

रामेश्वर। सेवापुरी विधानसभा के आराजी लाइन ब्लॉक के भेड़हा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लाभार्थियों को आवास, घरौनी, आयुष्मान कार्ड और किसान सम्मान निधि का प्रमाण पत्र वितरण किया गया जिसमें एमएलसी व जिलाध्यक्ष हंशराज विश्वकर्मा ने कहा कि

घर घर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही हमारा नैतिक दायित्व है जिसे भाजपा का हर नौजवान इसे जी जान से जुटकर पूरा कर रहा है। प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र बिन्द, बच्चन बिन्द, ग्राम प्रधान अजय गौतम, सतेंद्र सिंह नागवंशी, हरिशंकर विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

जिला पंचायत सदस्य की मातृ शोक

रामेश्वर पिंडरा सेक्टर दो के जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह रसूलपुर की माता मुन्नी देवी 85 वर्ष के उम्र में आज निधन हो गया।बताते चले मुन्नी देवी के दो पुत्र है जिसमे गौतम सिंह सबसे छोटे बेटे है।आज उनकी माता के देहांत की खबर सुनते ही जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य ने उनके परिवार को ढाढस देने घर

पहुंची जिनके साथ प्रधान पुत्र मनीष पाण्डेय सहित अन्य लोग शामिल हुए।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक संपन्न।

गौतम बुद्ध नगर 20 दिसंबर, 2023 जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में विगत दिवस अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपनिदेशक कृषि द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्तमान तक की प्रगति

सरकार गांवों में जन जन के विकास के लिए कटिबद्ध - पूनम मौर्य

रंजीत तिवारी रामेश्वर। वाराणसी क्षेत्र पंचायत सेवापुरी के आदर्श रूप में विकसित हो रहे ग्राम पंचायत जगापट्टी में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन चौपाल लगाया गया। जन चौपाल में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को बखूबी जानकारी दी गयी।चौपाल का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य ने मां सरस्वती के तैल पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार गांव के विकास के लिए तमाम जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं जो जनता हित में है। उस योजनाओं को जनता तक पहुंचने के लिए हम सभी जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य बनता है। गांव के विकास के लिए हम सभी के ग्राम प्रधान जी सभी योजनाओं का लाभ आप सभी तक पहुंचायेगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने में कहीं भी कोई दिक्कत हो तो आप ग्राम प्रधान जी से संपर्क कर उस योजना का लाभ ले सकते हैं। चौपाल की

अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव ने कहा कि संत की साधना जब मूर्त रूप लेती है तो एक धाम बनता है। जिस तरह से जनता ने मुझ जो विश्वास जताया उस पर खरे उतरकर गांव के चतुर्दिक विकास के लिए कटिबद्ध है।साथ ही जनता के प्रति आभार प्रकट किया।ग्राम प्रधान घनश्याम के द्वारा आये हुए सभी अतिथियों का बुके व माल्यार्पण कर अंगवस्तम देते हुए सम्मानित किया। चौपाल में गांवो में उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्राम प्रधान को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

चौपाल में स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, जल निगम , सिंचाई, बाल पुष्टाहार,खाद्य रसद, उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन , समाज कल्याण, पंचायती राज विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर ग्रामीणों को जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही उनके साथ हो रही समस्याओं का समाधान भी किया गया। जन चौपाल में ग्राम पंचायत अधिकारी श्याम नारायण ने बताया कि सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी देते हुए गोद भराई एवं अन्नप्राशन का भी कार्यक्रम कराया गया। चौपाल में भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, मंडल अध्यक्ष यतीश तिवारी, महामंत्री अरुण तिवारी, मंडल अध्यक्ष विपिन पांडेय , धर्मेंद्र कुमार कनौजिया, जितेंद्र जायसवाल, सुनील यादव, त्रिभुवन मौर्य, जेपी यादव, सुशीला देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

आईएलआई और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) के केसों के आरटीपीसीआर टेस्ट किए जाएंगें- स्वास्थ्य मंत्री

- अनिल विज ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व अन्य राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस की

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भविष्य में आईएलआई और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) के केसों का आरटीपीसीआर टेस्ट किया जाएगा।विज आज देश के कुछ राज्यों में हाल ही में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि और देश में कोविड-19 के जेएन.1 वेरिएंट के पहले मामले का पता चलने के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डा. मनसुख मांडविया तथा अन्य राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों एवं सचिवों के साथ सुरक्षा उपायों पर आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने आज सुझाव देते हुए कहा कि आईएलआई लक्षण और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) केसों में आरटीपीसीआर टेस्ट जरूरी होने चाहिए और कोविड-19 को नोटिफाई बीमारी घोषित करना चाहिए ताकि निजी अस्पतालों में कोई केस आए तो वह सीएमओ व सरकारी अस्पतालों को जानकारियां दें।उन्होंने कहा कि इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) मामलों की निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है, ताकि ऐसे मामलों की शुरूआती बढ़ती प्रवृत्ति का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने मॉकड्रिल की है और इस मामले में पूरी तैयारी है। हरियाणा में 238 पीएसए प्लांट चालू हालत में है। उन्होंने कहा कि उक्त बीमारी से लड़ने के लिए प्रदेश सरकार ने सबंधित विभाग को अलर्ट कर दिया है।पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग हुई है, जिसमे आईएलआई लक्षण और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) बारे गाइडलाइन पर चर्चा हुई है , इसके बाद राज्य स्तर की मीटिंग की गई है और जिसमें उपकरणों को जांचा गया है।

पिंजौर ब्लॉक के गांव गणेशपुर भौरिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत।

पंचकूला, 20 दिसंबर (प्रदीप कुमार) पिंजौर के गांव गणेशपुर भौरिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद का पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह भाहू ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। गांव के ग्राम सचिवालय में पहुंचने पर कालका से पूर्व विधायक लतिका शर्मा व सरपंच गाँव की श्रीमती चम्पा देवी और अन्य मौजीज लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सचिवालय गणेशपुर भौरिया में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। श्री भाहू ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

श्री वीरेंद्र भाहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का मकसद है 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इस

उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने विकसित भारत यात्रा का पूरे देश में आयोजन किया है। भारत के प्रधानमंत्री ने जनकल्याण के लिए अनेको कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। उनकी मनसा है जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाईन में खडे अतिम व्यक्ति तक पंहुचे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने विकसित भारत जन संवाद यात्रा के माध्यम से अनेको कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणें को उनके घरद्वार पर जाकर देना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा दी जा रही सर्विसिज के स्टाल लगाकर ग्रामीणों को परिवार पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड, आधार कार्ड, उज्जवला योजना, स्वरोजगार, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना तथा अन्य प्रकार की सुविधाये दी जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्टालों पर पंहुचकर उनका लाभ उठाने की अपील की और अपनी समस्याओं का निवारण करवाने की अपील की।

इस अवसर पर श्री वीरेंद्र भाहू ने पीएम वंदन योजना, अटल पैंशन, वृद्वावस्था सम्मान भत्ता, स्वस्थ बालक स्पर्धा, बुढापा पेंशन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभाथियो को योजनाओं के सर्टीफिकेट प्रदान किए।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

भाजपा की ओर बढ़ रहा है मुस्लिम समाज का झुकाव : जमाल सिद्दीकी

पीएम मोदी के नेतृत्व में सत्ता की हैट्रिक लगाने मे जुटा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

नागपुर : भाजपा कार्यालय मे अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष इदरीस मुलतानी के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी कार्यकारिणी सदस्य, लोक सभा प्रभारी सहप्रभारी एवं ज़िला अध्यक्षों ने हिस्सा लिया । भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी , महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने संबोधित किया। गौरतलब है की देश में अगले साल लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता की हैट्रिक लगाने की कोशिश में है। इसके लिए पार्टी इस बार मुस्लिम वोटरों को साधने की कोशिश कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा किसी जाति या धर्म की पार्टी नहीं है। यह ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्न के मूलमंत्र पर चलने

वाली पार्टी है। यही प्रमाण है कि मुस्लिम समाज का झुकाव भाजपा कि प्रति तेजी बढ़ रहा है। मोदी मित्र अभियान के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के लोगों को बड़ी संख्या मे भाजपा से जोड़कर उन्हें मोदी मित्र बनाना । यही इस बैठक उद्देश्य है। उन्होंने मोर्चा पदाधिकारियों से कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों, योजनाओं से मुस्लिम समुदाय को भी अवगत कराएं ताकि उन्हें पूरा लाभ मिल सके।मीडिया से बातचीत के दौरान जमाल सिद्दीकी ने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री ने अल्पसंख्यकों व गरीबों को मकान, निशुल्क सरकारी राशन, शौचालय एवं उज्ज्वला योजना का लाभ देकर उन्हें गरीबी की रेखा से ऊपर लाने का काम किया है। भाजपा ने अल्पसंख्यक महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाई है। सरकार की योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को हो रहा है। इससे अल्पसंख्यक भाईयों बहनों का विश्वास भाजपा व देश के प्रधानमंत्री पर है।इस मौके पर अल्प संख्यक स्नेह संवाद कार्यक्रम पश्चिम भारत के प्रभारी अतिफ रशीद, महारष्ट्र प्रदेश भाजपा के महामंत्री श्री संजय केनेकर आदि मौजूद रहे।

हरियाणा ने एमएचआरडी द्वारा मान्यता प्राप्त व्यावसायिक योग्यता मानकों को अपनाया

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) हरियाणा सरकार ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 13 मई, 2013 तक विधिवत मान्यता प्राप्त सभी पेशेवर निकायों/संस्थानों द्वारा प्रदत्त योग्यताओं अर्थात डिप्लोमा/डिग्री का लाभ रोजगार के उद्देश्य से बढ़ाने का निर्णय लिया है। ये योग्यताएं क्टए द्वारा मान्यता प्राप्त योग्यताओं और 31 अक्टूबर, 2017 को अक्ळळए द्वारा जारी सार्वजनिक नोटिस में शामिल योग्यताओं के समान हैं।

मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल द्वारा जारी एक पत्र में कहा गया है कि यह निर्णय इंस्टीट्यूशन ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (इंडिया) (सुप्रा) के मामले में माननीय शीर्ष न्यायालय के हालिया फैसले के मद्देनजर लिया गया है और विभिन्न व्यावसायिक निकायों/संस्थानों द्वारा प्रदान की गई योग्यताओं की मान्यता स्थिति की समीक्षा की गई है।मान्यता प्राप्त संस्थानों की सूची में हिंदी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद, इंस्टीट्यूशन ऑफ सिविल

इंजीनियर्स, लुधियाना, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सेरामिक्स, कलकत्ता, कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग, पुणे, इलेक्ट्रॉनिक्स एक्रिडिटेशन कंप्यूटर कोर्स विभाग (डीओईएसीसी) के तहत कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीएसआई) , इंस्टीट्यूशन मैकेनिकल इंजीनियर्स (भारत), मुंबई, टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर, वजीरपुर, दिल्ली, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ट्रेनिंग इन इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, बॉम्बे (एनआईटीआईई), इंस्टीट्यूशन ऑफ फायर इंजीनियर्स, भारत, इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर्स, नई दिल्ली, इंस्टीट्यूशन सर्वेक्षकों की टीम, ऑटोमोबाइल सोसाइटी, नेब सराय नई दिल्ली, इंडियन एसोसिएशन ऑफ मैटेरियल्स मैनेजमेंट, मद्रास/इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैटेरियल्स मैनेजमेंट, मद्रास, भारतीय नौसेना आईएनएस वलसुरा, भारतीय नौसेना शिवाजी और वलसुरा, आईएनएस (शिवाजी लोनावला और आईएनएस (वलसुरा) जामनगर) , इंस्टीट्यूशन इंजीनियर्स कोलकाता (भारत), एयरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया शामिल हैं।

हरियाणा प्रदेश की जनता मेरा परिवार है,किसी को दुखी नही होने दूंगा :-अनिल विज

नन्हीं बच्ची ने कहा, मेरी नानी नशीले पदार्थ बेचती है

चंडीगढ़(संदीप शर्मा)हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने बुधवार अंबाला में अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुना। करनाल से कई फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे जिनका आरोप था कि पुलिस मामलों में कार्रवाई नहीं कर रही है। गृह मंत्री अनिल विज ने इससे खफा हुए और उन्होंने मौके पर ही हरियाणा के डीजीपी को फोन कर करनाल में व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ह्लवह लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे और उनके द्वारा जो शिकायतें भेजी जाए उनका डीएसपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में निपटान किया जाए।ह्व विज ने करनाल एसपी को भी अलग-अलग मामलों को लेकर फोन लगाए और मामला दर्ज करने या कार्रवाई में देरी करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बुधवार को गृह मंत्री के आवास पर करनाल से आई महिला ने बताया कि उसके बेटे की कुछ माह पूर्व हत्या कर दी गई थी, लेकिन इस मामले में पुलिस ने अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। इसी तरह, करनाल से आए व्यक्ति ने बताया कि मारपीट मामले में उसने छह बार अलग-अलग दिनों में शिकायत की और इसके रसीदें भी उसके पास है। गृह मंत्री ने एसपी करनाल को फोन कर केस दर्ज

करने में हुई देरी का जवाब मांगा। साथ ही केस दर्ज नहीं करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह, करनाल से फरियादी ने बताया कि वाहन की खरीद-फरोख्त में झूठे दस्तावेज लगाकर ठगी की गई है। इस मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बावजूद कार्रवाई नहीं की। गृह मंत्री ने इस मामले में भी एसपी करनाल को कार्रवाई के निर्देश दिए व जांच में देरी करने वालों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए।करनाल में दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने पर भी एसपी को कार्रवाई के निर्देश गृह मंत्री द्वारा दिए गए।फतेहाबाद से आए फरियादी ने गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि जमीन में फर्जी दस्तावेजों के सहारे उसके साथ जमीनी धोखाधड़ी की गई है और बैंक से भी 28 लाख रुपए फर्जी दस्तावेजों के सहारे निकलवाए गए हैं। गृह मंत्री ने मामले की जांच के लिए एसपी को एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए।गृह मंत्री अनिल विज के पास अम्बाला शहर से आई नन्हीं बच्ची ने कहा कि उनकी नानी घर में ही नशीले पदार्थ बेचती है, बच्ची के साथ आए उसके परिवार सदस्यों ने बताया कि वह सभी इस मामले को लेकर परेशान है और बच्ची पर बुरा असर पड़ रहा है। गृह मंत्री ने मौके पर ही संबंधित थाना पुलिस को मौके पर छापा मार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।गृह मंत्री को सोनीपत से आई महिला ने शिकायत देते हुए बताया कि उसे पति व अन्य लोगों द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उसके साथ मारपीट गई व गत दिनों उसके अपहरण का प्रयास भी किया गया जिसमें उसका पति व अन्य शामिल थे। गृह मंत्री ने मामले में एसआईटी गठित कर सोनीपत एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह, नूंह से आए फरियादी ने मारपीट मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी, वहीं पलवल से आई महिला ने हत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने, रोहतक निवासी व्यक्ति ने उसे फर्जी केस में फंसाने का आरोप लगाया, यमुनानगर निवासी व्यक्ति ने ट्रक खरीदने के नाम पर ठगी का आरोप लगाया जबकि अन्य कई मामले सामने आए जिन पर गृह मंत्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए।

ऊर्जा राज्य मंत्री ने किया राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के अधिवेशन का उद्घाटन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना लखनऊ। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश के 76 वें वार्षिक महा अधिवेशन का भव्य उद्घाटन ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर द्वारा किया गया। संगठन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूम में पधारे ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर ने कहा कि विद्युत अभियंताओं की कार्यकुशलता एवं मेहनत की बदौलत प्रदेश उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने कहा कि सभी अभियंताओं एवं ऊर्जा परिवार को मिलकर हमें इस प्रकार का कार्य करना चाहिए की उपभोक्ताओं का विश्वास विद्युत अभियंताओं के प्रति और बढ़े। साथ ही मंत्री ने रविंद्रालय में प्रदेश के कोने-कोने से आए हजारों विद्युत अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं मुख्यमंत्री से मिलकर आपकी समस्याओं का समाधान कराऊंगा तथा हम सब मिलकर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को बेहतर उपभोक्ता सेवा प्रदान करेंगे। ऊर्जा राज्य मंत्री द्वारा संगठन प्रतिनिधियों से प्रति माह बैठक कर बेहतर उपभोकता सेवा और मांगों / समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान किया जायेगा।

महाधिवेशन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में जूनियर इंजीनियर और प्रोन्नत अभियंताओं ने प्रतिभाग किया तथा बेहतर उपभोक्ता सेवा हेतु प्रस्ताव और संवर्ग की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस-

के साथ ही संगठन ने मुख्यमंत्री / ऊर्जा मंत्री से दिनांक 3/12/2022 को हुए समझौते को अतिशीघ्र लागू करने की मांग की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष इंजीनियर जयप्रकाश ने की तथा कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय महासचिव इंजीनीयर जीबी पटेल ने किया एवं मुख्य अतिथि के सामने

संगठन का मांग पत्र वह समस्याओं को रखा अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों के संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया जिसमें विशेष रूप से आल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर आर के त्रिवेदी, महासचिव इंजीनियर अभिमन्यु धनकर, आल इंडिया फेडरेशन ऑफ डिप्लोमा इंजीनियर के सलाहकार इंजीनियर सुधीर पवार, डिप्लोमा महासंघ उत्तर प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष इंजीनियर एच के मिश्र, महासचिव इंजीनियर नितिन श्रीवास्तव आदि ने प्रदेशभर से आए जूनियर इंजीनियर एवम प्रोनत्त अभियंताओं को महाधिवेशन की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर संगठन के संरक्षक इंजीनियर सतनाम सिंह,संगठन के मार्गदर्शक इंजीनियर सुशील चंद्र दिक्षित,इंजीनियर एसबी सिंह इंजीनियर, इंजीनियर एस एम सिंह, इंजीनियर एस. पी. सिंह इंजीनियर सुरेश चंद्र सिंह सहित संगठन के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

छात्र-छात्राओं को दी गई आग से बचाव की जानकारी

दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास

अग्निशमन विभाग द्वारा बुधवार को दावथ प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय चतरा में कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को आग से बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को माकड्रिल के माध्यम से अग्नि सुरक्षा की जानकारी दी गई। कर्मियों ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को पहले तो अग्निशमन उपकरणों की जानकारी दी। फिर उन्होंने उपकरणों के इस्तेमाल करने का तरीका भी समझाया। कहा की आग लगने के दौरान उस पर कैसे काबू पाना है। और अपने साथ-साथ किसी दुसरे को भी कैसे सुरक्षित किया जा सकता है।

कहा की अपने आस-पास के अधिक से अधिक लोगों को अग्नि सुरक्षा संबंधी बचाव की जानकारी देना राष्ट्रहित में हैं।अग्निशमन विभाग के कर्मी ने कहा कि जब गैस

सिलेंडर में आग लग जाए तो घबराना नहीं चाहिए बल्कि उसका मुकाबला धैर्य के साथ करना चाहिए। बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आग को लेकर हमेशा सतर्क रहने की जरूरत है।आग से सुरक्षा की जानकारी विस्तार से देते हुए कहा कि सीढ़ी पर भी आग से सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। समान की परवाह नहीं कर अपनी जान बचाना चाहिए और तुरंत खुले में चले जाना चाहिए। मौके पर अग्निकचालक सुनील कुमार पासवान व गृहरक्षक मनोज कुमार शिक्षक मो०अजहर , रामनारायण,अजय कुमार रूबी कुमारी प्रमोद कुमार धर्मेंद्र कुमार सिंह विमल कुमार देवेंद्र कुमार उपाध्याय मौजूद थे।

बेनसागर में आयोजित जनकल्याण शिविर में आयें 149 आवेदन

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

रोहतास जिला पदाधिकारी रोहतास नविन कुमार के निर्देश पर काराकाट प्रखंड के पंचायत सरकार भवन बेनसागर में जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से जुड़े 149 आवेदन दिये। जिसमें सबसे अधिक 105 आवेदन आवास योजना को लेकर है। इसके अलावा राशनकार्ड के लिए 32, समाजिक सुरक्षा से 01, आईसीडीएस से 04, राजस्व से 7 आवेदन प्राप्त हुए हैं। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार सिंह, प्रभारी अंचलाधिकारी चंदन कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजय कुमार शर्मा, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय मिश्रा, प्रखंड संख्याकी पदाधिकारी अनूज कुमार, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा. राकेश

कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक कौशलेंद्र शर्मा, आवास पर्यवेक्षक सुरेन्द्र सिंह, विधुत अभियंता देवाशीष सिंह, महिला पर्यवेक्षिका बाली कुमारी, रूकसना खातुन, आपूर्ति से जितेंद्र कुमार, सामाजिक सुरक्षा से शोभराज कुमार, मुखिया अनिल सिंह, पंचायत सचिव शैलेन्द्र कुमार, कार्यपालक सहायक भावना कुमारी सहित सभी विभाग के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और कर्मचारी तथा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस मौके पर मुखिया अनिल सिंह ने कहा कि पंचायत के सभी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किये जाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए लगातार संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के संपर्क में रहेंगे, ताकि ससमय सभी समस्याओं का समाधान हो सके।मुखिया श्री सिंह ने कहा कि पंचायत की जनता की सेवा हीं हमारा धर्म है जिसे निभाता रहूंगा।

प्याज से भरा ट्रक चाट में पलटा

दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास

रोहतास जिला अंतर्गत दावथ थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 30 मार्ग पर पररिया

मोड के समीप प्याज लदा ट्रक चाट में पलट गया। जिसमें ड्राइवर व खलासी बाल बाल बच गये। जानकारी के अनुसार ट्रक नम्बर युपी 63ए टी 1647 मध्य प्रदेश से असाम की तरफ जा रही थी, तभी पररिया गांव के समीप निलगाय अचानक सामने आ गई। जिसके कारण ड्राइवर संतुलन खो बैठा और गाड़ी चाट में पलट गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

रोहतास जिला के काराकाट पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त

कर लिया है। जानकारी देते हुए काराकाट थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कुरुर से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर लिया है।उन्होंने कहा कि जब्त ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के पास रिपोर्ट भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि जब्त ट्रैक्टर को स्थानीय पुलिस की निगरानी में रखा गया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जिलास्तरीय वितरण किया राम मंदिर कलश अक्षत

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा राम मंदिर गृह संपर्क अक्षत वितरण जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजित कार्यक्रम तहत रोहतास जिला के आठ प्रखंड सहित दो नगर क्षेत्र में अक्षत कलश का वितरण हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यवाह दुर्गेश कुमार सिंह ने की। इस मौके पर कार्यकर्ता सहित लोगों संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि राम मंदिर का निर्माण नही यह एक सनातन राष्ट्र का पुनः निर्माण हो रहा है। जो भारत पुनः विश्व गुरु बनने के पथ पर अग्रेसर हो चला है। वही देश के राम मंदिर के लिए हमारे राष्ट्र भक्तों ने अपने प्राण तक निछावर कर दिए है। जो विगत 1992 के कार सेवकों को सच्ची श्रद्धांजलि 22 जनवरी को स्थापित करके सनातनी उन्हें देंगे। मौके पर जिला कार्यवाह संतोष कुमार ने लोगों के घरों तक कलश अछत पहुंचाते हिन्दू सनातन शक्ति

को जागृत करने का अपील किया। दूसरे तरफ इस अवसर पर गांव सहित पूरा शहर जय श्रीराम के भक्तिमय स्वर से गंजमय रहा। इस अवसर पर विश्वनाथ, संतोष कुमार,ओम नारायण सिंह, रामजी चौधरी, अनिल सिंह, पुजारी बबलू पंडित, धीरेंद्र कुमार, अनिल कुमार, अशोक कुमार , दीनानाथ, चंदन, बलराम पांडे, विवेक कुमार, रिशु सिंह , सौरभ, अविनाश, बबलू , रौशन व जिला प्रचार प्रमुख दीपक कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आंगनवाड़ी केंद्रो पर सामाजिक अंकेक्षण हेतु बैठक का आयोजन

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि दिनारा रोहतास

रोहतास जिला स्थित दिनारा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर आईसीडीएस द्वारा अलग-अलग आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं को ज्यादा पारदर्शी व प्रभावी बनाने के लिये प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का सोशल ऑडिट कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सेविका के नेतृत्व में आयोजित सामाजिक अंकेक्षण में पोषक क्षेत्र के अभिभावक, वार्ड सदस्य एवं सामाजिक अंकेक्षण कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। जहां आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन से संबंधित पंजी व केंद्र के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं को लेकर इन बैठकों में विस्तृत चर्चा की गयी। ग्रामीण इलाके के आंगनबाड़ी केंद्रों पर सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय वार्ड सदस्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें कि अध्यक्ष वार्ड सदस्य के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिये जाने वाले लाभ की गुणवत्ता पर बैठक पर विशेष रूप से चर्चा की गई। प्रखंड के करंज पंचायत अन्तर्गत सेविका प्रज्ञा दूबे परानपुर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-58 का वार्ड सदस्य ओमप्रकाश पासवान ने अवलोकन कर बच्चों की उपस्थिति पंजी, लाभार्थियों को पूरक पोषाहार, टीकाकरण पंजी वृद्धि मानकों का रजिस्टर, कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों का सूची, सामाजिक अंकेक्षण के समिति की कार्रवाई पंजी, शुद्ध पेयजल, ऊंचाई मापने हेतु इंची टेप, स्कूल पूर्व शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन कर समाजिक अंकेक्षण किया गया। इस बैठक में उपस्थित लाभुकों को स्कूल पूर्व शिक्षा का लाभ, टीकाकरण, पूरक पोषाहार, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा, संदर्भ सेवाएं, स्वास्थ्य जांच, इत्यादि के बारे में जानकारी ली गई जो कि सभी केंद्रों पर लाभुकों के द्वारा संतोषप्रद जवाब दिया गया।

अंकेक्षण बैठक के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पेयजल की उपलब्धता, खेलकूद, भोजन, स्वच्छता संबंधी मामलों की समीक्षा करते हुए इसमें सुधार को लेकर जरूरी निर्देश दिये गये। इस क्रम में कुछ ग्रामीणों ने अतिकुपोषित बच्चों की संख्या व उनके पोषण स्तर में सुधार के लिए केंद्र के माध्यम से किये जा रहे प्रयासों के संबंध केंद्र की सेविका प्रज्ञा दूबे से जरूरी पूछताछ की। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्र पर उपलब्ध आधारभूत संरचना, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, शौचालय के इंतजाम, खाना बनाने में प्रयुक्त वर्तन सहित अन्य चीजों का बारीकी से मुआयना किया।

वही महिला पर्यवेक्षिका ज्योति कुमारी ने बताया की सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन वर्ष में दो बार की जाती है। पहले माह जून व दूसरे माह दिसंबर में की जाती है।

इससे केंद्रों की गुणवत्ता में सुधार होती है एवं इसकी समीक्षा की जाती है।

सामाजिक अंकेक्षण के संबंध में बताते हुए सीडीपीओ शशि कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लोगों को उपलब्ध कराये जाने वाली सुविधाओं को प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिये सामाजिक अंकेक्षण बैठक का खासा महत्वपूर्ण है। बैठक में वार्ड सदस्य के अलावे अन्य लाभुक व ग्रामीण मौजूद थे।

पुलिस ने हत्याकांड के दो आरोपित को किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि संझौली रोहतास

रोहतास जिला अंतर्गत संझौली थाना क्षेत्र के गड़ूरा गांव से मंगलवार की रात पुलिस ने छापेमारी कर एक हत्याकांड मामले में दो आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या- 127/23 के मामले में दो आरोपित को थाना क्षेत्र के गड़ूरा गांव से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कुंदन कुमार व विवेक कुमार पिता उपेंद्र कुमार सिंह जो गड़ूरा गांव के निवासी हैं। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायालय के आदेशअनुसार जेल भेजा गया। विदित हो कि 10 सितंबर 2023 को राजपुर मार्ग पर गड़ूरा मोड़ के समीप जख्मी हालत में मिले एक युवक की इलाल के दौरान मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद मृतक के पिता धनजी सिंह द्वारा गड़ूरा गांव के ही सात लोगो के ऊपर स्थानीय थाने में प्राथमिकी कराई गई थी। अबतक इस मामले में चार की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य आरोपित को गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

कोचस में जिलाधिकारी ने किया जनसंवाद कार्यक्रम

दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास

रोहतास जिले के कोचस प्रखंड अंतर्गत परसथुआ गिरीश नारायण महा विद्यालय मैदान में बुधवार को प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त शेखर आनंद ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान लोगो की समस्याए सुनी। इस कार्यक्रम के दौरान एडीएम चंद्रशेखर सिंह, एसडीएम आशुतोष रंजन, सीएस के. एन. तिवारी, डीटीओ रामबाबू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मुखिया संघ ने प्रभारी जिलाधिकारी सहित मंचासीन पदाधिकारी को बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चियों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रस्तुत गीत पर खुश होकर उप विकास आयुक्त ने बच्चियों को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त शेखर आनंद नें पंचायत में होने वाले लोहिया स्वच्छता को लेकर विशेष जानकारी दी। जॉब कार्ड, बेरोजगारी भत्ता अधिसूचित मजदूरी व अन्य संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी दी। वही सुनवाई के दौरान प्रखंड के विभिन्न महिलाओ के द्वारा आवास योजना, राशनकार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन सहित कई समस्याए रखी। जहाँ जिलाधिकारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करने को लेकर विभाग के पदाधिकारी को दी। वही अंचल कार्य में परिमार्जन, म्यूटेशन व जमीन संबंधित समस्याएँ को लेकर कार्य करने का प्रभारी अंचलाधिकारी को निर्देश दिया। वही डीएम ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र - छात्राओं के बीच स्कॉलरसीप चेक , कौशल विकास व अन्य संबंधित विभाग के प्रशस्तिपत्र सौपा । वही छात्राओं को शिक्षा से संबंधित सुविधाओं को लेकर काफी सराहा। वही लहेरी पंचायत के पूर्व मुखिया धन्नंजय सिंह ने गलत ढंग से कोचस फ्लाईओवर बनने व परिमार्जन व खाता, खेसरा संबंधित अंचल में कार्य न करने को लेकर एडीएम चंद्रशेखर सिंह से सवाल खड़ा किया। वही इसको लेकर एडीएम ने बहुत जल्द कार्य करने को लेकर अश्वासन दिये। डिहीटा गांव के बेचन राम ने गली- नली को लेकर सवाल पर बीपीआरओ को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिए। बीडीसी धन्नंजय शर्मा ने परसथुआ में एक से चार वार्ड में पीएचडी का नल का जल को लेकर नही मिलने को लेकर प्रभारी जिलाधिकारी के समझ रखा। वही प्रभारी जिलाधिकारी सह डीडीसी ने जेई को दो दिन में जल्द से जल्द सुधार करने का निर्देश दिए। पीएचसी परसथुआ में स्वास्थ्य कर्मी का समयानुसार नही आने का मामला प्रकाश में आया तो डीडीसी शेखर आनंद भड़क गये उन्होंने तुरंत सिविल सर्जन को इस मामले में संज्ञान में लेने के लिए निर्देश दिए। वही जिला पार्षद कोचस पश्चिमी ने कथराई परसथुआ भवन निर्माण को लेकर स्वास्थ्य केंद्र के लिए सवाल किया । वही इस दौरान सभी विभागों से 155 आवेदन प्राप्त हुआ।

जिस आवेदन को स्क्रूटनी कर संबंधित विभाग को सौंपा जायेगा। स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड के लाभार्थी छात्रा सलोनी कुमारी ने शिक्षा को लेकर अग्रसर शिक्षा को लेकर बिहार सरकार को धन्यवाद दिया। एडीएम चंद्रशेखर सिंह ने लोगों के सभी समस्याओं से अवगत होकर जल्द से जल्द कार्यो का निष्पादन करने को लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये।

मौके पर डीपीओ रविंद्र कुमार, बाल संरक्षण धर्मवीर सिंह, समाजिक सुरक्षा राजीव रंजन, जिला सहकारिता पदाधिकारी अरविंद पासवान,अनुमंडल लोक शिकायत अविशेक राज, बीडीओ दीप चंद्र जोशी, अंचलाधिकारी राकेश शर्मा , प्रखंड प्रमुख ललिता देवी , सीडीपीओ रूबी कुमारी, जिला पार्षद नीलम पटेल , जिला पार्षद विनय पाल, मुखिया दामोदर सिंह , मुखिया निर्मला देवी, अंम्बिया खातून, मुखिया प्रतिनिधी जोखन ,बीडीसी धन्नंजय शर्मा , दुर्गेश ओझा सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

नोखा विधानसभा कोर कमेटी का बैठक हुआ संपन्न

दैनिक समाज जागरण नसीम शाह नोखा रोहतास

रोहतास जिले के नोखा प्रखंड अंतर्गत काली मंदिर धर्मशाला नोखा में बुधवार को की गई। कोर कमेटी के मुख्य अतिथि नोखा विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया एवं लोक सभा प्रभारी अनिल सिंह उपस्थित रहे । कोर कमिटी का बैठक का संचालन जिला महामंत्री सह नोखा विधानसभा प्रभारी विजय सिंह ने किया । बैठक का मुख्य विषय नोखा विधान सभा में पड़ने वाले मंडल एव प्रखण्ड की बैठक की तिथि रखी गई। बैठक में विकसित भारत संकल्प भारत के अंतर्गत मोदी जी की गारंटी वाली पंचायतों में चल रही वैन विश्वकर्मा योजना , रामलला दर्शन, 25 दिसम्बर अटल जयंती के साथ- साथ मंडल कार्य समिति मोर्चा कार्य समिति,के साथ -साथ बूथ कमिटी बनाने को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई । बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल और धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह ने किया। बैठक में भाजपा के पूर्व विधायक रामेश्वर प्रसाद चौरसिया ने भाजपा के कार्यकर्ताओ को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि तीन

राज्य में जीत बता रही है कि प्राधानमंत्री की योजना लोगो में कितना लोकप्रिय है। सरकार काम कर रही है। विपक्ष केवल आलोचना कर रही है , जनता साथ है। नीतीश कुमार को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ थे तो बेहतर काम किया था। अब इन पर उम्र हावी है। इस लिए बिहार में विकास भाजपा ही कर सकती है। राज्य सरकार पर कहा कि केन्द्रीय परिवहन मंत्री ने राज्य सरकार ने जमीन उपलब्ध कराया होता तो कई नई सड़क बन जाती। आज भारत प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकास कर रही है।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुशवाहा ,जिला मंत्री रेशमा पटेल , सुनीता गुप्ता , प्रदेश प्रवक्ता गांधी चौधरी ,मंडल अध्यक्ष राजपुर दीपक गुप्ता ,नासरीगंज नगर अध्यक्ष लालबाबू प्रसाद , ग्रामीण कनकधीर उपाध्याय , लोक सभा संयोजक नवीनचंद्र साह, लोक सभा विस्तारक केशव प्रसाद, जितेंद्र सिंह, उमा शंकर प्रसाद, कौशल श्रीवास्तव, चंद्रमा सिंह ,सरिता देवी ,अजय शौंडिक, रामप्रवेश साह, ललन पंडित ,मदन चौधरी ,अवध किशोर पाण्डेय ,सुनील राय ,नोखा विधान सभा विस्तारक उदय पांडे ,विनोद गुप्ता सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे ।

सफलता किसी परिचय का मुहताज नही - विवेक पांडेय सोनू

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास

रोहतास जिले के न्यूज 18 के जिला संवाददाता अजीत कुमार के 7 वर्षीय

पुत्र अद्वैत का चयन यूनिक अचीवमेंट अवार्ड के लिए बेंगलुरु के संस्था (साइक्लोजिकल रिसर्च ऑफ इंडिया) के द्वारा चयन वर्ष 2023 के लिए किया गया है। इस मौके पर शाहाबाद प्रक्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी विवेक कुमार पांडेय उर्फ सोनू पांडेय ने खुशी के पल को साझा करते हुए अद्वैत कुमार को बहुत सारा आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी । उन्होने कहा कि सफलता किसी परिचय का मुहताज नही होती है। हम अद्वैत कुमार के लिए माँ विंध्यवासिनी से कामना करते हैं कि अद्वैत बाबु को उत्तम स्वास्थ्य, दिघार्यु तथा आने वाला प्रत्येक दिन आपके जीवन में अनेकानेक सफलताएं एवं आपार खुशियों से भरी रहे । अद्वैत कुमार के यश, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, आदर्श, कीर्ति, विकाश, सुख, समृद्धि, वैभव आपके जीवन के पथ पर आजीवन गतिमान बनाए रखें।

सौरभ सिकरीवाल ने किया शहीद भगत सिंह क्रिकेट फाइनल मैच का उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण ददन सोनी अकोढ़ी गोला रोहतास

रोहतास जिला अंतर्गत डेहरी प्रखंड अंतर्गत बेरकप पंचायत के भरकुड़िया खेल मैदान में शहीद भगत सिंह क्रिकेट फाइनल मैच का उद्घाटन दिन बुधवार को मुख्य अतिथि सौरभ सिकरीवाल एवं विशिष्ट अतिथि ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन अनुमंडल कमेटी डेहरी के अध्यक्ष श्री हरि शंकर प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। विशिष्ठ अतिथी श्री हरिशंकर प्रसाद सिंह ने सौरभ सिकरीवाल को बुके देकर स्वागत किया। फाइनल मैच रोहतास बनाम रांची फाइटर के बीच खेला गया जिसमें रोहतास की टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 12ओवर में 106 रन बनाकर 107 रन का लक्ष्य रांची फाइटर को दिया। रांची फाइटर की टीम 12 ओवर की समाप्ति पर 78 रन

बनाकर ऑल आउट हो गई वही रोहतास की टीम ने 28 रन से जीत हासिल किया।जिसमें अंपायर की भूमिका सनोज कुमार सिंह एवं संजीत कुमार ने निष्पक्ष रूप से निभाया, कमेंट्री कुमार विनीत ने किया। मुख्य अतिथि सौरभ सिकरीवाल द्वारा विजेता टीम को बीस हजार नगद सहित ट्रॉफी दिया गया।एवं उपविजेता टीम को हरिशंकर प्रसाद सिंह द्वारा दस हजार नगद सहित ट्रॉफी दिया। मैन ऑफ द मैच सोनू कुमार को होम थिएटर एवं मैन ऑफ द सीरीज को रेंजर साइकिल दिया गया। मैच के दौरान पैक्स अध्यक्ष सुशील सिंह, उपमुखिया गुप्तेश्वर सिंह,धनोज कुमार सिंह, मनिष सिंह, गोविंद सनी मुन्ना सहित अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

अज्ञात चोरो ने रात्री मे एक पशुपालक की दो भैंस की चोरी

दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास

जिले मे चोरी की घटाना दिन पर दिन बढ़ती जा रही है जीसको लेकर आम जन परेशान है। मंगलवार की रात्री मे थाना क्षेत्र के गंगवलिया बन इस्थित एक पशुपालक के घर से अज्ञात चारो ने दो भैस की चोरी कर ली है। उक्त भैस पिंटू कुमार राय की बताई जा रही है। चोरी गई भैसो की कीमत एक लाख से ऊपर की बताई जा रही है।पीड़ित पिंटू कुमार राय ने बताया कि रात्री मे गौशाला मे भैसो को बांध कर सोने चले गए , जब सुबह मे हम गौशाला मे मवेशियो को चारा डालने के लिए गाए तो देखा कि दरवाजा खोल भैस की चारो ने चोरी कर ली है। इस तरह की हो रही घटनाओं से लोगो मे दहशत पैदा हो गया है। वही इस घटना की जानकारी कोचस पुलिस को दे दी गई है।

प्रखंड स्तरीय किसान दिवस समारोह का किया गया आयोजन

दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर

जिले के चरपोखरी प्रखंड परिसर अंतर्गत डेयरी हॉल में फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा मशाल पटना के सौजन्य से किसान दिवस के उपलक्ष में समारोह का आयोजन किया गया।निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का आयोजन कर भारी संख्या में किसानों का जांच डॉ शबनम तथा डॉ रोहित द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी चरपोखरी तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विजय मिश्रा,किसान कॉर्डिनेटर,आत्मा अध्यक्ष एवं मशाल पटना से सिस्टर दीपिका तथा अल्मा उपस्थित रही।कार्यक्रम की शुरआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा एफ.पी.ओ की निर्देशिका रंजिता राज तथा प्रभावती जी द्वारा प्रार्थना गीत गाकर किया गया।एफपीओ का रिपोर्ट आतिश चौबे द्वारा प्रस्तुत किया गया,एवम संचालन निशांत पल्लव रॉय द्वारा किया गया।सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी तथा प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ने किसानों तक विभागीय मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया।समारोह में आरा हरियाली एफपीसी,देहात,शक्तिवान ग्रुप, सरस्वती हित समूह,आजाद हनी, चरपोखरी एफपीसी महिला किसानों द्वारा उत्पादित सत्तू बेसन,हैंडक्राफ्ट प्रोडक्ट का स्टॉल लगाया गया।समारोह में प्रियंका,फूलकुमारी,कलावती,मंजू,संजू,अनीता,सरस्वती देवी,प्रमोद,तेज नारायण,समेत भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केंद्र का हुआ सामाजिक अंकेक्षण

दैनिक समाज जागरण के के रंजन कोईलवर भोजपुर

भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड के समाज कल्याण विभाग पटना के पत्रांक 708 के निर्देश के आलोक में कोईलवर प्रखंड के गोपालपुर पंचायत में बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 184 लोदीपुर का सामाजिक अंकेक्षण पूर्वाह्न 11 बजे शुरू किया गया। इसके आलोक में केंद्र के सभी वयस्क व लाभार्थी महिलाओं की एक आमसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोसल ऑडिट में यह पाया गया कि केंद्र का संचालन नियमानुसार किया जा रहा है।सेविका और सहायिका के कार्यों की सराहना की गई ।बच्चों की उपस्थिति पंजी की समीक्षा की गई।सभी लाभार्थियों के टी एच आर

वितरण पंजी की समीक्षा की गई और कार्य को संतोषजनक पाया गया।आय व्यय की समीक्षा के साथ साथ वितरण व भंडार पंजी की समीक्षा में कार्यों को संतोषजनक पाया गया ।पोषण की स्थिति ,ग्रोथ चार्ट ,शून्य से 03 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण ,कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों की संख्या ,जन्म के तुरंत पश्चात 6 माह तक केवल स्तनपान ,ऊपरी आहार का सही समय पर शुरूआत व 2 वर्ष तक लगातार इसकी समीक्षा के साथ साथ सामाजिक अंकेक्षण के मुख्य केंद्र रहे । इस अवसर पर केंद्र की सेविका अमृता कुमारी व सहायिका चंद्रावती कुंवर उपस्थित रहीं। आम सभा में कई स्त्री और पुरुष भी मौजूद रहे।

गरीबों के लिए खोला गया शैक्षणिक संस्थान

दैनिक समाज जागरण दीपक कुमार सिंह रोहतास

रोहतास जिला के नौहट्टा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को देवीपुर में शैक्षणिक संस्थान का उद्घाटन किया गया मौके पर सूर्यदेव चौहान बोले की जो गरीब बच्चे हैं या जिन बच्चों का पिता नहीं है उनके लिए निशुल्क पढ़ाई दिया जाएगा और साथ ही साथ बोले की बच्चे अगर आगे पढ़ना चाहते हैं तो उनके लिए हमेशा साथ खड़ा रहेंगे उन्होंने बताया कि यही बच्चे हमारे देश के भविष्य है। यह शैक्षणिक संस्थान सभी के लिए है।'

आंगनवाड़ी केंद्रों में सामाजिक अंकेक्षण हेतु बैठक आयोजित

दैनिक समाज जागरण विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग के पत्र के आलोक में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें अध्यक्ष वार्ड सदस्य /वार्ड पंच के द्वारा आंगनबाड़ी सेविका से मिलने वाली लाभ की गुणवत्ता पर वैठक पर विशेष रूप से चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता बाल बिकास परियोजना पदाधिकारी राधिका रमन ने की।केंद्रों का अवलोकन कर बच्चों की उपस्थिति पंजी,लाभार्थियों को पूरक पोषाहार,टीकाकरण पंजी वृद्धि मानकों का रजिस्टर, कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों का सूची ,सामाजिक अंकेक्षण के समिति की कार्रवाई पंजी शुद्ध पेयजल हेतु फिल्टर की उपलब्धता,ऊंचाई मापने हेतु इंची टेप,स्कूल पूर्व शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन कर समाजिक अंकेक्षण किया गया।बैठक में मनीषा चौरसिया,आरजहा खातून,अप्सना खातून,सरिता कुमारी,मनोज पाठक,माधुरी कुमारी,मुनमुन सिंह, विजय चौरसिया,मनोज साह,रविंद्र साह सहित वार्ड सदस्य के अलावे अन्य लाभुक व ग्रामीण मौजूद थे।

आंगनबाडी केन्द्रों को नजदीक के विद्यालय में शिफ्ट करने का निर्देश

दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर

भोजपुर जिले में पीरो के निजी या किराये के भवनों में संचालित आंगनबाडी केन्द्रों को नजदीक के सरकारी विद्यालय में शिफ्ट करने के विभागीय आदेश के आलोक में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पीरो ने बरांव पंचायत के मुखिया सहित अन्य मुखिया को पत्र लिखकर अपने पंचायत अंतर्गत आंगनबाडी केंद्रों को तत्काल नजदीकी विद्यालय में शिफ्ट कराने का अनुरोध किया है। बरांव पंचायत के मुखिया को प्रेषित पत्र में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने कहा है कि नियमानुसार कोई भी आगंनबाडी केंद्र निजी या किराये के मकान में नहीं संचालित होना चाहिए। इस बात को ध्यान में रखकर सभी आगंनबाडी केंद्रों को नजदीक के विद्यालयों में शिफ्ट कराया जाएगा। विभागीय निदेर्शानुसार कक्षा दो तक के छात्रों को आगंनबाडी से जोड़ना है। इसके लिए विद्यालय के किसी शिक्षक को नामित कर आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाना है।